संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 200
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
मंगलवार 22 सितम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

# प्रात:काल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित




# छोटी घटनाएं बड़ी न बनें, नजर रखें डीएम-एसपी : योगी

## सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचें प्रशासन व पुलिस के आलाधिकारी

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में वैमनस्यता फैलाने वाले लोग मामूली घटनाओं को बड़ा बनाना चाहते हैं। ऐसे में जनपदों में हर छोटी से छोटी घटना पर जिलाधिकारी व एसपी स्वयं नजर रखें। तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों की सुनवाई करें और दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई कर मामलों का पटाक्षेप कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि छोटी-छोटी घटनाओं में भी उदासीनता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मुख्यमंत्री हर पीड़ित से मिले। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना। मुख्यमंत्री ने



प्रशासन, पुलिस, राजस्व, विद्युत आदि से जुड़ी शिकायतों का प्रार्थना पत्र लेते हुए कहा कि सरकार साढ़े 9 वर्ष से बिना भेदभाव हर पीड़ित की उचित समस्या का समाधान करा रही है। अधिकारी संवेदनशील होकर जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें। पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं, मरीजों के इलाज की व्यवस्था कराएं और भूमाफियाध्दबंगों पर कठोरतम कार्रवाई करें। पुलिस व राजस्व से जुड़ीं शिकायतें अधिक रहीं। इस पर मुख्यमंत्री सख्त हो गए। पुलिस कमिश्नर, एडीजी, आईजी, डीआईजी, एसएसपी स्तर के अधिकारी नियमित रूप से जनसमस्याओं का जनपदों में निराकरण कराएं। यदि किसी मातहत द्वारा लापरवाही की शिकायत मिले तो उस पर भी कार्रवाई करें। सीएम ने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। मां के साथ आए नन्हे बच्चे से मुख्यमंत्री ने हालचाल पूछा। फिर पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उसकी तरफ चॉकलेट बढ़ाई तो उसने झट से चॉकलेट ले ली। फिर सीएम ने चॉकलेट वापस मांगी तो बच्चे ने मना कर दिया। इस पर पूरा हॉल खिलखिला उठा। मुख्यमंत्री ने सुखद भविष्य का आशीर्वाद देते हुए बच्चे से मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा।

## आवारा मवेशियों के मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचा एनएचएआई, शेल्टर होम बनाने के निर्देश पर जताई चिंता

नयी दिल्ली,एजेंसी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने आवारा कुत्तों और मवेशियों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। इसमें देशभर में आवारा मवेशियों के लिए शेल्टर होम बनाने के निर्देश पर चिंता जताई गई है। एनएचएआई का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश दिया है कि वह पूरे देश में आवारा पशुओं के लिए शेल्टर होम बनाए, लेकिन ऐसा करने में लगभग सात हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। उसने तर्क दिया कि इसके बजाय स्थानीय जिला प्रशासन को शेल्टर होम बनाने चाहिए। याचिका में सुनवाई के लिए जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस संजय कुमार की एक स्पेशल बेंच बनाने की मांग की गई। एनएचएआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने मामला रखा।

## ओडिशा में पाठ्यपुस्तकों में गलतियों का विरोध
# कॉजपा ने मांगा मंत्री नित्यानंद गोंड का इस्तीफा

नयी दिल्ली,एजेंसी। कॉंकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) ने स्कूली पाठ्यपुस्तकों में कथित गलतियों के लिए ओडिशा के स्कूल और जन शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड के इस्तीफे की मांग को लेकर जारी नवनिर्माण युवा छात्र संगठन (एनवाईएसएस) के सत्याग्रह को सोमवार को अपना समर्थन दिया। कॉजपा के सह-संयोजक सौरव दास ने कहा कि पार्टी स्कूली शिक्षा में सुधारों और पाठ्यपुस्तकों में गलतियों के लिए जवाबदेही तय करने की कार्यकर्ताओं की मांग का समर्थन करती है। दास पार्टी के स्कूल ठीक करो अभियान के तहत शहर में थे। उन्होंने कहा, "कॉजपा, एनवाईएसएस के कार्यकर्ताओं का समर्थन करती है जो स्कूली शिक्षा में सुधार और पाठ्यपुस्तकों में गलतियों को लेकर गोंड के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।" उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए पाठ्यपुस्तकों की छपाई के लिए 380 करोड़ रुपये खर्च



किए हैं, लेकिन उनमें कई गलतियां सामने आई हैं। हमें लगता है कि पाठ्यपुस्तकों में भारी गलतियों के लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए और मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।" दास ने कहा कि वह नवनिर्माण कृषक संगठन (एनकेएस) के संयोजक अक्षय कुमार और एनवाईएसएस नेता मनवर अली के निमंत्रण पर राज्य में आए थे, जो पाठ्यपुस्तक मुद्दे पर दो सप्ताह से अधिक समय से भूख हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहा, "साथ मिलकर, हम शिक्षा सुधारों और पाठ्यपुस्तक की गलतियों से संबंधित मुद्दे पर एक खाका तैयार करेंगे।" दास ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक विवाद के बाद पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का भी जिक्र किया और कहा कि गोंड को भी पाठ्यपुस्तकों में हुई गलतियों की इसी तरह से जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस बीच, नवनिर्माण युवा छात्र संगठन ने राज्य के शिक्षा क्षेत्र में सुधार और अधिक पारदर्शिता एवं जवाबदेही की मांग करते हुए 22 सितंबर को ओडिशा विधानसभा का घेराव करने की घोषणा की है। इस बीच, विपक्षी बीजू जनता दल की युवा और छात्र इकाई ने भी गोंड के इस्तीफे की मांग करते हुए विधानसभा का मंगलवार को घेराव करने की घोषणा की।

## कांग्रेस ने जीएसटी दरों में कटौती को लेकर सरकार पर साधा निशाना, महंगाई का हवाला

नयी दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि सितंबर, 2025 में की गई जीएसटी दरों में कटौती का उपभोग बढ़ाने पर असर मिला-जुला रहा है और बढ़ती महंगाई ने कई उपभोक्ता वस्तुओं पर इस कटौती के प्रभाव को लगभग बेअसर कर दिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि जीएसटी दरों में कटौती लंबे समय से लंबित थी, लेकिन इसे परिवर्तनकारी और जादुई छड़ी के तौर पर पेश करना अतिशयोक्ति थी। उन्होंने कहा, वास्तव में, उपभोग बढ़ाने में उनका प्रभाव



अधिकतम मिला-जुला रहा है। मसलन, ऑटोमोबाइल की बिक्री को फायदा हुआ, जबकि परिधान की बिक्री में ऐसा नहीं हुआ।श्र कांग्रेस नेता ने कहा कि अब इस बात के भी प्रमाण सामने आ रहे हैं कि विभिन्न वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती के प्रभाव को तेजी से बढ़ती महंगाई बेअसर कर रही है। उन्होंने दावा किया, कई उपभोक्ता वस्तुओं में कीमतें एक साल के भीतर जीएसटी कटौती से पहले के स्तर के करीब लौट गई हैं और उपभोग में कोई सार्थक बढ़ोतरी नहीं हुई है। रमेश ने कहा कि जीडीपी के आंकड़े सरकार को कुछ समय के लिए खुशी दे सकते हैं, लेकिन भारत की आर्थिक विकास की कहानी में कई ऐसे पहलू हैं जिन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है, प्रधानमंत्री और उनके समर्थकों की ओर से इन्हें स्वीकार नहीं किया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया कि देश में सभी आय वर्गों में उपभोग की स्थिति मजबूत नहीं है, निजी निवेश में तेजी नहीं आ रही है और वास्तविक मजदूरी में गिरावट हो रही है।

## टीएमसी के बैंक खातों का संचालन जारी रहेगा, हाई कोर्ट से ममता बनर्जी को राहत

कोलकाता,एजेंसी। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर चल रहे विवाद के बीच पार्टी के वित्तीय संचालन को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। अदालत ने तीन बैंक खातों के संचालन के लिए पहले से लागू व्यवस्था को आगे बढ़ाया है। इसके तहत पार्टी रोजमर्रा के जरूरी खर्च और कानूनी जरूरतों के लिए खातों से राशि का इस्तेमाल कर सकेगी, लेकिन लेन-देन अदालत द्वारा नियुक्त विशेष अधिकारी की निगरानी में होगा। इससे ममता बनर्जी को राहत मिलेगी। चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के भीतर दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के विवाद को देखते हुए आगामी उपचुनावों के लिए पार्टी के मूल नाम 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और पारंपरिक 'फूल और घास' चिन्ह के इस्तेमाल पर अंतरिम रोक लगा दी है। आयोग ने कहा कि दोनों गुट पार्टी पर नियंत्रण का दावा कर रहे हैं और अंतिम निर्णय अभी बाकी है। हालांकि, चुनावी पहचान को लेकर आयोग की यह अंतरिम व्यवस्था पार्टी के बैंक खातों के संचालन से अलग मामला है। बैंक खातों के संबंध में हाई कोर्ट ने पहले से तय निगरानी व्यवस्था जारी रखी है। हाई कोर्ट ने जुलाई में तीन बैंक खातों के अस्थायी संचालन के लिए रिटायर्ड जज सुब्रत तालुकदार को विशेष अधिकारी नियुक्त किया था। अदालत ने स्पष्ट किया था कि खातों की राशि का इस्तेमाल पार्टी के आवश्यक रोजमर्रा के कामकाज और कानूनी खर्चों के लिए किया जा सकता है। बड़े या असामान्य खर्चों के लिए विशेष अधिकारी की मंजूरी जरूरी होगी। यानी बैंक खाते पूरी तरह पार्टी के नियंत्रण से बाहर नहीं हैं, लेकिन उनका संचालन सामान्य बैंकिंग व्यवस्था की तरह स्वतंत्र भी नहीं है। प्रत्येक लेन-देन पर अदालत द्वारा तय निगरानी व्यवस्था लागू रहेगी। चुनाव आयोग ने 18 सितंबर को दोनों गुटों के लिए अलग-अलग अस्थायी पहचान तय की। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को 'ममता आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और फुटबाल खिलाड़ी चुनाव चिन्ह दिया गया है।

# जमुई में छात्रा से बदसलूकी करने वालों पर पॉक्सो के तहत हो कार्रवाई : खरगे-राहुल

नयी दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार के जमुई में दसवीं कक्षा की छात्रा के साथ बदसलूकी करने वालों के खिलाफ पॉक्सो के तहत मुकदमा चलाकर जल्द से जल्द उन्हें सजा देने की मांग की और कहा कि इस तरह की घटनाओं में राज्य सरकार की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। श्री खरगे ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि बिहार के जमुई में छात्रा के साथ शर्मनाक घटना हुई है। इससे पहले दिल्ली में 17 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना हुई। ऐसी वारदातें भाजपा के नारी शक्ति वंदन और बेटी बचाओ के दावों का पर्दाफाश करती हैं। कांग्रेस की मांग स्पष्ट है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और राज्य सरकारों की जवाबदेही तय हो। श्री गांधी ने कहा कि बिहार के जमुई का एक वीडियो बहुत बेचैन करने वाला है। दसवीं कक्षा के एक छात्र और छात्रा को रास्ते में जबरदस्ती रोक लिया गया। उन्हें प्रताड़ित और अपमानित किया गया तथा छात्रा के साथ उत्पीड़न



किया गया। बच्ची हाथ जोड़कर उसे जाने देने की विनती करती रही, मगर अपराधी उसके साथ गलत तरीके से व्यवहार करते और खींचातानी करते रहे। उन्होंने सवाल किया कि इन लोगों को ऐसी बदतमीजी करने का हक किसने दिया। उन्होंने कहा कि वीडियो में दिख रहे हर व्यक्ति की पहचान होनी चाहिए और अपराधियों पर पॉक्सो के तहत मुकदमा चलाकर उन्हें जल्द से जल्द सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि यह घटना 19 सितंबर की है तो गुनहगार अब तक सलाखों के पीछे क्यों नहीं है। उन्होंने बिहार सरकार से जवाब मांगा कि शाम सात बजे कोई लड़की राज्य की सड़कों पर सुरक्षित क्यों नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि जमुई की घटना इतनी भयावह है कि सोशल मीडिया एक्स पर इस वीडियो वाले पोस्ट को प्रतिबंधित कर रहा है, जिसमें उनका अपना पोस्ट भी शामिल है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की सेंसरशिप वास्तविकता को छिपा नहीं सकती। श्री खेड़ा ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा करने वालों के खिलाफ दृढ़ता दिखाते हुए मिसाल कायम करने वाली कार्रवाई की होती तो जवाबदेही और अपराध रोकने का स्पष्ट मानक स्थापित किया जा सकता था। उनके अनुसार आरोपियों को बचाने और उन्हें राजनीतिक तथा संस्थागत संरक्षण देने के प्रयासों से ऐसा माहौल बनता है जिसमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा सामान्य होती जाती है।

## सोनिया गांधी के वोटर लिस्ट मामले में बड़ा मोड़, मजिस्ट्रेट का आदेश रद्द, 29 सितंबर को फिर सुनवाई

नयी दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से जुड़े मतदाता सूची मामले में दिल्ली की अदालत ने सोमवार को अहम आदेश दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने उस पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें सोनिया गांधी का नाम भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले मतदाता सूची में शामिल किए जाने के आरोपों की जांच और एफआईआर की मांग वाली शिकायत को खारिज करने के मजिस्ट्रेट के आदेश को चुनौती दी गई थी। अदालत ने पुराने आदेश को रद्द करते हुए मामले को नए सिरे से सुनवाई के लिए वापस भेज दिया। यह मामला शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी की याचिका से जुड़ा है। आरोप लगाया गया है कि सोनिया गांधी का नाम वर्ष 1980 की मतदाता सूची में शामिल था, जबकि उन्होंने भारतीय नागरिकता वर्ष 1983 में हासिल की थी। इसी आधार पर शिकायतकर्ता ने कथित अनियमितता और दस्तावेजों की जांच की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज करने की अपील की थी।

## शोषल मीडिया अवमानना केस: अरविन्द केजरीवाल को राहत, दिल्ली हाई कोर्ट में 16 नवंबर को सुनवाई

नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अन्य के खिलाफ न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ कथित तौर पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट फैलाने के मामले में आपराधिक अवमानना घ्घ्घ्के मामले की सुनवाई 16 नवंबर को तय की। न्यायमूर्ति नवीन चावला और अरुण भारद्वाज की पीठ ने केजरीवाल और अन्य प्रतिवादियों को अपना



जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया। अदालत ने वकील अशोक चौतन्य द्वारा केजरीवाल और अन्य, जिनमें आप नेता गोपाल राय और पत्रकार सौरभ दास शामिल हैं। उसके खिलाफ न्यायमूर्ति शर्मा के खिलाफ कथित तौर पर सुनियोजित सोशल मीडिया अभियान चलाने के आरोप में दायर एक अलग अवमानना याचिका की सुनवाई के लिए भी 16 नवंबर की तारीख निर्धारित की। सुनवाई के दौरान, केजरीवाल के सीनियर वकील ने कहा कि उन्हें अभी तक अवमानना मामले का आधार बनने वाली पूरी सामग्री नहीं मिली है। बेंच ने रजिस्ट्री को वह सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, जिसे अधूरा बताया गया था और कहा अगर कोई जवाब देना हो, तो उसे चार हफ़्ते में दाखिल किया जाए। 19 मई को, जस्टिस शर्मा द्वारा शुरू किए गए स्वतः संज्ञान वाले अवमानना मामले में हाई कोर्ट ने केजरीवाल और अन्य नेताओं को नोटिस जारी किया था और उन्हें अपना जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ़्ते का समय दिया था।

## राम मंदिर चंदा चोरी मामले में बड़ा खुलासा, सीसीटीवी में 105 घटनाएं, सुप्रीम कोर्ट में रखे गए सबूत

नयी दिल्ली। अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालुओं की ओर से दिए गए चंदे और दान की कथित चोरी के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने विशेष जांच दल एसआईटी यानी की स्टेटस रिपोर्ट के आधार पर जांच की प्रगति की जानकारी अदालत को दी। रिपोर्ट के मुताबिक उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण में चंदा चोरी की 105 घटनाएं सामने आई हैं। सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि एसआईटी ने आरोपियों की पहचान और कथित चोरी की घटनाओं की कड़ियां जोड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज के अलावा गवाहों के बयान, बरामदगी और अन्य दस्तावेजों का विश्लेषण किया है। इससे पहले एसआईटी की शुरुआती जांच में भी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मंदिर की दान गिनती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के संकेत मिले थे। जून में सामने आई प्रारंभिक रिपोर्ट में उपलब्ध करीब 45 दिनों के फुटेज में 70 घटनाओं का जिक्र किया गया था। जांच में एसओपी के पालन और सीसीटीवी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने को लेकर भी सवाल सामने आए थे। अब सुप्रीम कोर्ट में पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट में घटनाओं की संख्या 105 बताई गई है। कोर्ट ने जांच से जुड़ी जानकारी और उपलब्ध सामग्री को अपने रिकॉर्ड में लिया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि एसआईटी की जांच लगभग पूरी हो चुकी है और 25 सितंबर तक चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी।

# जमुई में छात्रा से अभद्रता मामले में एसआइटी ने 3 आरोपी दबोचे, पास्को एक्ट में केस दर्ज

जमुई,एजेंसी। जमुई जिला अंतर्गत एक नाबालिग छात्रा और उसके मित्र के साथ छेड़खानी एवं अभद्र व्यवहार करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस अत्यंत संवेदनशील मामले को संज्ञान में लेते हुए जमुई पुलिस द्वारा त्वरित कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है इस संबंध में जमुई थाना कांड सं०-428/26, दिनांक- 21.09.2026, धारा- 74/76/3(5) बी०एन०एस० एवं 08/12 पॉक्सो (POCSO) एक्ट के तहत दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय, जमुई विश्वजीत दयाल के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दीप्ति मोनाली के नेतृत्व में एक विशेष ए.ज. टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है। वायरल विडियो में आरोपियों की पहचान कर ली गई है। तीन आरोपी गिरफ्तार



किए गए हैं। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी एवं अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। अपलोड वीडियो को टेक डाउन की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, बिहार राज्य महिला आयोग ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए कथित घटना पर जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। जमुई के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विश्वजीत दयाल ने संवाददाताओं से कहा कि कथित घटना 19 सितंबर की शाम की है और वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे वाहन के नंबर के आधार पर पीड़ित लड़के और लड़की का पता लगा लिया गया है। उन्होंने कहा कि कथित घटना दो दिन पुरानी है, लेकिन कल तक न तो पीड़ित लड़के और न ही लड़की ने पुलिस से कोई शिकायत की थी। आज जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तब हमने दोनों पीड़ितों का पता लगाया। दयाल ने बताया कि जमुई थाने में दर्ज प्राथमिकी में पीड़ितों ने किसी आरोपी का नाम नहीं लिया है, लेकिन वीडियो फुटेज की मदद से करीब सात लोगों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दयाल ने बताया कि पीड़ित लड़का और लड़की एक ही कोचिंग संस्थान में पढ़ते हैं। उन्होंने यह कहते हुए कोई अन्य जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया कि कुछ सूचनाओं को व्यक्तिगत कारणों से गुप्त रखा जाना जरूरी है। इस बीच, कथित 'मॉरल पुलिसिंग' का यह वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक आक्रोश का कारण बना है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस घटना को "बेहद विचलित करने वाली" बताया।

संपादकीय

## हमें उस भरोसे पर खरा उतरना होगा...!

मेरे पड़ोसी ने जोश में आकर कहा, "भारत को पांच अरब डॉलर मिल रहे हैं!" मेरे हाथ से चाय का कप लगभग गिरते–गिरते बचा। मैंने पूछा, "किससे? और सबसे जरूरी बात, हम इसे कब बांटेंगे?" उन्होंने रूखेपन से कहा, "यह तुम्हारे लिए नहीं है। अमरीकी कंपनी 'एप्लाइड मैटीरियल्स' अगले दस सालों में भारत में पांच अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बना रही है।" मैंने कहा, "यह तो बहुत अच्छी बात है। वह क्या बनाती है?" "चिप बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण।" "आलू के चिप्स?" उन्होंने मुझे ऐसे देखा जैसे कोई बुजुर्ग रिश्तेदार को स्मार्टफोन चलाना सिखाते समय सब्र से देखता है। उन्होंने थककर कहा, "कम्प्यूटर चिप्स। वे छोटी–छोटी चीजें, जो फोन, कार, मैडिकल उपकरणों, सैटेलाइट और लगभग हर आधुनिक मशीन को चलाती हैं।" मैंने सोच–समझकर अपने फोन की ओर देखा। उस सुबह वह दो बार गिर चुका था, मेरा चेहरा पहचानने से इंकार कर रहा था और मेरे पुजारी को भेजे गए मैसेज में 'गुड मार्निंग' को 'गोट मॉर्निंग' (बकरी का शोक) में बदल दिया था। मैंने कहा, "लगता है उसके अंदर की वह छोटी सी चीज बहुत ज्यादा काम कर रही है।" फिर भी, यह सच में उत्साह बढ़ाने वाली खबर है। सालों से भारत अपने सबसे अच्छे दिमागों को विदेश भेजता रहा है। अब दुनिया को सिर्फ दिमाग सप्लाई करने से कहीं ज्यादा करने का मौका है। हम ऐसी प्रयोगशालाएं, फैक्टरियां और हुनर विकसित कर सकते हैं, जो उन दिमागों को यहीं कुछ नया बनाने में मदद करें। सैमीकंडक्टर चिप्स भले ही छोटी हों लेकिन उनसे जुड़ी इंडस्ट्री बहुत बड़ी है। जो देश ऐसी टैक्नोलॉजी बना सकता है और उसे सपोर्ट कर सकता है, उसे न सिर्फ पैसा और रोजगार, बल्कि आत्मविश्वास भी मिलता है। वह दूसरों की बनाई चीजें खरीदने की बजाय ऐसी चीजें बनाने की ओर बढ़ने लगता है, जिन्हें दूसरे खरीदना चाहते हैं। मेरे पड़ोसी ने समझदारी से सिर हिलाया। उन्होंने कहा, "इससे भारत एक बड़ा टैक्नोलॉजी सैंटर बन सकता है।" मैंने जवाब दिया, "बशर्ते फैक्टरी बनाने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म में सत्रह फोटोकॉपी, तीन हलफनामे और 1996 में रिटायर हुए किसी अफसर के साइन की जरूरत न हो।" उन्होंने सिर हिलाना बंद कर दिया। सिर्फ निवेश काफी नहीं होगा। मैंने मन ही मन सोचा और साथ ही जश्न के तौर पर उन्होंने जो चाय का कप मुझे दिया, उसे खुशी–खुशी ले लिया। हमें टैलेंट के लिए काम करना, रिसर्च को आगे बढ़ाना और आइडिया को प्रोडक्ट में बदलना आसान बनाना होगा। हमें अपने युवाओं को सिर्फ टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना ही नहीं, बल्कि उसे समझना और बनाना भी सिखाना होगा। सबसे जरूरी बात, हमें वफादारी की बजाय काबिलियत, लकीर का फकीर बनने की बजाय जिज्ञासा और आज्ञाकारी होने के बजाय इनोवेशन को बढ़ावा देना होगा। एप्लाइड मैटेरियल्स भारत पर पांच अरब डॉलर का भरोसा जता रहा है। हमें कुशलता, शिक्षा और ईमानदारी के साथ उस भरोसे पर खरा उतरना होगा। बहुत समय से हम यह शिकायत करते रहे हैं कि दुनिया हमारी महानता को नहीं पहचानती। अब शायद हम उस सोच को छोड़कर, उसे एक मशीन में लगा सकते हैं और भारतीय टैलेंट को दुनिया को यह दिखाने का मौका दे सकते हैं कि वह क्या कर सकता है...!

# यू.पी.आई. भुगतान शुल्क के मद्देनजर उभरती आशंकाएं

डॉ. दीपक पाचपोर

*सरकार तथा वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि 'पर्सन–टू–पर्सन' कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, बल्कि 2,000 रुपए से ऊपर की राशि पर भुगतान फीस लोगों की बजाय व्यापारियों को चुकानी होगी।*

दीपिका अरोड़ा

सरकार और एन.पी.सी.आई. द्वारा लिए गए फैसले के तहत 15 अक्तूबर 2026 से यू.पी.आई. भुगतान पर मामूली शुल्क संबंधी निर्णय यथावत बने रहने का संकेत मिलने से आम–ओ–खास में चर्चाएं भी जोर पकड़ने लगी हैं। 2,000 रुपए से अधिक यू.पी. आई. भुगतान पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट शुल्क वसूलने के फैसले पर जन साधारण से लेकर विशेषज्ञों तक की राय बंटी हुई है। सरकार तथा वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि 'पर्सन–टू–पर्सन' कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, बल्कि 2,000 रुपए से ऊपर की राशि पर भुगतान फीस लोगों की बजाय व्यापारियों को चुकानी होगी। पृष्ठभूमि खंगालें तो यू.पी.आई. (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के रूप में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा एक ऐसी उत्कृष्ट प्रणाली विकसित की गई, जिसने लेन–देन की परिभाषा ही बदल कर रख दी। यह एक ऐसा मॉडल है, जिसकी वजह से भारत की गणना आज विश्व के सबसे बड़े रियल–टाइम पेमेंट बाजारों में शीर्षस्थ होती है। स्मार्टफोन के माध्यम से किन्हीं भी 2 बैंक खातों के बीच धन हस्तांतरण को त्वरित, सुविधाजनक एवं सरल बनाना किसी क्रांति से कम न था। यू.पी.आई. की सबसे बड़ी विशेषता है इसका 'एकल–क्लिक' टू–फैक्टर प्रमाणीकरण के साथ कार्य करना, जोकि लेन–देन के लिहाज से सुरक्षाचक्र साबित होता है। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण उपकरण साबित होने वाले यू.पी.आई. की लोकप्रियता में प्रमुख कारण रहा, पिछले लगभग 6 वर्षों में इसका पूरी तरह निःशुल्क होना। इससे भारत में वित्तीय समावेशन को खासा बल मिला। एन.पी.सी.आई. के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2026 में यू.पी.आई. पर लगभग 2,450 करोड़ लेन–देन हुए। आज सड़क किनारे सब्जी बेचने वाले से लेकर बड़े मॉल तक में 'क्यू. आर. कोड' देखा जा सकता है। निरूसंदेह, किसी भी व्यवस्था के संचालन की एक लागत होती है, जो प्रबन्धन व्यवस्था सुचारू बनाए रखने हेतु अनिवार्य भी है। सरकार तथा वित्त मंत्रालय के तर्क अनुसार, अरबों ट्रांजेक्शन के बढ़ते दबाव के बीच, साइबर सुरक्षा, सर्वर अपग्रेड, धोखाधड़ी आदि रोकने तथा भविष्य में भी इस प्रणाली को निर्बाध चलाए रखने के लिए शुल्क के तौर पर राजस्व उगाही समय की मांग बन चुकी है, हालांकि अभी तक इस लागत राशि का एक हिस्सा, जो सबसिडी के रूप में सरकार बैंकों और फिनटेक कंपनियों को चुकाती आई है, अप्रत्यक्षतः वह पैसा भी जनता का ही है। आम आदमी तथा व्यापारी वर्ग के नजरिए से विचारें तो उनकी चिंता भी वाजिब है। ग्राहकों का मानना है कि विक्रेता यह शुल्क अंततरू उनसे ही वसूलेंगे। वहीं व्यापारियों के अनुसार, एम.डी. आर. शुल्क का सीधा असर उनके लाभांश पर पड़ सकता है। ऐसे में छोटे व मध्यम उद्यमी कोई अतिरिक्त भार वहन करने की बजाय 2,000 से अधिक के लेन–देन हेतु यू.पी.आई. की अपेक्षा नकदी या अन्य भुगतान विधियों को प्राथमिकता दे सकते हैं। इससे डिजिटल समावेश के प्रयासों में गतिरोध उत्पन्न होने का संशय है। इससे भारत को नकदी.रहित अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्रभावित होने के साथ, काले धन वाली आध्थकी उभरने की आशंकाएं भी घेरने लगी हैं।




कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक, यू. पी.आई. भुगतानों पर शुल्क लेने का फैसला विगत 8 माह से चरम पर रही महंगाई में और उछाल ला सकता है। अनाज से लेकर दैनिक उपभोग की वस्तुओं तक के दाम में बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसा इसलिए, चूंकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल तथा उर्वरक लगातार महंगे हो रहे हैं। कृषि सैक्टर में निवेश पहले ही कम हो चुका है। यह भी विचारणीय है, क्या व्यापारी कोई भी नया शुल्क अपनी जेब से भरने पर सहमत होगा? यानी 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' नाम के बावजूद, इसका वास्तविक भुगतान उपभोक्ता को ही करना होगा। असल में, यह फैसला सरकार के लिए डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने एवं विस्तार करने के मध्य संतुलन बनाने की चुनौती प्रस्तुत करता दिखाई पड़ता है। विपक्ष के इन आरोपों को, कि अमरीका के दबाव में यह निर्णय लिया गया है, निराधार मानते हुए खारिज कर भी दिया जाए तो इस बाबत क्या गारंटी है कि इससे आम लोग व व्यापारी पुनरू कैश इकोनॉमी की ओर लौटने की चेष्टा नहीं करेंगे? मात्र बैंकों को यह सुनिश्चित करने की ताकीद करना, कि विक्रेता किसी भी प्रकार यह शुल्क उपभोक्ता को हस्तांतरित न करने पाएं, देश की इतनी बड़ी जनसंख्या के दृष्टिगत दुष्कर एवं अपर्याप्त होगा। ध्यान रहे, ऑनलाइन भुगतान की इस भारतीय प्रणाली को दुनिया भर से सराहना मिल रही है। ऐसी स्थिति में यू.पी. आई. भुगतान–शुल्क लगाने का विचार कहीं महंगा सौदा न बन जाए। अत्यावश्यक है कि सरकार शुल्क के संभावित प्रभावों का मूल्यांकन करते हुए, इस संदर्भ में हितधारकों से भी परामर्श करे।

# युद्ध की राख से शांति का नया संसार कैसे बने?

ललित गर्ग

21 सितम्बर का अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस इस वर्ष ऐसे समय में आया है, जब दुनिया को शांति की सबसे अधिक जरूरत है। रूस–यूक्रेन युद्ध लंबा खिंच चुका है, पश्चिम एशिया में इजराइल–गाजा संघर्ष की मानवीय त्रासदी समाप्त नहीं हुई है और 2026 में अमेरिका–इजराइल तथा ईरान के बीच भीषण सैन्य संघर्ष ने पूरे क्षेत्र की सुरक्षा एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। ऐसे वातावरण में शांति केवल एक आदर्श या कूटनीतिक शब्द नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व की अनिवार्य शर्त बन गई है। संयुक्त राष्ट्र ने 2026 के अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस की थीम रखी है–"शांति में निवेश करें–सभी के लिए, हर जगह, हर दिन।" संयुक्त राष्ट्र के अनुसार शांति का अर्थ केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि सुरक्षा, गरिमा, अवसर और सहयोग का ऐसा वातावरण है जिसमें मनुष्य भयमुक्त होकर जीवन जी सके। इस वर्ष विशेष रूप से उन 'रोजमर्रा के शांति–निर्माताओं' को रेखांकित किया जा रहा है, जो अपने परिवार, समुदाय, विद्यालय और समाज में संवाद तथा विश्वास की नींव मजबूत करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भी शांति की खोज एवं शांति की स्थापना में होना चाहिए। ब्रिक्स 2026 की अध्यक्षता करते हुए भारत ने शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व के महत्व को ही रेखांकित किया है। दुनिया की वर्तमान स्थिति इस संदेश को और महत्वपूर्ण बनाती है। रूस–यूक्रेन युद्ध के साढ़े चार वर्ष से अधिक समय बाद भी हिंसा समाप्त नहीं हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जुलाई 2026 में यूक्रेन में कम–से–कम 437 नागरिक मारे गए और 2,610 घायल हुए–मार्च 2022 के बाद किसी एक महीने में दर्ज सबसे अधिक नागरिक क्षति में से एक है। मिसाइलों, ड्रोन और हवाई हमलों ने शहरों, ऊर्जा ढांचे और सामान्य नागरिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। सितंबर में अमेरिका, रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता फिर शुरू करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई है, लेकिन क्षेत्रीय नियंत्रण सहित कई महत्वपूर्ण प्रश्न अभी भी विवादित हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति भी विश्व–शांति के लिए गंभीर चुनौती है। गाजा में संघर्ष और मानवीय संकट पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार सितंबर 2026 में भी वहां हवाई हमलों और सैन्य कार्रवाइयों के कारण नागरिकों की मौतें जारी थीं और बड़ी संख्या में लोग विस्थापित जीवन जी रहे थे। दूसरी ओर, फरवरी 2026 से अमेरिका–इजराइल और ईरान के बीच शुरू हुआ संघर्ष क्षेत्रीय तनाव को व्यापक बना चुका है। ईरान के हमलों और अमेरिकी तथा इजराइली सैन्य कार्रवाइयों ने केवल संबंधित देशों को ही नहीं, बल्कि खाड़ी क्षेत्र, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों को भी प्रभावित किया है। सितंबर में भी इस युद्ध के समाप्त होने की स्पष्ट स्थिति नहीं बनी थी। इन युद्धों की सबसे बड़ी कीमत सैनिकों से कहीं अधिक आम नागरिक चुका रहे हैं। घर उजड़ते हैं, बच्चे शिक्षा से वंचित होते हैं, अस्पताल और ऊर्जा व्यवस्था प्रभावित होती है, रोजगार समाप्त होते हैं और लाखों लोग विस्थापित होते हैं। युद्ध केवल वर्तमान को नहीं जलाता, वह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी कमजोर करता है। इसलिए शांति की चर्चा केवल सीमाओं और सेनाओं के संदर्भ में नहीं, बल्कि मानवाधिकार, विकास, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा के संदर्भ में भी करनी होगी। शांति स्थापित करने का पहला रास्ता संवाद है। युद्धरत देशों के बीच प्रत्यक्ष संवाद कठिन हो सकता है, लेकिन असंभव नहीं। युद्ध के बीच भी मानवीय गलियारे, युद्धविराम, कैदियों की अदला–बदली, नागरिकों की सुरक्षा और मानवीय सहायता के रास्ते खुले रखने चाहिए। स्थायी शांति के लिए बातचीत में केवल शक्तिशाली देशों की भूमिका पर्याप्त नहीं है, क्षेत्रीय देशों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, नागरिक समाज और प्रभावित समुदायों की आवाज भी शामिल होनी चाहिए। दूसरा रास्ता है हथियारों की दौड़ के बजाय शांति में निवेश। दुनिया सैन्य क्षमता पर जितना खर्च करती है, उसका एक हिस्सा यदि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जलवायु संरक्षण और संघर्ष–प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण पर लगाया जाए तो हिंसा की जड़ों को कमजोर किया जा सकता है। शांति केवल युद्ध समाप्त करने से नहीं आती; गरीबी, असमानता, बेरोजगारी, भेदभाव और अवसरों की कमी जैसे कारणों पर काम करना भी शांति–निर्माण का हिस्सा है। तीसरा महत्वपूर्ण उपाय है विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को मजबूत करना। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना ही अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुई थी। आज आवश्यकता इस बात की है कि बहुपक्षीय संस्थाएं अधिक प्रभावी, प्रतिनिधित्वपूर्ण और जवाबदेह बनें। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने 2026 के संदेश में कूटनीति, संवाद, बातचीत, शांति स्थापना, मानवाधिकार और सतत विकास में निवेश को स्थायी शांति के महत्वपूर्ण साधन बताया है। भारत की शांति–दृष्टि भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। पंचशील के सिद्धांत–एक–दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान, आक्रामकता से परहेज, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना, समानता एवं पारस्परिक लाभ तथा शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व–अंतरराष्ट्रीय संबंधों में संवाद और सह–अस्तित्व की अवधारणा को मजबूत करते हैं। महावीर का अहिंसा संदेश, बुद्ध की करुणा, गांधी का सत्य–अहिंसा दर्शन और आधुनिक भारत की शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व की परंपरा दुनिया को यह स्मरण कराती है कि शक्ति का सर्वोच्च रूप विनाश नहीं, संयम और मानवीयता है। शांति केवल सरकारों की जिम्मेदारी भी नहीं है। घर में संवाद, विद्यालय में सहिष्णुता, समाज में भाईचारा और डिजिटल माध्यमों पर जिम्मेदार भाषा–ये सब विश्वशांति की ही छोटी इकाइयां हैं। आज सोशल मीडिया पर नफरत, झूठी सूचनाएं और उकसाने वाली भाषा सामाजिक तनाव को बढ़ाती हैं। इसलिए डिजिटल शांति भी 21वीं सदी की एक बड़ी आवश्यकता है। बच्चों और युवाओं को विवाद का उत्तर हिंसा से नहीं, तर्क, संवाद और सहानुभूति से देना सिखाना होगा। सफेद कबूतर शांति का प्रतीक जरूर है, लेकिन अब प्रतीकों से आगे बढ़कर शांति की ठोस संरचना बनाने का समय है। युद्ध रोकने के लिए कूटनीति, नागरिकों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून, पीड़ितों के लिए मानवीय सहायता, विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता और युद्ध के बाद पुनर्निर्माण के लिए वैश्विक सहयोग–इन सभी को समान महत्व देना होगा। आज दुनिया को यह स्वीकार करना होगा कि किसी देश की सुरक्षा दूसरे देश की असुरक्षा पर स्थायी रूप से आधारित नहीं हो सकती। किसी एक क्षेत्र का युद्ध धीरे–धीरे ऊर्जा, व्यापार, पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। इसलिए शांति अब किसी एक राष्ट्र का विषय नहीं, पूरी मानवता का साझा हित है। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम केवल युद्ध समाप्त होने की प्रतीक्षा न करें, बल्कि अपने–अपने स्तर पर शांति की संस्कृति विकसित करें। संयुक्त राष्ट्र का 2026 का संदेश भी इसी दिशा में है–शांति सम्मेलन कक्षों में ही नहीं, बल्कि विद्यालयों, मोहल्लों, परिवारों और समाजों में भी निर्मित होती है। मनुष्य ने विज्ञान से आकाश जीत लिया, समुद्र की गहराइयां नाप लीं और अंतरिक्ष तक पहुंच बना ली; अब उसे अपने भीतर की हिंसा पर विजय प्राप्त करनी है। युद्ध की राख से यदि शांति का संसार बनाना है तो हथियारों से अधिक विश्वास, शक्ति से अधिक संवाद और प्रतिस्पर्धा से अधिक सहयोग में निवेश करना होगा। यही अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस का वास्तविक संदेश है–दुनिया को युद्ध से विराम ही नहीं, शांति को स्थायी जीवन–पद्धति बनाना होगा।

# गरीबों का पेट भरतीं दिल्ली की 'अटल कैंटीनें'

अटल कैंटीनें दिल्ली सरकार की एक पहल है, जहां 5 रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से भोजन उपलब्ध कराया जाता है। हजारों लोगों के लिए, अटल कैंटीनें पका हुआ भोजन प्राप्त करने का एक नियमित ठिकाना बन गई हैं, जिसके लिए उन्हें बहुत कम खर्च करना पड़ता है। दिसम्बर 2025 से, दिल्ली सरकार ने शहर भर में 100 स्थानों पर अटल कैंटीनें शुरू की हैं, जो प्रतिदिन लगभग 50,000 भोजन वितरित करती हैं। प्रत्येक कैंटीन की प्रतिदिन 1,000 भोजन उपलब्ध कराने की क्षमता है, जिसमें दोपहर का भोजन और रात का भोजन दोनों के लिए 500–500 भोजन शामिल हैं। 100 कैंटीनों के संचालन का ठेका निविदा प्रक्रिया के माध्यम से 11 अलग–अलग कंपनियों या गैर–सरकारी संगठनों को दिया गया है। कंपनी प्रत्येक भोजन के लिए 30 रुपए शुल्क लेती है, जिसमें से वह व्यक्ति से 5 रुपए और सरकार से 25 वसूल करती है। 100 कैंटीनों को 5–5 के 20 समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह की कैंटीनों के लिए भोजन एक केंद्रीय कैंटीन में पकाया जाता है और अधिकारियों के अनुसार, विक्रेता को वहां से किसी और को भोजन की आपूर्ति करने की अनुमति नहीं है। पका हुआ भोजन फिर 20–30 लीटर के स्टील ड्रम या इंसुलेटेड कैसरोल में कैंटीनों में वितरित किया जाता है। पिछले साल 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर योजना के शुभारंभ के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली में कोई भी भूखा न रहे। वैश्विक भूख सूचकांक रिपोर्ट में भारत 123 देशों में से 102वें स्थान पर है, जिसका स्कोर 25.8 है, जो इसे 'गंभीर' भूख की श्रेणी में रखता है। अधिकांश कैंटीनें झुग्गी–झोंपड़ी वाले इलाकों के पास ही बनी हैं लेकिन कुछ अस्पतालों, कॉलेजों और बस टर्मिनलों के पास स्थित हैं, जो विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को आकर्षित करती हैं–कूड़ा बीनने वाले, ऑटो रिक्शा चालक, डिलीवरी एजेंट, छात्र। प्रत्येक कैंटीन में हर भोजन के बाद दाल और सब्जी बदल जाती है। बारी–बारी से काली दाल, मसूर दाल, चना दाल, आलू और चना या आलू और टमाटर परोसे जाते हैं। अटल कैंटीनों में लोग



अपनी प्लेटें फिर से भर सकते हैं। माइक्रो एजुकेशन एंड सोशल वैल्फेयर सोसाइटी, जो एक गैर–लाभकारी संस्था है और 10 अटल कैंटीन चलाती है, के सलाहकार मुकेश कुमार अग्रवाल कहते हैं, "आनंद विहार जैसी कैंटीन के लिए, जहां दोपहर में लगभग 500 भोजन परोसे जाते हैं, हम लगभग 125 किलो दाल और सब्जी, 100 किलो चावल और 2,000 रोटियां बनाते हैं।" हर कैंटीन लगभग एक जैसी है, प्रत्येक में 6 मेज और 8 स्टूल हैं, सफेद टाइलों का फर्श है और धातु की छत है। कैंटीन के कर्मचारी शिकायत करते हैं कि उन्हें न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलती। एक कैंटीन में खाना परोसने वाली 40 वर्षीय महिला का कहना है कि उसे महीने में केवल 8,500 रुपए मिलते हैं। ठेकेदार की कार्रवाई के डर से अपनी पहचान गुप्त रखने वाली महिला कहती है, "हम सुबह 10 बजे आते हैं और रात 9 बजे के बाद ही जाते हैं और महीने में केवल 2 दिन की छुट्टी मिलती है। हमें जो वेतन मिलता है वह बहुत कम है और कहीं और काम करने का समय भी नहीं है।" हर कैंटीन के बाहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली की मुख्यमंत्री गुप्ता और वाजपेयी की तस्वीरें लगी हैं। कैंटीन का नाम वाजपेयी के नाम पर रखा गया है, लेकिन उनकी तस्वीर तीनों में सबसे छोटी है। कैंटीनों के अंदर भी इसी तरह के पोस्टर लगे हैं। आंध्र प्रदेश के 48 वर्षीय अप्पू राव ने कहा, "मोदी अब (रियायती) भोजन दे रहे हैं लेकिन दक्षिण में तो यह बहुत पहले से दिया जा रहा है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है। यह पहले यहीं होना चाहिए था। गैस सिलेंडर की कीमत अब 4,000 रुपए हो गई है। वह (मोदी) असल में हमसे छीन रहे हैं। सब कुछ महंगा हो गया है।" दिहाड़ी मजदूर राव का कहना है कि वह कैंटीन में नियमित रूप से नहीं आते, क्योंकि उन्हें खाना पसंद नहीं है। "सबमें आलू डाल देते हैं। लेकिन जब काम नहीं मिलता, तो मैं यहां आ जाता हूं।" वह कहते हैं कि दाल ठीक है। दिल्ली के अलावा, अन्य राज्यों में भी सार्वजनिक कैंटीनें में रियायती भोजन उपलब्ध है। आई.आई.टी. दिल्ली की प्रोफेसर रीतिका खेरा का कहना है कि भारत के लगभग एक दर्जन प्रमुख राज्य ऐसा करते हैं, जिनमें तमिलनाडु, राजस्थान, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। उनका कहना है कि 1990 के दशक के मध्य में महाराष्ट्र में शुरू किए गए झुनका भाकर केंद्र संभवतरू इस तरह की पहली सार्वजनिक कैंटीन पहल है। अटल कैंटीन कई जगहों पर काफी लोकप्रिय हैं, जिनमें से एक दिल्ली–उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित आनंद विहार है, जो अंतरराज्यीय बस टर्मिनल और रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर है।

# आयोग छात्र हित में फैसला वापस लें, दमनात्मक कार्यवाही उचित नहीं : अजीत यादव

## कहा कि मृत छात्र के परिजनों को सरकार दें पर्याप्त मुआवजा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सपा के प्रदेश प्रवक्ता अजीत यादव ने आज कहा कि भाजपा सरकार में युवा बेरोजगार सबसे ज़्यादा परेशान है। रोजगार ना मिलने से युवा हताशा में आत्महत्या करने को मजबूर हो गये है। उन्होंने कहा कि युवा नौकरी ना मिलने से तनाव, अवसाद (डिप्रेशन) और निराशा में अपना भविष्य खराब होते देख आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर है । आयोग को विचार कर छात्र हित में फैसला लेना चाहिए न कि उनके खिलाफ दमनात्मक कार्यवाही करनी चाहिए । पुलिस – प्रशासन का रवैया आंदोलन कारी छात्रों के साथ ठीक नहीं है किसी की मांग को लोकतंत्र में जोर जबरदस्ती से दबाना कहीं से भी उचित और न्याय संगत नहीं है । हमारी मांग है कि छात्र हित को देखते हुए सरकार और आयोग को पुनरू विचार करते हुए अपना निर्णय वापस लेना चाहिए ।

सपा के प्रदेश प्रवक्ता अजीत यादव ने कहा कि रविवार को एक छात्र विजय गौतम जो सलोरी में रहकर टीजीटी,और पीजीटी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था, वह मानसिक दबाव में उस छात्र की ब्रेन हेमरेज या हार्ट अटैक से मौत हो गई है उसके परिजनों को पर्याप्त मुआवजा दिया जाये।

उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज आनन – फानन में जल्दी – जल्दी परीक्षा नियमावली में संशोधन कर दिया।

सपा के प्रदेश प्रवक्ता अजीत यादव ने कहा कि पुरानी परीक्षा प्रणाली में बदलाव कर भर्तियों में संशोधन कर नई व्यवस्था और नियमावली छात्रों पर जबरदस्ती थोपना कहीं से भी जायज और उचित नहीं है । नयी व्यवस्था को लेकर अभ्यर्थी परेशान हैं इससे हजारों छात्रों का भविष्य बर्बाद व खराब हो जाएगा । आंदोलनरत अभ्यर्थियों की मांग है कि जो लगभग 12 बदलाव किए गए हैं उसको सरकार वापस ले और पुरानी प्रणाली से परीक्षा आयोजित कराये ।



सपा के प्रदेश प्रवक्ता अजीत यादव ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बदलाव जो किया गया है वह पीजीटी में बीएड अनिवार्य व सब्जेक्ट के साथ जनरल नॉलेज के सवाल भी पूछे जाएँगे प्राविधिक कला को अमान्य कर दिया गया । इस तरह से शिक्षा सेवा चयन आयोग छात्रों के साथ मनमाना बर्ताव कर रहा है । छात्र – छात्राएं और अन्य संगठन लगातार धरना प्रदर्शन और जुलूस निकाल कर नये नियमावली का विरोध कर रहे हैं लेकिन ना तो सरकार ना ही चयन आयोग और ना ही प्रशासन छात्रों की मांग सुनने को तैयार नहीं है ।एक तो सात साल के बाद भर्ती भी आई है छात्र कितने परेशानियों में रहकर पढ़ाई कर रहा है उस पर रोज – रोज नए – नए नियम बनते और लागू होते जा रहे है जिससे छात्र उसी में उलझ कर रह जाए और आगे के लिए कुछ प्लानिंग ही ना कर पाए । आज प्रतियोगी छात्रों का भविष्य इस तरह अधर में लटका है कि आगे कुँआ पीछे खायीं ही दिखाई पड़ती है । इसी उधेड़बुन में छात्रों का जीवन बर्बाद हो रहा है । प्रयागराज में लगभग एका। दिन छोड़ दिया जाए तो कोई न कोई

छात्र या छात्रा या तो आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर है । या तनाव डिप्रेशन के कारण हार्ट अटैक से मौत हो जा रही है । यह बहुत दुरुखद व् चिंतनीय विषय है । सरकार को इस पर पुनरू संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए और आयोग को तत्काल अपने फैसले को बदलना चाहिए । छात्रों से आयोग के चेयरमैन को संवाद कर अपनी स्थिति को भी स्पष्ट करना चाहिए और जो भी निर्णय हो वह छात्रों के हित को देखते हुए ही लिया जाए ताकि छात्र – छात्राएं दोनों ही इससे संतुष्ट हो सकें।

## गुमशुदा व्यक्ति की तलाश, सूचना देने की अपील

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। मोहम्मद शाह हम्माद रऊफ पुत्र मोहम्मद रऊफ खान, उम्र लगभग 28 वर्ष, निवासी 147/99, चक, प्रयागराज 16 सितंबर 2026 से लापता हैं। परिजनों द्वारा उनकी तलाश की जा रही है।



गुमशुदा व्यक्ति का हुलिया
नाम– मोहम्मद शाह हम्माद रऊफ
पिता का नाम– मोहम्मद रऊफ खान
उम्र– लगभग 28 वर्ष
निवासी– 147/99, चक, प्रयागराज
रंग–गोरा
चेहरा– लंबा
पहनावा– गुलाबी रंग की शर्ट और काली पैंट
पैरों में– जूते
लापता होने की तिथि– 16 सितंबर 2026

उक्त व्यक्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो तो थाना करेली को तत्काल सूचित करें।
थाना करेली संपर्क नंबर
9454402832 / 8303089298

अपीलः– यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त हुलिए से संबंधित कोई जानकारी मिले तो मानवता के आधार पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

## पंडित जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज का अनुशासन सराहनीय

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सहसो भूपतपुर स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज में शैक्षिक व्यवस्था और अनुशासन को लेकर अभिभावकों ने संतोष जताया है। अभिभावकों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में विद्यालय की पढ़ाई और अनुशासन में काफी सुधार हुआ है।



उनका कहना है कि सभी शिक्षक पूर्ण सहयोग करें तो यह विद्यालय शिक्षा के मंदिर के रूप में और बेहतर कार्य कर सकता है। हाल में प्रधानाचार्य पर विद्यार्थियों के साथ मारपीट के लगाए गए आरोपों को छात्र के परिजनों ने गलत बताया। परिजनों के अनुसार बच्चे का पहले से उपचार चल रहा था और प्रधानाचार्य से उनका कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने लिखित रूप से भी अपना पक्ष देते हुए कहा कि वे किसी कार्रवाई के पक्ष में नहीं हैं और मामले को लेकर गलत खबरें न फैलाई जाएं। विद्यालय में करीब 800 छात्र–छात्राएं, 22 शिक्षक–शिक्षिकाएं और 10 कर्मचारी हैं। प्रार्थना सभा में सुविचार, नैतिक शिक्षा, पर्यावरण, स्वच्छता एवं सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर गतिविधियां कराई जाती हैं। विद्यालय में मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित है। प्रधानाचार्य डॉ. राजेश सिंह ने जुलाई 2023 में कार्यभार संभाला। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार उनके प्रयासों से छात्र संख्या, अनुशासन और परीक्षा परिणाम में सुधार हुआ है। प्रधानाचार्य ने कहा कि सभी शिक्षकों के सहयोग से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देना उनका निरंतर प्रयास रहेगा।

## 25 सितंबर की लखनऊ महारैली को लेकर प्रयागराज में जनजागरण

### PWD कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन समेत विभिन्न मांगों को लेकर किया जागरूकता अभियान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पुरानी पेंशन बहाली समेत विभिन्न मांगों को लेकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ओर से 25 सितंबर को लखनऊ के ईको गार्डन में प्रदेश स्तरीय महारैली प्रस्तावित है। रैली की तैयारियों को लेकर प्रदेश के विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

इसी क्रम में अटेवा प्रयागराज के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार 'जीतू' के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग में जनजागरण रैली निकाली गई। इसमें PWD नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष फूलचंद यादव तथा जनपद मंत्री एवं रैली सह–प्रभारी राम अचल पाल सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए।

जनजागरण अभियान के दौरान कर्मचारियों को लखनऊ में प्रस्तावित रैली के उद्देश्यों और अटेवा की ओर से उठाई जा रही मांगों की जानकारी दी गई। इनमें पुरानी पेंशन योजना ) की बहाली, निजीकरण समाप्त करने, छै और नै के स्थान पर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने तथा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांगें शामिल हैं।

कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष रविशंकर मिश्र एवं क्षेत्रीय मंत्री धर्मराज यादव ने कर्मचारियों से रैली में भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन की मांग को लेकर कर्मचारी संगठनों को एकजुट होकर अपनी सहभागिता दर्ज करानी चाहिए।




अटेवा प्रयागराज के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार 'जीतू' ने विभिन्न विभागों के कर्मचारी संगठनों से अपील की कि 25 सितंबर को प्रयागराज से बड़ी संख्या में कर्मचारी, शिक्षक और अधिकारी लखनऊ पहुंचकर महारैली में भाग लें। उन्होंने बताया कि रैली को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनसंपर्क और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जनजागरण रैली में प्रेमशंकर पटेल, संजीत कुमार, मुकेश कुमार, विजय भारत, गजाधर पटेल, संदीप कुशवाहा, लालजी पाल, अशोक कुमार, विजय सिंह, राजेंद्र मेठ, छोटेलाल और अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## 'नमो सेवा–अनकही कहानियां' नुक्कड़ नाटक का आयोजन

### गंजिया बाजार में सेवा, समर्पण और जनकल्याण की कहानियों का हुआ मंचन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मऊआइमा, प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश सेवा संकल्प अभियान–2026 के तहत 'नमो सेवाद्अनकही कहानियां' विधानसभा स्तरीय नुक्कड़ नाटक का आयोजन गंजिया बाजार,



मऊआइमा नगर में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला सह–संयोजक संगीता पटेल रहीं। इस अवसर पर विधानसभा सह–संयोजक शारदा प्रसाद शुक्ला, वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश खत्री, पूर्व सभासद अशोक साहू तथा कार्यक्रम संयोजक एवं सभासद मनीष साहू सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सेवा, समर्पण और जनकल्याण से जुड़ी कहानियों का मंचन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति को उपस्थित लोगों ने सराहा। आयोजकों के अनुसार, ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सेवा भावना और जनजागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पेपर लीक, बेरोजगारी और महंगाई रोकने में सरकार फेल

### कांग्रेसियों ने फाफामऊ पहुंची जेन जे कनेक्ट यात्रा, यात्रियों का किया स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। युवाओं के शिक्षा, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर चल रही जेन जे कनेक्ट यात्रा के फाफामऊ पहुंचने पर कांग्रेस गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद ने यात्रा में शामिल युवाओं और यात्रियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद आयोजित नुक्कड़ सभा में युवाओं की समस्याओं और उनके भविष्य से जुड़े सवालों पर चर्चा हुई।सभा को संबोधित करते हुए अशफाक अहमद ने पेपर लीक, बेरोजगारी



और महंगाई को प्रमुख मुद्दा बताते हुए सरकार से युवाओं और आम जनता की समस्याओं पर ठोस कदम उठाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया और रोजगार के अवसर युवाओं की प्रमुख अपेक्षाएं हैं।अशफाक अहमद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा युवाओं और रोजगार के मुद्दों को उठाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि छात्रों और युवाओं की आवाज को सार्वजनिक चर्चा के केंद्र में लाना जरूरी है। जेन जे कनेक्ट यात्रा का उद्देश्य भी युवाओं से शिक्षा, परीक्षा और रोजगार से जुड़े सवालों पर सीधे संवाद करना बताया गया है। यात्रा 20 अगस्त 2026 को चौरी–चौरा से शुरू हुई थी और इसके दौरान विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं तथा युवा संवाद आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर गौरव मौर्या, प्रियेश पाण्डेय, वसीम अंसारी, उपाध्यक्ष डा.जगत नारायण सिंह, देवराज उपाध्याय,नज्म अहमद,शरद उपाध्याय मुन्ना,डा.अमर सिंह पटेल,सद्दाम हुसैन सिद्दीकी,ऋचा कुशवाहा,मो.शमीम,मो.फारुक,रितेश पासी,श्यामजी धुरिया,विशाल गौतम,रमेश मौर्या,शीतला पाठक,विश्वनाथ गौतम,शिव प्रसाद मौर्या,मो. सलीम, मो.उस्मान आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानाचार्य प्रधानाध्यापक भर्ती का एक ही आवेदन व एक ही परीक्षा पर प्रदेश स्तर पर तैयार हो एक मेरिट

### प्रधानाचार्य,प्रधानाध्यापक भर्ती-2026 की अर्हता को लेकर सौंपा ज्ञापन
### एकजुट के प्रदेश संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव के नेतृत्व में उप सचिव को सौपा गया ज्ञापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश संरक्षक डॉ. हरि प्रकाश यादव की अध्यक्षता में संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यप्रधानाध्यापक भर्ती–2026 के संभावित विज्ञापन में निर्धारित अर्हताओं को लेकर उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के उप सचिव संजय सिंह को आज ज्ञापन सौंपा है।



एकजुट के प्रदेश संरक्षक डॉ. हरि प्रकाश यादव ने बताया कि ज्ञापन में संशोधित अर्हता में स्नातकोत्तर में 50 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता समाप्त करने, बीएड के साथ एलटी एवं अन्य समकक्ष प्रशिक्षित डिग्री को मान्यता देने तथा प्रशिक्षित स्नातक न होने की स्थिति में इंटरमीडिएट कक्षाओं में 10 वर्ष के शिक्षण अनुभव को प्रशिक्षित स्नातक के समकक्ष मानने की मांग व प्रधानाचार्य प्रधानाध्यापक भर्ती का एक ही आवेदन व एक ही परीक्षा पर प्रदेश स्तर पर एक मेरिट तैयार कर भर्ती की जाए।

संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव ने कहा कि इन बिंदुओं पर निर्णय लेने के बाद ही भर्ती का विज्ञापन जारी किया जाए, जिससे भविष्य में किसी प्रकार के न्यायिक विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। संघ के प्रदेश संरक्षक डॉ. हरि प्रकाश यादव ने कहा कि शिक्षक हितों एवं भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए उक्त मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाना आवश्यक है। संगठन ने आयोग एवं शासन से शीघ्र निर्णय की अपेक्षा की है। ज्ञापन सौंपे जाने के अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा, प्रदेश आय–व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश मंत्री संदीप शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मिथलेश मौर्य, जिला संरक्षक लालमणि यादव, जिला अध्यक्ष देवराज सिंह, जिला मंत्री डीपी यादव, जिला कोषाध्यक्ष अरुण सिंह, प्रकाश जायसवाल, शैलेन्द्र शर्मा, विजय यादव सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## प्रधानाचार्य डा संतोष शुक्ल को वैश्विक शिक्षक रत्न सम्मान

### शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए किए गये सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। लालबहादुर शास्त्री इंटर कालेज धरवारा प्रयाग के प्रधानाचार्य, अंग्रेजी विषय की सात पुस्तकों एवं कई शोधपत्रों के लेखक तथा कुशल शिक्षण प्रतिभा के धनी डॉ संतोष कुमार शुक्ल को नई दिल्ली में उच्चतम न्यायालय के सभागार में वैश्विक शिक्षक रत्न सम्मान– 2026 से सम्मानित किया गया है।



यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच की ओर से किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डा कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि भारत देश के विशिष्ट 51शिक्षकों को यह पुरस्कार दिया गया। डॉ शुक्ल के प्रस्तुतिकरण से प्रभावित एवं उनके पंच परिवर्तन यथा, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण एवं स्व एवं आत्मबोध तथा भारत देश की अखंडता एवम अस्मिता के संबंध में सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए डॉ संतोष शुक्ल को नेपाल में अंतराष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया हैं। डा शुक्ल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रकल्प राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तरप्रदेश माध्यमिक संवर्ग के प्रदेश महामंत्री के दायित्व का भी सम्यक निर्वाह कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जेके राका, भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी विजय पाल सिंह तोमर, कल्चरल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो यच सी गणेशिया तथा कई विशिष्ठ विद्वतजन उपस्थित रहे। डॉ संतोष शुक्ल के इस उपलब्धि पर डा अभिषेक मिश्र डा पवन तिवारी, डॉ शिव ओम, डॉ शैलेश पांडेय, डॉ शुभेंदु मिश्र, डॉ सर्वेश शुक्ल, डॉ योगेंद्र सिंह, डॉ शशि सिंह, श्री कृष्ण त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त किया।

## इफको घियानगर फूलपुर में हिंदी सप्ताह का समापन समारोह संपन्न

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया सम्मानित, बच्चों की प्रस्तुति रही आकर्षण का केंद्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फूलपुर। इफको घियानगर फूलपुर स्थित बारात घर में हिंदी सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं विशिष्टजनों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं इकाई प्रमुख पी.के. सिंह ने कहा कि हिंदी सप्ताह के दौरान महिलाओं, बच्चों और कर्मचारियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर भाग लिया, जो हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और लगाव को दर्शाता है। उन्होंने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।




ओम बाल विद्या मंदिर के बच्चों ने मातृभाषा हिंदी के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जो समारोह का विशेष आकर्षण रहा।

कार्यक्रम का संचालन हेमलता सिजोरिया ने किया।

समारोह में हिंदी कार्य समिति के संयोजक अनिल कुमार गुप्त, महाप्रबंधक पी.के. पटेल एवं रत्नेश कुमार, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्प्लाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव, संयुक्त महाप्रबंधक संदीप गोयल, पी.के. त्रिपाठी एवं विनय विक्की सहित बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

## 108 मीटर मानव रंगोली का होगा निर्माण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में एक महीने तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। 23 सितम्बर बुधवार को सुबह नौ बजे से सिविल लाइंस स्थित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में 108 मीटर मानव रंगोली का निर्माण होने जा रहा है। यह मानव रंगोली छात्राएं, आंगनबाड़ी सहायिका सहित अन्य मिलकर बनाएगी। इस आयोजन का नोडल जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अनिल कुमार है जबकि सहयोग आईसीडीएस, डीआईओएस, जिला प्रोबेशन अधिकारी है। बीएसए अनिल कुमार ने बताया कि भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, भाजपा महामंत्री डा शैलेश कुमार पाण्डेय, सीडीओ श्रीमती हर्षिका सिंह सहित अन्य लोग शामिल होगे। बीएसए ने बताया कि कार्यक्रम में ग्रीन हाउस, पिंक हाउस भी शामिल होगा।

## माध्यमिक विद्यालयों में सेवा संकल्प कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। सोमवार को जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़ अभिषेक पाण्डेय आईएएस, मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ डॉ राम मोहन मीणा आईएएस व जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय प्रतापगढ़ श्री ओमकार राणा पीईएस के आदेशानुसार सह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ श्री राजेंद्र प्रसाद सरोज, प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह व अंकित पाण्डेय के संयोजन में जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों में सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत ड्राइंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा प्रत्येक प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पांच प्रतिभागियों का चयन किया गया. प्रत्येक प्रतियोगिता में चयनित पांचों प्रतिभागियों में से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी दिनांक 29.09.2026 को विकास खण्ड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे. विकास खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता संबंधित विकास खण्ड नोडल अधिकारी के संयोजकत्व में आयोजित की जाएगी।




## मधुमक्खी संरक्षण मानव के लिये वरदान–मोहित आनन्द

### दीवानी वार्ड में हुआ मधुमक्खी उद्यमिता शिविर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। नगर पंचायत के दीवानी वार्ड में रविवार लालगंज को मधुमक्खी उद्यमिता शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता समेत अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। शिविर में वाराणसी से आये विशेषज्ञ मोहित आनन्द पाठक ने शिविरार्थियों को मधुमक्खी पालन की लाभ प्रद जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी जीवनरेखा के लिए वरदान है। मोहित आनन्द ने बताया कि शहद ही नहीं इसका डंक भी कैंसर, गठिया आदि रोगों के उपचार में लाभप्रद है। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी के काटने से मानव को कभी कोई बीमारी नही हुआ करती है। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी ही मानव को शहद के रूप में सीधे खुराक प्रदान करती है। शिविर में लोगों ने मधुमक्खी पालन विधा से जुड़े सवाल भी पूछे। इसका विशेषज्ञ मोहित आनन्द ने तर्क संगत समाधान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने किया। संचालन अमन त्रिपाठी ने किया। आयोजकों द्वारा मोहित आनन्द पाठक का माल्यार्पण व अंग वस्त्रम से सम्मान किया। इस मौके पर अनूप पाण्डेय, विपिन शुक्ला, विकास पाण्डेय, शिव नारायण शुक्ला आदि रहें। आभार प्रदर्शन अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर शिवम वर्मा, गुरुदीन, प्रशान्त दुबे, सौम्या, रामा देवी, अमरावती, खुशी, साधना, मधु शुक्ला, उमा त्रिपाठी, नागेश त्रिपाठी आदि रहें।



## किशोरी के लापता होने पर संग्रामगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज

### तीन दिन से तलाश में जुटे परिजन, फोन पर संपर्क होने के बाद भी नहीं मिली किशोरी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। थाना संग्रामगढ़ क्षेत्र के एक गांव निवासी गौतम की 17 वर्षीय पुत्री अंजू देवी के लापता होने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार किशोरी 16 सितंबर 2026 की शाम करीब पांच बजे घर से बिना बताए निकल गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने बताया कि रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई, लेकिन किशोरी का पता नहीं लग सका। 19 सितंबर को करीब 11 बजे किशोरी की बड़ी बहन के मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया, जिसमें उसके संग्रामगढ़ और गौरीगंज के बीच होने की बात बताई गई। इसके बाद परिजनों ने संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन दोबारा संपर्क नहीं हो सका। मामले की सूचना 20 सितंबर को थाना संग्रामगढ़ पुलिस को दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक मुन्ना सिंह यादव को सौंपी गई है। पुलिस किशोरी की बरामदगी के लिए संभावित स्थानों पर जानकारी जुटा रही है।

## बाउंड्रीवाल तोड़कर ईंटें ले जाने और धमकी देने का आरोप, चार के खिलाफ मुकदमा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। थाना क्षेत्र के नेवादा कला गांव निवासी अजय कुमार पटेल ने चार लोगों पर घर के सामने बनी बाउंड्रीवाल तोड़कर ईंटें ले जाने, करीब एक लाख रुपये का नुकसान करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्रार्थी के अनुसार 11 फरवरी 2026 की रात करीब 12 बजे राजेंद्र मिश्र, प्रमोद मिश्र, दानेंद्र मिश्र और बाबूलाल मिश्र समेत कुछ अज्ञात लोग उसके घर के सामने पहुंचे। आरोप है कि सभी ने मिलकर बाउंड्रीवाल तोड़ने का प्रयास किया। ईंट टूटने की आवाज सुनकर जब वह बाहर निकला तो आरोपितों ने उसे धमकाया। प्रार्थी का आरोप है कि बाउंड्रीवाल तोड़कर करीब 50 फीट लंबी और साढ़े पांच फीट ऊंची दीवार की ईंटें निकाल ली गईं, जिससे उसे लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ। प्रार्थी ने घटना की शिकायत थाना संग्रामगढ़ में की, लेकिन कार्रवाई न होने पर पुलिस अधिकारियों से भी शिकायत की। इसके बाद न्यायालय के आदेश के क्रम में थाना संग्रामगढ़ पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की है। दस्तावेज के अनुसार थाना प्रभारी अवन कुमार दीक्षित को मामले में आवश्यक कार्रवाई और विवेचना के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कब जिंदगी में लोग काम के मिले...

## पूरे दूधी के सुखसागर धाम में कवि सम्मेलन में बही साहित्य की रसधार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। रामगंज क्षेत्र के पूरे दूधी स्थित सुखसागर मैरिज हाल में सुखसागर परोपकार सेवा ट्रस्ट की ओर से गणेश उत्सव के अवसर पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के नामचीन कवियों ने विभिन्न विधाओं की रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को राष्ट्रभक्ति, प्रेम और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कवि गजेंद्र सिंह विकट की गणेश वंदना से हुआ। गजलकार डॉ. चंद्रकांत त्रिपाठी शाश्वत ने अपनी गजल "कब जिंदगी में लोग काम के मिले, तुम भी मिले तो मुझे फकत नाम के मिले" प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। हरिवंश शुक्ल शौर्य ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रचना "सोवत शेर जगावा जी, इतिहास का फिर दोहरावा जी" के माध्यम से श्रोताओं में देशभक्ति का जज्बा जगाया। कवि गजेंद्र सिंह विकट ने बेटियों पर आधारित रचना "बेटियां हैं हमारी लहर की तरह, इनको संभालो जिगर की तरह" सुनाकर नारी शक्ति का संदेश दिया। अनूप त्रिपाठी ने "राम समझ रहमान समझ ले, धर्म समझ ईमान समझ ले, मंदिर कैसा मस्जिद कैसी, ईश्वर का स्थान समझ ले" जैसी पंक्तियों के माध्यम से आपसी प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। हास्य कवि बिहारी लाल अंबर ने अपनी हास्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब हंसाया और गुदगुदाया। वहीं ओज कवि अंजनी अमोघ ने "हम बलिदानियों के उसूल लेकर आए हैं, पुण्य पद चिन्हों की चरण धूल लेकर आए हैं..." के माध्यम से देशभक्ति की भावना जगाई। कैलाशपति मिश्रा ने भी काव्य पाठ किया। आयोजन समिति की ओर से साहित्यकारों और विशिष्ट लोगों का सारस्वत सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि भागवत भूषण आचार्य संतोष जी महाराज ने कहा कि कवि अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के साथ आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ाने का कार्य करता है। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने कहा कि देश की आजादी में साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम का स्वागत भाषण सह संयोजक अधिवक्ता मोनू पाण्डेय ने दिया। अध्यक्षता संजय शुक्ल ने की, जबकि संचालन अंजनी अमोघ ने किया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी महेश रहे। संयोजन देवनारायण मिश्र ने किया और आभार प्रदर्शन सह संयोजक गिरजा शंकर मिश्रा ने किया। इस अवसर पर रमापति तिवारी, अरविंद शुक्ला, श्याम नारायण मिश्रा, शिव शंकर मिश्र, अनिल तिवारी, नीरज, धीरज, अभिषेक सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।



# राजसी सवारी में गूंजे गणपति बप्पा के जयकारे, बाल कलाकारों ने बांधा समां

## 11 दिवसीय गणपति महोत्सव में बाल कलाकारों की भक्तिमय प्रस्तुतियां बनीं आकर्षण का केंद्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशांबी। नगर में आयोजित 16वें श्री गणपति पूजा महोत्सव–2026 में रविवार को भगवान गणेश की भव्य राजसी (शाही) सवारी निकाली गई। सवारी के दौरान श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नगर में निकली सवारी को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इससे पहले शनिवार की शाम सजे–धजे भव्य पंडाल में भगवान गणेश जी एवं रिद्धि–सिद्धि की प्रतिमाओं के समक्ष बाल कलाकारों ने सांस्कृतिक एवं भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। मनस्वी केसरवानी, श्रीजा, अविरल, पलक, नैंसी और शगुन समेत अन्य बाल कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महज सात वर्ष की मनस्वी और चार वर्ष के अविरल की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान आकर्षित किया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर पंडाल तालियों से गूंज उठा। आयोजकों ने बताया कि गणपति पूजा महोत्सव का आयोजन पिछले 15 वर्षों से सभी वर्गों के सहयोग और आपसी सद्भाव के साथ किया जा रहा है। 11 दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन आरती–वंदना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इससे बच्चों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ रही है। समिति के संरक्षक एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र केसरवानी ने बताया कि 24 सितंबर को पंडाल परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं, अनंत चतुर्दशी के अवसर पर 25 सितंबर को भगवान गणेश की भव्य विदाई शोभायात्रा आयोजित की जाएगी। महोत्सव को लेकर नगरवासियों में उत्साह बना हुआ है।



# जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण और शासन की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना प्राथमिकता : पीयूष कुमार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

खागा/फतेहपुर। तहसील खागा में नवागंतुक तहसीलदार के रूप में पीयूष कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने तहसील क्षेत्र की राजस्व व्यवस्था, जनसमस्याओं के निस्तारण, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और आमजन को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। तहसीलदार पीयूष कुमार से हमारे संवाददाता शीबू खान ने विशेष बातचीत की। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंशः

प्रश्नः तहसीलदार के रूप में खागा में आपकी प्राथमिकताएं क्या रहेंगी?

उत्तरः हमारी प्राथमिकता शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना है। विशेष रूप से राजस्व से जुड़े मामलों का नियमानुसार निस्तारण, फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकताओं में रहेगा।

प्रश्नः तहसील स्तर पर सबसे अधिक शिकायतें किन मामलों से संबंधित आती हैं और उनके समाधान के लिए आपकी क्या रणनीति होगी?

उत्तरः राजस्व, भूमि विवाद, पैमाइश, नामांतरण, वरासत और अन्य राजस्व संबंधी मामले आम तौर पर अधिक आते हैं। ऐसे मामलों में दोनों पक्षों को सुनकर अभिलेखों और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रयास रहेगा कि अनावश्यक रूप से किसी व्यक्ति को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

प्रश्नः भूमि विवाद और अवैध कब्जे जैसी शिकायतों को लेकर आपका क्या रुख रहेगा?

उत्तरः भूमि विवादों में राजस्व अभिलेखों और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर नियमानुसार जांच कराई जाएगी और यदि शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी व्यक्ति के साथ पक्षपात नहीं किया जाएगा।



प्रश्नः आम जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए क्या व्यवस्था रहेगी?

उत्तरः जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा। समाधान दिवस सहित शासन द्वारा निर्धारित जनसुनवाई के माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए जाएंगे कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण हो।

प्रश्नः राजस्व विभाग के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर आपकी क्या अपेक्षाएं हैं?

उत्तरः सभी अधिकारी और कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार हो और कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रश्नः खागा तहसील क्षेत्र की जनता को आप क्या संदेश देना चाहेंगे?

उत्तरः प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है। लोगों से अपील है कि कानून और नियमों का पालन करें तथा किसी भी समस्या की स्थिति में उचित माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराएं। प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहेगा।

# स्नातक निर्वाचन के मतदेय स्थलों को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। इलाहाबाद–झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के प्रस्ताव को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिले के सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्नातक निर्वाचन से संबंधित तैयारियों और मतदेय स्थलों के प्रस्ताव पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदेय स्थलों और आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं से संबंधित सुझाव दिए तथा कुछ स्थानों पर अलग मतदेय स्थल बनाए जाने की मांग रखी। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार संबंधित तहसील के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रस्तावित मतदेय स्थलों की जांच की जाएगी। जांच के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि यदि किसी मतदेय स्थल के संबंध में कोई परिवर्तन अथवा सुझाव देना हो तो 23 सितंबर 2026 तक संबंधित उप जिलाधिकारी अथवा पदाभिहित अधिकारी के समक्ष लिखित रूप में अपना सुझाव या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त सुझावों का स्थलीय जांच के बाद नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से इलाहाबाद–झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित निर्वाचन सामग्री और मतदाता सूची की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक के अंत में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।



## गोवंश पर हमला, जांच में जुटी पुलिस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। गोवंश पर धारदार हथियार से हमलाकर चोटहिल किये जाने को लेकर पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के गोविन्दपुर निवासिनी तारादेवी पत्नी स्व. श्यामनारायण पाण्डेय ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती इक्कीस सितम्बर को शाम पांच बजे उसकी गाय पर चाराजोई के समय आरोपी द्वारा धारदार हथियार से हमला कर उसे जख्मी कर दिया गया। इसके कारण घायल गोवंश सड़क पर गिर गयी। तहरीर पर पुलिस आरोपी को थाने लाकर पूछताछ में जुटी बतायी गयी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## चोरी की घटना में दर्ज हुआ केस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। घर में हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के आहड़ बीहड़ गांव की ज्योति पत्नी रामचन्द्र कोरी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते गुरूवार को वह अपने पति के साथ अठेहा बाजार दवा लेने गयी थी। घर में उसका नौ वर्षीय पुत्र कृष्णा मौजूद था। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान शाम करीब चार बजे गांव के विपिन कोरी पुत्र रज्जू कोरी माचिस मांगने के बहाने घर में घुस आया और चांदी के जेवरात तथा पांच सौ की नकदी चुरा ले गया। प्रभारी निरीक्षक दीपनारायण का कहना है जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दिनेश प्रताप सिंह बने असोथर ब्लॉक अध्यक्ष, नगर आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। फतेहपुर नहर कॉलोनी मैदान में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत आयोजित हुई। पंचायत में किसानों ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान का 63वां जन्मदिन केक काटकर मनाया। इसके बाद पंचायत के एजेंडे पर किसानों ने चर्चा की। पंचायत के दौरान जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने संगठन के पूर्व महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह को असोथर ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। नई जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने तालियां बजाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष के प्रथम असोथर आगमन पर थरियांव मोड़ के पास नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर के नेतृत्व में किसानों और कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान संगठन के संरक्षक शिवबदन सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश उर्फ गुड्डू, प्रमोद सिंह समेत कई किसान नेता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने असोथर में भी राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान का जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु होने की कामना की। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह ने संगठन को मजबूत करने तथा किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का भरोसा दिलाया।



## अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम के लिए होगा 200 पशुपालकों का चयन : सीवीओ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी फतेहपुर ने बताया कि रबी 2026–27 में राज्य योजना के अंतर्गत अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके तहत जनपद में 200 लाभार्थियों पशुपालकों का चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि योजना के लिए ऐसे पशुपालक पात्र होंगे, जिनके पास कम से कम दो दुधारू पशु हों तथा चारा उत्पादन के लिए 0.1 से 0.5 हेक्टेयर भूमि और सिंचाई की व्यवस्था उपलब्ध हो। योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों तथा महिलाओं की उपलब्धता के अनुसार उनकी भागीदारी सुनिश्चित किए जाने की बात कही गई है। इसके अलावा पीसीडीएफ के अंतर्गत संचालित क्रियाशील दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के उन सदस्यों को भी प्राथमिकता दी जा सकती है, जो संबंधित दुग्ध समिति को एक वर्ष से अधिक समय से दूध की आपूर्ति कर रहे हैं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पात्र एवं इच्छुक पशुपालक अपने क्षेत्रीय पशु चिकित्साधिकारी से संपर्क कर आवश्यक प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। पशुपालकों से निर्धारित पात्रता के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए समय से आवेदन करने की अपील की गई है।



## बिजली विभाग के कर्मचारियों पर घर में घुसकर अभद्रता और मोबाइल तोड़ने का आरोप

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छेउका हुसैनगंज गांव में बिजली विभाग के कर्मचारियों पर घर में घुसकर अभद्रता करने और मोबाइल तोड़ने का आरोप लगाया गया है। गांव निवासी प्रियंका द्विवेदी पत्नी पीयूष द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार घटना 18 सितंबर 2026 की है। प्रियंका का आरोप है कि बिजली विभाग के जेई अरविंद सरोज और उनके साथ आया एक लाइनमैन बिना पहचान बताए उनके घर में घुस आए। इस दौरान उनकी सास शिवकली के नाम दर्ज बिजली कनेक्शन के बकाया बिल को लेकर बातचीत हुई। पीड़िता के मुताबिक बिल करीब 4200 रुपये बकाया था और उन्होंने आर्थिक परेशानी का हवाला देते हुए भुगतान के लिए समय मांगा। आरोप है कि इस पर जेई ने लाइनमैन को बिजली कनेक्शन काटने का निर्देश दिया। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो कथित रूप से उनके साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। प्रियंका के अनुसार, घटना का वीडियो बनाने के लिए उन्होंने मोबाइल निकाला तो जेई ने कथित तौर पर मोबाइल छीनकर जमीन पर फेंक दिया, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया।



## सेवा संकल्प अभियान में छात्राओं ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

### पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया उत्साहवर्धन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। ज्ञानपुर स्थित जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी और जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान शामिल हुए। अभियान के तहत विद्यालय की छात्राओं के बीच पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपनी कल्पनाशीलता और विचारों को चित्रों एवं निबंधों के माध्यम से प्रस्तुत किया।



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी और जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ अपनी प्रतिभा को निखारने और निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

अधिकारियों ने कहा कि छात्राओं की प्रतिभा देश और समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने छात्राओं से अपने ज्ञान, प्रतिभा और सकारात्मक सोच के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

## करीब दो कुंतल अवैध भैंस के मांस के साथ दो गिरफ्तार

### खीरी पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ा, पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

डॉ. रईस अहमद उस्मानी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर-खीरी, 21 सितंबर। अपराध नियंत्रण एवं अवैध पशु कटानध्तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से करीब दो कुंतल अवैध भैंस का मांस बरामद किया गया।

प्रभारी निरीक्षक खीरी के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने शहनवाज उर्फ जकी और मोनिस को पकड़ा। पुलिस का दावा है कि दोनों के कब्जे से करीब दो कुंतल भैंस का मांस बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, मामले में थाना खीरी पर मु0अ0सं0 0559/2026 के तहत धारा 325 बीएनएस एवं धारा 11(क) पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अपराध नियंत्रण, अवैध शराब तथा पशु तस्करी एवं अवैध कटान की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान लगातार जारी है।

## बरसो रे मेघा-मेघा थीम पर तीज महोत्सव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। रोटरी क्लब वाराणसी गंगा की ओर से होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल में 'बरसो रे मेघा-मेघा' मानसून थीम पर तीज महोत्सव आयोजित किया गया। संयोजिकाओं नीतू गुप्ता, शारदा अग्रवाल और सीता जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। उषा जैन ने सभी का टीका लगाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। समाजसेवी रीना गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि तीज भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं से जुड़ा पर्व है, जो आपसी भाईचारे और एकजुटता को बढ़ावा देता है। महोत्सव में अंजु गोयल, जूली गुप्ता, सुनीता अग्रवाल और ज्योति गुप्ता ने कजरी गीत प्रस्तुत किया। राजेंद्र जायसवाल, सीता जायसवाल, शिल्पा अग्रवाल, प्रियंका वर्मा, अनीता जायसवाल और संपा सेन ने विभिन्न गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग भर दिया। महिलाओं ने गीत-संगीत और नृत्य के साथ तीज उत्सव का आनंद लिया।



## देवरा स्थित आदि शंकराचार्य महासंस्थानम में विशेष करना पूजन एवं भंडारे का आयोजन संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। पंचकोशी मार्ग स्थित आदि शंकराचार्य महासंस्थानम में सहस्र चंडी महायज्ञ एवं भव्य संत समागम के उपरांत सोमवार को कन्या पूजन, कन्या भोज एवं विशिष्ट साधु-संतों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के क्रम में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोज कराया गया। इसके बाद साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन हुआ। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि सनातन परंपरा में कन्या को देवी स्वरूप माना गया है। कन्या पूजन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान और भारतीय संस्कारों की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों का उद्देश्य समाज में सद्भाव, सेवा, संस्कार और धर्म के प्रति आस्था को मजबूत करना है। कन्या पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कन्याओं के चरण पूजन किए तथा उन्हें भोजन कराकर दक्षिणा एवं उपहार प्रदान किए। इसके पश्चात आदि शंकराचार्य महासंस्थानम परिसर में साधु-संतों के लिए विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए साधु-संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ दूर-दराज से पहुंचे भक्त भी शामिल हुए। आयोजन में लगभग पांच हजार श्रद्धालुओं ने दिव्य प्रसाद ग्रहण किया।

# जनगणना-2027 के दूसरे चरण में पूछे जाएंगे 40 सवाल

### स्व-गणना की सुविधा 16 से 30 नवंबर तक, 3,600 प्रगणक घर-घर पहुंचकर जुटाएंगे जानकारी



प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में होने वाली जनसंख्या गणना (चवचनसंजपवद मदनउमतंजपवद) की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अधिकारियों और चार्ज अधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया, कार्मिकों के प्रशिक्षण तथा गणना कार्य को त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति से 40 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें नाम, परिवार के मुखिया से संबंध, लिंग, जन्मतिथि, आयु, वैवाहिक स्थिति, पति-पत्नी का नाम, राष्ट्रीयता, धर्म, अनुसूचित जातिध्जनजाति, माता-पिता का विवरण, दिव्यांगता, मातृभाषा, अन्य भाषाओं का ज्ञान, साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय और कार्यस्थल तक आवागमन से संबंधित जानकारी शामिल होगी।

इसके अलावा व्यक्ति के जन्म स्थान, पिछले निवास, वर्तमान निवास की अवधि और पिछले पते से संबंधित विवरण भी दर्ज किया जाएगा। निर्धारित प्रपत्र के अनुसार कोविड-19 टीकाकरण के साथ बैंक खाते, मोबाइल नंबर, आधार, ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट से संबंधित जानकारी भी ली जाएगी। मातृभाषा के रूप में हिंदी अथवा भोजपुरी दर्ज करने का प्रावधान रहेगा।

**16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना**

जनगणना के दूसरे चरण से पहले 16 से 30 नवंबर तक नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा मिलेगी। इसके तहत लोग निर्धारित पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार और सदस्यों का विवरण स्वयं दर्ज कर सकेंगे।

**3,600 प्रगणक और 550 पर्यवेक्षक लगाए जाएंगे**

जिले में जनगणना के लिए करीब 3,600 प्रगणक घर-घर जाकर गणना करेंगे। इनके कार्य की निगरानी के लिए लगभग 550 पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। प्रशिक्षण के लिए 2 मास्टर ट्रेनर और 60 फील्ड ट्रेनर की व्यवस्था की गई है।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसलिए सभी कार्मिकों को प्रक्रिया और प्रपत्रों की पूरी जानकारी दी जाए तथा गणना में शुद्धता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बेघर व्यक्तियों की गणना भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**प्रशिक्षण कार्यशाला**

जनगणना निदेशालय के ट्रेनर पंकज सिंह ने कराई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शुभांगी शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला जनगणना अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

### सुरक्षा, कानूनी अधिकार और हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। मिशन शक्ति फेज-5 के दूसरे चरण के तहत भदोही पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। अभियान पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की देखरेख में चलाया गया।

पुलिस टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थानों के साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न प्रकार के अपराधों से बचाव के उपाय बताए। अभियान के दौरान सैकड़ों महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

**हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी**

जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 महिला शक्ति लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा और 1076 समेत विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। पुलिस ने किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

पुलिसकर्मियों ने न्ब्ब्ळ ऐप के माध्यम से उपलब्ध पुलिस सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी। इसके साथ ही सोशल मीडिया और इंटरनेट के माध्यम से होने वाले साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए गए। महिलाओं को फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल और ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई।



**कानूनी अधिकारों से कराया परिचित**

अभियान में महिलाओं और बालिकाओं को पॉक्सो अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम सहित साइबर अपराध से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में चुप रहने के बजाय तत्काल पुलिस से संपर्क करना चाहिए।

भदोही पुलिस ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना है। पुलिस की ओर से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं। पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में तत्काल नजदीकी पुलिस थाने अथवा संबंधित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

## चिल्ड्रेन एकेडमी के अन्दर दिन में महिला टीचर की गोली मारकर हत्या

### गोली कांड करने वाले नोजवान ने भी खुद को गोली से उड़ाया

डॉ0रईस अहमद उस्मानी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर-खीरी, 21सितम्बर। शहर के कलम दवात चौराहे के पास स्थित चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में सोमवार करीब ११-३० बजे दिन में सनसनीखेज वारदात घटित हुई। जानकारी के मुताबिक मुहल्ला नौरंगाबाद निवासी २८ वर्षीय सऊद अन्सारी स्कूल में पहुंचा, और कम्प्यूटर शिक्षिका २६ वर्षीय निशात फातिमा से बातचीत करने लगा। बातचीत करते हुए दोनों साथ साथ दूसरी मंजिल पर गये। वहां बातचीत के दौरान में युवक ने तमंचे से निशात को गोली मार दी, और अगले ही क्षण सऊद ने भी अपनी कनपटी पर पिस्तौल से गोली दाग ली। दोनों की ही वहीं मौके पर ही मौत वाकय हो गई। घटना के समय स्कूल में करीब ३५० बच्चे मौजूद थे। गोलियों की आवाज से स्कूल में चीख पुकार और अफरा तफरी मच गई। सूचना पर डी एम० अंजनी कुमार सिंह पुलिस कमिश्नर ख्याती गर्ग, सी ओ विवेक तिवारी समेत भारी पुलिस बल मौकय वारदात पर पहुंचा। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस वारदात के





कारणों, युवक के स्कूल में प्रवेश और हथियार पहुंचने की बारीकी से जांच कर रही है। इस घटनाक्रम से स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था पर सचमुच में गम्भीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## श्री 1008 श्री चंद्रदेव महाराज का 132 वा जयंती संगीत समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। रवीन्द्रपुरी स्थित श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के पूजन सभागार मे श्री श्री 1008 श्रीचंद्रदेवजी महाराज जी की 532वीं जयंती के उपलक्ष्य मे आयोजित श्री श्रीचंद्रदेव संगीत समारोह मे गायक वादको ने अपनी संगीताजली अर्पित की। कार्यक्रम के समापन मे श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के मुकाम कोठारी महंत डॉ लक्ष्मण दास ने कलाकारों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया एवं अपनी मंगल कामनाये व्यक्त की। कार्यक्रम मे प्रथम प्रस्तुति रही युवा कलाकार कृष्ण कुमार तिवारी की जिन्होंने प्रथम भजन की भाव पूर्ण प्रस्तुति से विभोर किया जिसके बोल थे गोपाल गोकुल वल्लभी इसके उपरांत सुश्री श्रेया सोनकर द्वारा प्रस्तुत भजन भावपूर्ण रहा जिसके बोल थे साधो परम धरम सूखदायी। एवं अगले क्रम मे सुश्री आराधना विश्वकर्मा ने अपने भजन से आनंदित किया भजन के बोल थे एसा ही गुरु ध्यावे । अगली प्रस्तुति रही युवा कलाकार सुश्री प्रिया गुप्ता की जिनके भजन के बोल थे कृष्ण कृष्ण नाम जपत मन मोरा प्रिया एवं आराधना के साथ तबला संगति रही। अनंत गुप्ता की एवं संवादिनी पर साथ दिया विष्णु ने इस के उपरांत पद्मश्री पंडित डा. राजेश्वर आचार्य ने अपने गायन से लोगों को भक्ति रस से संतृप्त किया। प्रथम भक्ति रचना के बोल थे ष्अब मोसे छूटे नाही राम रट लागीष गा कर आपने गायन का समापन किया। सूरदासजी जी की भक्ति रचना ष्हे गोविन्द राखो शरण सेष तबला संगति रही। श्रीकांत मिश्रा की। संवादिनी पर साथ दिया आपके शिष्य डॉ चारुचंद्र सिंह ने। गायन मे सहभागिता रही आपके पुत्र डॉ प्रीतेशआचार्य एवं डॉ चारुचन्द्र की।कार्यक्रम के समापन मे महंत डॉ लक्ष्मण दास द्वारा अंगवस्त्र तथा माल्यार्पण के माध्यम से पद्मश्री पं राजेश्वर आचार्य जी का सम्मान किया गया।समस्त आयोजन मुकाम कोठारी महंतडॉ लक्ष्मण दास जी के मार्गदर्शन मे सम्पन्न हुए साथ ही कार्यक्रम मे महंत बालेश्वर मुनि जी महंत जोगेंद्र मुनि जी का विशेष मार्गदर्शन रहा।

## व्यक्ति और समाज के बीच संतुलन का संदेश देता है दीनदयाल दर्शन

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं उनके विचार' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान एवं आर्य महिला पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं उनके विचार' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं महापुरुषों के तैल चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। संगीत विभाग की छात्राओं ने कुलगीत एवं मंगलाचरण प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, निदेशक, एकेडमिक स्टाफ कॉलेज, बीएचयू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद मनुष्य के शरीर,



मन, बुद्धि और आत्मा के समन्वित विकास की अवधारणा प्रस्तुत करता है। उन्होंने इसे समाज के सर्वांगीण विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण विचार बताया। आभासी माध्यम से जुड़े प्रो. उमापति दीक्षित, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, आगरा ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन भारतीय सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा है और व्यक्ति तथा समाज के बीच संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा देता है। प्रो. नरेंद्र नारायण राय ने कहा कि एकात्म मानववाद पूंजीवाद और साम्यवाद से अलग मनुष्य तथा समाज के समन्वय पर बल देता है। डॉ. अशोक कुमार ज्योति ने उनके सादगीपूर्ण जीवन, राष्ट्र सेवा और नैतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

अध्यक्षता कर रहीं डॉ. विद्योतमा मिश्र ने कहा कि अंत्योदय की अवधारणा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याण का लाभ पहुंचाने पर बल देती है। उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक समरसता को भी दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन का महत्वपूर्ण पक्ष बताया। विषय प्रवर्तन श्रीमती रश्मि शुक्ला,उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान ,लखनऊ के द्वारा किया गया।अतिथियों का औपचारिक परिचय व स्वागत डॉ. वीना सुमन ,एसोसिएट प्रोफेसर ,हिंदी विभाग ,आर्य महिला पीजी कॉलेज ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रचना दुबे ने अपने शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ. शशिकांत दीक्षित ने अपने आशीर्वचन दिए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनुपम गुप्ता तथा कार्यक्रम का संचालन प्रो.सुचिता त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभागीय शिक्षिकाएं डॉ. वंदना चौबे, डॉ. मीनाक्षी मिश्रा,डॉ. सुमन तिवारी व डॉ अपर्णा पाण्डेय के अतिरिक्त अन्य विभागों की शिक्षिकाएं तथा लगभग 100 छात्राएं उपस्थित थीं।

## जौनपुर पुलिस पर फर्जी मुकदमे में फंसाने और अवैध वसूली का आरोप

### सीपी ने एसीपी पिंडरा को सौपी जाँच

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र के चिलबिला गांव निवासी सुशील कुमार पाण्डेय ने जौनपुर के सुरेरी थाना पुलिस और अपने पड़ोसी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी में प्रार्थना पत्र देकर अपहरण, अवैध वसूली और फर्जी मुकदमे में फंसाने की शिकायत की है। मामले की जांच एसीपी



पिंडरा को सौंपी गई है। शिकायत के अनुसार, 13 सितंबर की सुबह पड़ोसी राजेंद्र दुबे ने सुशील को हाईवे पर बुलाया। आरोप है कि वहां तीन-चार लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए उन्हें जबरन कार में बैठाया और सुरेरी थाने ले गए। पीड़ित का आरोप है कि थाने में उनके हाथ में कथित तौर पर अवैध असलहा देकर वीडियो बनाया गया और सादे कागजों पर हस्ताक्षर कराए गए। सुशील के मुताबिक, गांजा और अवैध असलहे के फर्जी मुकदमे में जेल भेजने की धमकी देकर पांच लाख रुपये मांगे गए। आरोप है कि परिजनों से ₹1.05 लाख नकद और ₹60,299 न्च्प् के जरिए वंशनारायण गिरी के खाते में ट्रांसफर कराए गए। पीड़ित ने थाने की सीसीटीवी फुटेज और वीडियो सुरक्षित कराने, संबंधित लोगों पर FIR दर्ज करने, कथित फर्जी मुकदमा रद्द करने और रकम वापस दिलाने की मांग की है। आरोपों की जांच जारी है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

# मेरठ में सीएम योगी ने किया भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन का स्वागत

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच पश्चिमी यूपी का दौरा अहम

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न दलों की गतिविधियां तेज होने के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश का दो दिवसीय दौरे पर मेरठ पहुंचें। इस दौरान सीएम योगी ने उनका स्वागत फूल देकर किया। सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, कला, क्रांति और कलम की भूमि–स्वतंत्रता आंदोलन का प्रमुख केंद्र उत्तर प्रदेश का जिला मेरठ/बीजेपी के यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन का हार्दिक स्वागत एवं सम्मान करता है। बता दें कि नबीन मेरठ और मंगलवार को सहारनपुर में रहेंगे। भाजपा अपने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर ध्यान दे रही है, जबकि कांग्रेस किसानों के अधिकारों के लिए मार्च की तैयारी कर रही है और समाजवादी पार्टी (सपा) एवं राष्ट्रीय लोक दल (रालोद), सामाजिक समूहों से संपर्क बढ़ा रहे हैं। भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने एक्स पर एक पोस्ट साझा कर नितिन नबीन का मेरठ एवं सहारनपुर में स्वागत किया। उन्होंने लिखा, क्रांति धरा एवं बाबा औघड़नाथ की पावन भूमि मेरठ तथा मां शाकुंभरी देवी की पावन धरती सहारनपुर में आगमन पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य नितिन नबीन का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। चौधरी ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष के इस दौरे से पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह, नयी ऊर्जा एवं नयी प्रेरणा का संचार होगा और उनके मार्गदर्शन में संगठनात्मक अभियानों को नयी गति मिलने के साथ–साथ संगठन की जड़ें और मजबूत होंगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन पश्चिमी यूपी के दौरे पर हैं। जाट, गुर्जर और अन्य किसान बिरादरियों के प्रभाव वाले इस क्षेत्र में भाजपा का संगठनात्मक ढांचा 14 जिलों और 71 विधानसभा क्षेत्रों तक फैला है। भाजपा के अनुसार, नितिन नबीन का दौरा बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संवाद करने तथा क्षेत्र के राजनीतिक हालात की जानकारी लेने पर केंद्रित है। सोमवार को मेरठ में वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा सांसदों, विधायकों, पूर्व जनप्रतिनिधियों और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। भाजपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर के मुताबिक, नितिन नबीन इलाके के करीब पांच हजार शक्ति केंद्र संयोजकों से बातचीत करेंगे। इस दौरान बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल, जिला और क्षेत्रीय स्तर पर संगठन की स्थिति, कार्यकर्ताओं की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी ली जाएगी। दौरे के दूसरे दिन नितिन नबीन सहारनपुर में संगठनात्मक बैठकों में हिस्सा लेंगे और मां शाकंभरी देवी मंदिर में दर्शन करेंगे। पार्टी की ओर से इसे संगठनात्मक गतिविधियों के साथ क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद के कार्यक्रम के तौर पर बताया गया है। पश्चिमी यूपी में कांग्रेस भी संगठन को सक्रिय करने और ग्रामीण इलाकों में संपर्क बढ़ाने की तैयारी में है। पार्टी ने 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक मुजफ्फरनगर से गौतम बुद्ध नगर तक किसान अधिकार यात्रा निकालने की घोषणा की है। कांग्रेस नेता चौधरी यशपाल सिंह के अनुसार, यात्रा के दौरान किसानों, खेतिहर मजदूरों, महिला किसानों, ग्रामीण युवाओं, पशुपालकों और खेती से जुड़े अन्य वर्गों की समस्याओं एवं अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा छह जिलों से होकर गुजरेगी और इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से संपर्क बढ़ाना तथा संगठन को मजबूत करना है। कांग्रेस के प्रांतीय प्रवक्ता अभिमन्यु त्यागी के मुताबिक, यह यात्रा अखिल भारतीय किसान कांग्रेस और उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के पश्चिमी जोन की ओर से आयोजित की जा रही है।



## सीएम आवास के पास टावर पर चढ़ी आगरा की महिला, लखनऊ में मचा हड़कंप

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में सोमवार को उस वक्त अफरा–तफरी मच गई, जब आगरा की रहने वाली एक महिला हजरतगंज स्थित पार्क रोड के पास एक ऊंचे टावर पर चढ़ गई। यह इलाका मुख्यमंत्री आवास के करीब है। महिला को टावर पर चढ़ा देख राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने महिला को समझाकर नीचे उतारने की कोशिश शुरू की। पुलिस और दमकलकर्मियों ने महिला से बातचीत कर उसे नीचे आने के लिए मनाने का प्रयास किया। काफी देर की कोशिश के बाद महिला को सुरक्षित टावर से नीचे उतार लिया गया। इसके बाद पुलिस ने महिला से पूछताछ कर उसके लखनऊ आने और टावर पर चढ़ने की वजह जानने का प्रयास किया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और पोस्ट के मुताबिक, महिला आगरा की रहने वाली है और किसी विवाद के संबंध में अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए लखनऊ आई थी। शुरुआती जानकारी में जमीन विवाद का भी दावा किया गया है। हालांकि, जमीन विवाद से जुड़ी इस जानकारी की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस की पूछताछ और जांच के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर साफ होगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, महिला अपनी शिकायत लेकर लखनऊ पहुंची थी। हालांकि वह किस मामले में मुख्यमंत्री या अधिकारियों से मिलना चाहती थी और टावर पर चढ़ने की वास्तविक वजह क्या थी, इस संबंध में अभी विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और महिला से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




## फुटपाथ एवं पार्किंग के स्थान पर बड़े–बड़े लोहे के अंडाकार जाल लगाए जाने के विरोध व्यापारियों का प्रदर्शन

लखनऊ,संवाददाता। सोमवार, गोल मार्केट, महानगर में सुंदरीकरण के नाम पर व्यापारियों के प्रतिष्ठानों के ठीक सामने फुटपाथ एवं पार्किंग के स्थान पर 10 फीट से अधिक ऊंचे अंडाकार लोहे के जाल लगाकर फुटपाथ एवं पार्किंग की जगह पर दुकानों का मार्ग अवरूद्ध किए जाने से गोल मार्केट ,महानगर के व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। ज्ञातव्य है कि जुलाई माह में यह जाल लगाया जा रहे थे तब पूर्व में जुलाई माह में इसी विषय को लेकर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, गोल मार्केट के व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमण्डल प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल से मिला था महापौर ने संबंधित अधिकारियों को उस समय काम रोकने के आदेश दिए थे तथा भविष्य में उस स्थान पर अंडाकार लोहे का जाल न लगाए जाने का आश्वासन दिया था। किंतु आज सोमवार सुबह फिर वेल्डिंग का कार्य प्रारंभ करके जाल लगाने का काम शुरू हो जाने से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया तथा गोल मार्केट के व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता को जानकारी दी जानकारी पाते ही संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता संगठन के पदाधिकारियो के साथ मौके पर पहुंचे। महानगर, गोल मार्केट के व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में महानगर गोल मार्केट मे विरोध प्रदर्शन किया व्यापारियों ने काम नहीं रोके जाने की दशा में लगातार आंदोलन की चेतावनी दी। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की दुकानों के ठीक सामने बड़े–बड़े लोहे के 10 फीट से अधिक ऊंचाई वाले अंडाकार जाल लगाना कतई उचित नहीं है जानकारी देते हुए बताया कि यह अंडाकार लोहे के जाल 10 फीट से अधिक ऊंचे हैं जिससे दुकानों का दिखाव बिल्कुल बंद हो जाएगा तथा व्यापारियों एवं आगंतुकों को अपनी दुकानों तक आने–जाने में बड़ी समस्या आएगी तथा फुटपाथ पर चलने वालों एवं आगंतुकों को आवागमन में बड़ी समस्या आ जाएगी।




## विधानसभा चुनाव से पहले मायावती का मुस्लिम समाज को लेकर बड़ा दावा

# सपा के पीडीए रथ ' को लेकर अखिलेश पर साधा निशाना

लखनऊ,संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए दावा किया है कि मुस्लिम समाज का रुझान अब बसपा की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने इसकी तुलना ब्राह्मण समाज के बीच बसपा के प्रति बढ़े रुझान से की। मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट के जरिए सपा के 'पीडीए' और उसके प्रचारित 'पीडीए रथ' को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा का यह रथ पार्टी के पारंपरिक लाल रंग की तुलना में आरएसएस–भाजपा के भगवा रंग में अधिक दिखाई दे रहा है। मायावती ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए सपा प्रमुख का प्रचारित 'पीडीए रथ' लाल रंग से कम और भगवा रंग से अधिक रंगा हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यह बदलाव चुनावी हितों को ध्यान में रखकर किया गया है या फिर सपा प्रमुख का मुस्लिम मतदाताओं से समर्थन मिलने का भरोसा पहले जैसा नहीं रहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सपा चुनावी स्वार्थ के चलते अपनी राजनीतिक पहचान और मुद्दों में बदलाव कर रही है। ये बातें मायावती के राजनीतिक आरोप और दावे हैं। बसपा प्रमुख ने दावा किया कि पिछले कई चुनावों में मुस्लिम समाज ने सपा को एकतरफा समर्थन दिया, लेकिन इसके बावजूद उत्तर प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार बनने से सपा उसे रोक नहीं सकी। मायावती ने इसी आधार पर कहा कि मुस्लिम समाज अब सपा को बार–बार वोट देने को लेकर विचार कर रहा है और उसका रुख बसपा की तरफ बदल रहा है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के इस कथित बदलाव की तुलना उन्होंने ब्राह्मण समाज के बीच बसपा के प्रति बढ़े रुझान से की है। इस दावे को स्वतंत्र रूप से मतदाता–स्तर के व्यापक आंकड़े के रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया है। मायावती ने सपा के 'पीडीए' नारे की व्याख्या पर भी सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी परिस्थितियों के अनुसार सपा ने 'पीडी' को कभी 'पिछड़ा, दलित' तो कभी 'पंडित' के रूप में पेश किया। उन्होंने अखिलेश यादव की ओर इशारा करते हुए यह भी आरोप लगाया कि खुद को आंबेडकरवादी दिखाने के लिए बसपा के नीले रंग के कपड़े पहनकर तस्वीरें खिंचवाई गईं, लेकिन जनता ने इसे स्वीकार नहीं किया। यह भी मायावती द्वारा लगाया गया राजनीतिक आरोप है। मायावती ने अपने बयान में बसपा को आंबेडकरवादी विचारधारा पर चलने वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर काम करती है और सभी लोगों के लिए रोटी, रोजगार, आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ जीवन की पक्षधर है। उन्होंने कहा कि सर्वसमाज के हित और कल्याण के लिए उत्तर प्रदेश में बसपा की जरूरत है।



# छह देशों की भागीदारी से मजबूत होगा अंतरराष्ट्रीय कारोबारी कनेक्ट

## वियतनाम, जापान, सिंगापुर, रूस, ऑस्ट्रिया और बेलारूस होंगे पार्टनर कंट्री

लखनऊ,संवाददाता। यूपी केवल देश के बड़े बाजार के रूप में ही नहीं बल्कि वैश्विक व्यापार, निवेश और विनिर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान मजबूत कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा निवेश आकर्षित करने, निर्यात को बढ़ावा देने और प्रदेश के उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जोड़ने के लिए प्रयासों की झलक उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो यूपीआईटीएस–2026 में भी देखने को मिलेगी। 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में होने वाले यूपीआईटीएस–2026 में वियतनाम, जापान, सिंगापुर, रूस, ऑस्ट्रिया और बेलारूस को पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल किया गया है। छह देशों की भागीदारी वाला यह आयोजन यूपी के लिए 'लोकल से ग्लोबल' की अवधारणा को मजबूत करने का अवसर बनेगा। पार्टनर देशों के प्रतिनिधि अपने उत्पाद व तकनीक प्रदर्शित करने के साथ ही प्रदेश के उद्यमियों, निवेशकों और कारोबारियों से सीधे संवाद करेंगे। इससे व्यापारिक साझेदारी, तकनीकी सहयोग और नए कारोबारी अवसरों के लिए संभावनाएं बनेंगी। यूपीआईटीएस–2026 के पार्टनर कंट्री प्लान के अनुसार, वियतनाम के लिए 54 वर्गमीटर, जापान के लिए 54 वर्गमीटर, सिंगापुर और रूस के लिए 36–36 वर्गमीटर तथा ऑस्ट्रिया के लिए 54 वर्गमीटर प्रदर्शनी क्षेत्र निर्धारित किया गया है। इन पांच देशों के लिए प्रस्तावित सूची में कुल 36 प्रदर्शक और 100 खरीदार शामिल हैं। बेलारूस को भी पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल किया गया है और उसके लिए मुख्यमंत्री के साथ संवाद तथा बी2बी गतिविधियां प्रस्तावित हैं। इस भागीदारी का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यहां गतिविधियां केवल उत्पाद प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेंगी। बी2बी बैठकें, कंट्री सेशंस, राउंडटेबल और उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडलों के साथ संवाद के जरिए कारोबारी संबंधों को आगे बढ़ाने की रूपरेखा तैयार की गई है।यूपीआईटीएस–2026 के पार्टनर कंट्री कार्यक्रम में विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संवाद के विशेष सत्र प्रस्तावित हैं। 25 सितंबर को अलग–अलग देशों के प्रतिनिधियों के लिए संवाद सत्र आयोजित किए जाने हैं। वियतनाम, जापान, सिंगापुर, रूस, ऑस्ट्रिया और बेलारूस से आने वाले प्रतिनिधिमंडलों में राजदूत, हाई कमिश्नर, ट्रेड कमिश्नर, आर्थिक एवं वाणिज्यिक प्रतिनिधि तथा उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल हैं। इनमें भारत में जापान के राजदूत एच.ई. केइची ओनो, भारत में सिंगापुर के हाई कमिश्नर एच.ई. साइमन वोंग, रूस के ट्रेड कमिश्नर आंद्रे सोबोलेव और ऑस्ट्रिया के ट्रेड कमिश्नर एवं कमर्शियल काउंसलर हांस–जोर्ग होर्टनाग्ल समेत अन्य प्रतिनिधियों का उल्लेख किया गया है। वियतनाम की भागीदारी में एविएशन, पर्यटन, कृषि, फार्मास्युटिकल एवं कॉस्मेटिक उत्पाद, खाद्य, टेक्सटाइल, गारमेंट, हस्तशिल्प और इलेक्ट्रिक वाहन जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। इसमें वियतनाम एयरलाइंस, पर्यटन क्षेत्र की कंपनियों, फार्मा एवं हेल्थ से जुड़े उद्यमों तथा अन्य कंपनियों की भागीदारी प्रस्तावित है। इससे उत्तर प्रदेश के उद्यमियों को एविएशन, पर्यटन, फार्मा, कृषि आधारित उद्योग, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय कारोबार के संभावित साझेदारों के साथ संवाद का अवसर मिलेगा।जापान के पवेलियन में तकनीक और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े उत्पादों की व्यापक प्रस्तुति प्रस्तावित है। वाकॉम इंडिया, एयर एंड वॉटर इंडिया, आईटीओ एन, सुशी एंड मोर, कीटो इंडिया और टाइयो इंडिया जैसी कंपनियां सिग्नेचर डिवाइस, औद्योगिक गैस, जापानी चाय, जापानी खाद्य, लिफ्टिंग इक्विपमेंट और मशीनरी स्पेयर पार्ट्स जैसे क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगी। जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन यानी जेट्रो की ओर से निवेश और प्रमोशन नीतियों से संबंधित जानकारी भी साझा की जाएगी। सिंगापुर की कंपनियां वीडियो सर्विलांस सॉल्यूशन, सोल्डरिंग उपकरण और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े उत्पादों के साथ भाग लेंगी। रूस से पेट्रोकेमिकल्स, औद्योगिक गैस, प्रयोगशाला उपकरण, डायग्नोस्टिक किट, ऑक्सीजन सॉल्यूशन और भर्ती एवं स्टाफिंग सेवाओं से जुड़ी कंपनियां प्रस्तावित हैं। वहीं ऑस्ट्रिया की भागीदारी में फोर्कलिफ्ट और वर्कशॉप इक्विपमेंट, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन, डेकोरेटिव एवं लाइटिंग उत्पाद तथा मोबिलिटी और ट्रांसपोर्ट सिस्टम जैसे क्षेत्रों की कंपनियां शामिल होंगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश रणनीति में निवेश आकर्षण के साथ निवेशकों को सुविधा, औद्योगिक बुनियादी ढांचे का विस्तार और वैश्विक कारोबारी नेटवर्क से प्रदेश को जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। यूपीआईटीएस–2026 इसी व्यापक निवेश एवं व्यापारिक कनेक्ट को जमीन पर आगे बढ़ाने का मंच बनेगा। पार्टनर देशों की भागीदारी के जरिए उत्तर प्रदेश के सामने विदेशी बाजारों तक पहुंच बढ़ाने, नई कारोबारी साझेदारियां विकसित करने और तकनीकी सहयोग के अवसर तलाशने की संभावना बनेगी।यूपीआईटीएस में होने वाली बी2बी बैठकें प्रदेश के उद्यमियों और विदेशी कारोबारियों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने का माध्यम बनेंगी। इससे केवल उत्पादों के प्रदर्शन तक सीमित रहने के बजाय कारोबारी साझेदारी और संभावित निवेश प्रस्तावों पर चर्चा का अवसर मिलेगा। वियतनाम के लिए 'इनोवेशन टेक्नोलॉजीज एंड टूरिज्म' विषय पर कंट्री सेशन प्रस्तावित है। वहीं ऑस्ट्रिया की ओर से 'लेवरेजिंग इंडियाज फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स फॉर ग्लोबल बिजनेस ग्रोथ' विषय पर नॉलेज सेशन प्रस्तावित है।

## संक्षिप्त

### साथी छात्रा की मौत के बाद केजीएमयू नर्सिंग छात्रों का प्रदर्शन

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के केजीएमयू में सोमवार सुबह नर्सिंग छात्रों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। साथी छात्रा की मौत के बाद बड़ी संख्या में नर्सिंग छात्र विभाग में जुट गए और घेराव कर धरने पर बैठ गए। इस दौरान छात्र 'वी वांट जस्टिस' के नारे लगा रहे हैं। मौके पर डीन नर्सिंग समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं। अधिकारी छात्रों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन छात्रों में आक्रोश बना हुआ है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों के मुताबिक, नर्सिंग छात्रा दिव्यांशी यादव को डेंगू हुआ था। छात्रों का आरोप है कि बीमारी के दौरान उसे छुट्टी नहीं दी गई। इसके बाद इलाज के लिए उसे वाराणसी ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। प्रदर्शन कर रहे नर्सिंग छात्र के मुताबिक दिव्यांशी यादव नाम की 2025 बैच की छात्रा की कई दिनों से तबीयत खराब थी। छात्रों का आरोप है कि तबीयत खराब होने के बावजूद उसे छुट्टी नहीं दी जा रही थी। तीन दिन पहले इलाज के दौरान दिव्यांशी की मौत हो गई। छात्रा की मौत के बाद नर्सिंग छात्रों में आक्रोश है। छात्र मामले में जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जिम्मेदार इंडियन नर्सिंग काउंसिल के नियमों का खुलेआम उल्लंघन करते है और मनमानी करते है। इसका खामियाजा यहां के छात्रों को भुगतना पड़ रहा है।

### डंपर से टकराई कार, दरोगा की मौत

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के सरोजनीनगर में सोमवार सुबह सड़क हादसे में डायल 112 मुख्यालय में तैनात दरोगा सत्येंद्र सिंह की मौत हो गई। उनकी तेज रफ्तार वैगन आर कार सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक, कानपुर नगर के सनिगवां कोयला नगर निवासी सत्येंद्र सिंह सोमवार सुबह करीब 7 बजे कानपुर से लखनऊ आ रहे थे। वह ड्यूटी के लिए निकले थे और काफी देर हो गई थी। इसी वजह से वह तेज रफ्तार में कार चला रहे थे। सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। हादसे में सत्येंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सत्येंद्र सिंह को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक दरोगा की उम्र करीब 51 वर्ष है। दरोगा के परिवार में उसकी पत्नी अलका सिंह और बेटा राज है। 1995 रैंक के दरोगा हैं

### सड़क पर चलती कार में अचानक आग लगी

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में सोमवार को सड़क पर चलती कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। कार धू–धूकर जलने लगी। घटना निगोहां थाना क्षेत्र के लालपुर गांव की है। कार से आग की लपटें उठती देखकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें कार पूरी तरह आग की लपटों से घिरी नजर आ रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। फिलहाल कार में आग लगने की वजह साफ नहीं हो सकी है। यह भी पता नहीं चला है कि घटना के समय कार में कोई सवार था या नहीं। आग से कार पूरी तरह जल गई। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। आग लगने की वजह और किसी तरह की जनहानि हुई है या नहीं, इसकी पुष्टि जांच के बाद होगी।

### एलयू में एबीवीपी छात्रों ने प्रशासनिक भवन का घेराव कर की जमकर नारेबाजी

लखनऊ,संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू में सोमवार को एबीवीपी से जुड़े छात्रों ने प्रदर्शन किया। छात्रों ने प्रशासनिक भवन का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान 'सपाई कुलपति इस्तीफा दो' के नारे लगाए गए। प्रदर्शन के दौरान छात्रों की चीफ प्रॉक्टर से तीखी नोकझोंक भी हुई। हंगामे को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। चीफ प्रॉक्टर समेत प्रॉक्टोरियल बोर्ड के कई सदस्य मौके पर मौजूद रहे। छात्रों को प्रशासनिक भवन में जाने से रोकने के लिए सिक्योरिटी गार्ड्स ने चौनल गेट बंद कर दिया। इसके बावजूद छात्र हंगामा करते हुए प्रशासनिक भवन परिसर में दाखिल हो गए। इसके बाद भी उनकी नारेबाजी जारी रही। छात्रों का आरोप है कि हॉस्टल में मेस और पानी की व्यवस्था खराब है। इसके बावजूद हॉस्टल की फीस लगातार बढ़ाई जा रही है। छात्रों ने सुविधाएं बेहतर करने की मांग की है। उत्सव पटेल ने बताया कि हॉस्टल में मेस और पानी की समस्या है। खाने का मेन्यू तो बनता है, लेकिन खाने की क्वालिटी लगातार खराब हो रही है। पानी की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। इससे छात्रों की तबीयत खराब हो रही है। यूनिवर्सिटी में फीस लगातार बढ़ाई जा रही है, लेकिन सुविधाएं नहीं बढ़ाई जा रही हैं। इन्हीं समस्याओं और मांगों को लेकर एबीवीपी प्रदर्शन कर रही है। माता प्रसाद सिंह ने बताया कि वह महमूदाबाद छात्रावास में रहते हैं। हॉस्टल की सुविधाएं खराब हैं। इनमें सुधार की जरूरत है। मेस में जो भी दिक्कतें आ रही हैं, उन्हें कुलपति के सामने रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन आगे आकर इन समस्याओं पर कार्रवाई करे तो बेहतर होगा।

### बॉन्डेड डॉक्टरों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास का घेरा

लखनऊ,संवाददाता। राजधनी में सोमवार को बॉन्डेड डॉक्टरों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास का घेराव किया। डॉक्टरों ने वेतन में असमानता के विरोध में प्रदर्शन किया। डॉक्टरों ने कहा कि 2 सितंबर को डिप्टी सीएम ने बारिश में भीगते हुए उनकी मांगें पूरी करने का वादा किया था। इसके 19 दिन बाद भी मांगें पूरी नहीं हुई हैं। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने कहा कि वे प्रदेश के अलग–अलग जिलों से बार–बार लखनऊ आ रहे हैं। आज भी डिप्टी सीएम को उनका वादा याद दिलाने आए हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सभी के पास समान डठठे डिग्री और बॉन्ड है। सेवा भी समान है, लेकिन वेतन अलग–अलग दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के सीएचसी, पीएचसी और दूसरे सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में तैनात डॉक्टरों को करीब 50 से 55 हजार रुपए महीने मानदेय मिल रहा है। वहीं, सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में बॉन्ड सेवा कर रहे डॉक्टरों को करीब 1.10 लाख रुपए महीने तक भुगतान किया जा रहा है।

# स्कूली वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर होगी कड़ी कार्रवाईः डीएम





**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगर। लोहिया कला भवन सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति, विद्यालय प्रबंधकों व रूट मैनेजरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश मोटर यान (26वां संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 222-छ के तहत छात्र-छात्राओं की सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का शत-प्रतिशत पालन कराने पर जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में परिवहन सुरक्षा समिति का अनिवार्य गठन हो और स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट, स्पीड गवर्नर तथा वैध ड्राइविंग लाइसेंस की नियमित जांच की जाए। साथ ही चालकों के पुलिस सत्यापन, दृष्टि परीक्षण तथा बसों में महिला परिचालक की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नियमों की अवहेलना करने वाले विद्यालयों व वाहनों पर कड़ी विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बसों में सीसीटीवी कैमरा स्थापित होना चाहिए और क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने पर वाहन सीज किए जाएंगे। एआरटीओ ने तकनीकी मानकों पर बल देते हुए कहा कि बिना वैध फिटनेस, इंश्योरेंस, स्पीड गवर्नर और एक्टिव जीपीएस के स्कूली वाहनों का संचालन नहीं होगा। इसके लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

शिक्षा व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों ने इंटर कॉलेजों व मदरसों में समिति गठन कर सूची कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए। विद्यालय स्तर पर गठित इस समिति की बैठकें जुलाई, अक्टूबर, जनवरी और अप्रैल में आयोजित की जाएंगी। बैठक में डीआईओएस, बीएसए, एआरटीओ, समस्त बीईओ, थानाध्यक्ष व प्रबंधक मौजूद रहे।

# हज-2027: महरम कोटे में महिलाओं के लिए 500 सीटें आवंटित, 23 सितंबर से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति द्वारा हज-2027 के अंतर्गत महरम श्रेणी में महिलाओं के लिए 500 सीटें आवंटित की गई हैं। हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी सर्कुलर के क्रम में ऐसी महिलाएं, जो पासपोर्ट समय से न बन पाने या किसी अन्य कारणवश पूर्व में आवेदन नहीं कर सकी थीं और उनके महरम का चयन हज-2027 के लिए हो चुका है, वे अपने महरम के कवर में सम्मिलित होने हेतु आवेदन कर सकती हैं। इसके लिए शर्त यह है कि महिला आवेदक ने पूर्व में हज कमेटी अथवा हज ग्रुप ऑर्गेनाइजर के माध्यम से हज यात्रा न की हो।

इच्छुक पात्र महिलाओं को हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट haj committee. gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा, क्योंकि ऑफलाइन या डाक से भेजे गए प्रार्थना पत्र मान्य नहीं होंगे। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 23 सितंबर 2026 से प्रारंभ होकर 07 अक्टूबर 2026 तक चलेगी। आवेदन हेतु आवेदक के पास न्यूनतम 31 दिसंबर 2027 तक वैध मशीन पठित पासपोर्ट होना अनिवार्य है, जिसे आवेदन की तिथि से पूर्व जारी किया गया हो।आवेदन करते समय पासपोर्ट का प्रथम व अंतिम पृष्ठ, पासपोर्ट साइज फोटो, आवासीय पते का प्रमाण तथा महरम से रिश्ते का प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। जिस कवर में महिला आवेदन कर रही हैं, उसमें उन्हें मिलाकर कुल आवेदनों की संख्या पाँच से अधिक नहीं होनी चाहिए। सचिव व कार्यपालक अधिकारी मोहम्मद तारिक के अनुसार, 500 सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में चयन डिजिटल रैंडम सिलेक्शन (ऑनलाइन लॉटरी) के माध्यम से किया जाएगा।

# मिशन शक्ति 5.0: ढेबरुआ पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक, तीन शोहदों पर की कार्रवाई

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगर। थाना ढेबरुआ क्षेत्र के ग्राम ढेकहरी बुजुर्ग में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन, एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी तथा थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति सजग किया।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन व रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष जैसी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1930, 1076, 1098, 181 तथा 108/102 के प्रयोग की जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान एंटी रोमियो टीम ने 20 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की, जिसमें 3 शोहदों व मनचलों से माफीनामा भरवाकर कड़ी चेतावनी के साथ छोड़ा गया। इस दौरान टीम में उप निरीक्षक सोमनाथ शर्मा, कांस्टेबल बृजेश गौतम और महिला आरक्षी अंजली वर्मा शामिल रहीं।




# कुशीनगर में एलपीजी गैस वितरकों ने राष्ट्रपति को भेजा ७ सूत्रीय ज्ञापन

## 26 अक्टूबर से दिल्ली जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी






**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**ब्यूरो कुशीनगर**

कुशीनगर-: एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन इकाई-कुशीनगर के वितरकों ने आज जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को दिया। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन भोपाल के पत्रांक LDAI/ Organisation/26 दिनांक 21.09.2026 के क्रम में दिया गया।

वितरकों ने बताया कि अपनी उचित मांगों के समर्थन में वे 1 सितंबर 2026 से आंदोलनरत हैं। प्रथम चरण में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया। आंदोलन के तहत 21 सितंबर को राष्ट्रपति को ज्ञापन, 5 अक्टूबर को पूरे देश में प्रेस कॉन्फ्रेंस, 6 अक्टूबर को नो मनी नो इंडेंट (ना पैसा जमा करेंगे ना लोड लेंगे) तथा 26 अक्टूबर को जंतर-मंतर, नई दिल्ली में धरना-प्रदर्शन के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

एलपीजी वितरकों की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं

1. प्रशासनिक शुल्क एवं होम डिलीवरी प्रभार (कमीशन) में अ न्दन्द एूल्ब की अनुशंसा के अनुरूप 75 रुपये की तत्काल अंतरिम वृद्धि की जाए।

2. ई-केवाईसी के लिए प्रत्येक ई-केवाईसी का सार्वजनिक तेल कंपनियां 236 रुपये का भुगतान वितरकों को करें।

3. सभी तेल कंपनियां संसद द्वारा बनाए गए कानूनों का पालन करें तथा द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय और वितरण विनियमन आदेश की कंडिका 3(4) का पालन करते हुए NFR7 बेचने के लिए बाध्य न करें।

4. नॉन डोमेस्टिक सिलेंडर बेचने का टारगेट न दें और जबरन इंडेंट मॉडिफाई न करें तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 2 एवं 3 का उल्लंघन कर की जा रही FTL की बिक्री तत्काल बंद करें, क्योंकि यह धारा 3/7 के तहत दंडनीय अपराध है।

5. निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए पीएनजी को अनिवार्य किया जाना संविधान के अनुच्छेद 14 के विरुद्ध है, इसलिए पीएनजी की अनिवार्यता तत्काल समाप्त की जाए।

6. पीएनजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए बंद किए गए नए घरेलू गैस कनेक्शन अविलंब चालू किए जाएं।

7. विक्रय अधिकारियों द्वारा एमडीजी के नाम पर ब्लैकमेल करने की प्रथा तत्काल बंद की जाए।

ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांगों को पूरा कराने हेतु सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार को आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है।इस दौरान अनिल गैस एजेंसी पड़रौना, कैलाश गैस एजेंसी, बिहारी गैस, आदर्श एचपी गैस सहित जिले के सभी वितरक मौजूद रहे।

# दिव्यांग यात्री को टिकट न देने पर परिचालक की सेवा हुई समाप्त

**कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस**

बलरामपुर में दिव्यांग यात्री को बस में मुफ्त टिकट न देने और बीच रास्ते उतारने के मामले में परिवहन निगम ने कार्रवाई की है। विभागीय जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद बलरामपुर डिपो में आउटसोर्सिंग पर तैनात परिचालक कृष्ण कुमार मिश्र की सेवा समाप्त कर दी गई है। उसे संबंधित आउटसोर्सिंग फर्म को वापस भेज दिया गया है।

### 3 सितंबर का है मामला

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोपी नाथ दीक्षित ने बताया कि मामला 3 सितंबर का है। लखनऊ से बलरामपुर आ रही रोडवेज बस (यूपी 78 एलएन 1748) में बलरामपुर के नई बाजार निवासी दिव्यांग यात्री अभिषेक रस्तोगी सफर कर रहे थे। आरोप है कि परिचालक ने यूपीआईडी कार्ड के आधार पर उन्हें मुफ्त टिकट देने से इनकार कर दिया।

यात्रियों की शिकायत के बाद परिवहन निगम ने मामले की जांच कराई। जांच के दौरान परिचालक ने माना कि उसने अभिषेक रस्तोगी को रास्ते में पुलिस चौकी के पास उतार दिया था। उसका कहना था कि यात्री अपना ठिकाना स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहे थे।



# काला नमक भवन को शोरूम मॉडल पर करें विकसित, समय से पूरा हो निर्माणः डीएम



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने सोमवार को कृषि भवन के समीप स्थित काला नमक भवन तथा उसके निर्माणाधीन परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को काला नमक भवन को आकर्षक शोरूम मॉडल के रूप में विकसित करने और परिसर में मिट्टी भराई का कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन भवन के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को तय समय-सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण कराकर हैंडओवर करने की सख्त हिदायत दी। डीएम ने निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कार्य का थर्ड पार्टी सत्यापन कराने का भी निर्देश दिया, ताकि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न रहे।

# छात्र-नौजवानों को पीडीए से जोड़ने के लिए छात्रसभा ने चलाया सदस्यता अभियान

## बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने ग्रहण की सदस्यता

झांसी । समाजवादी छात्र सभा उत्तर प्रदेश द्वारा छात्र-छात्राओं एवं नौजवानों को संगठन से जोड़ने तथा पीडीए के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जागरूकता एवं सदस्यता अभियान के चौथे दिन बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज में सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने समाजवादी छात्रसभा की सदस्यता ग्रहण की।15 सितंबर से 22 सितंबर तक चल रहे अभियान के तहत छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यकर्ताओं ने युवाओं को संगठन के उद्देश्यों एवं पीडीए के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक छात्रों को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया।अभियान का नेतृत्व पं. अनुरुद्ध नायक महानगर अध्यक्ष ने किया, जबकि अध्यक्षता अयान अली हाशमी जिला अध्यक्ष समाजवादी छात्रसभा झांसी ने की। वक्ताओं ने कहा कि छात्र और नौजवान समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनकी सक्रिय भागीदारी से सामाजिक सरोकारों को मजबूती मिल सकती है।इस अवसर पर सैय्यद अली जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड झांसी, सुबोध कांत अहिरवार जिला उपाध्यक्ष समाजवादी छात्रसभा झांसी, आदिल खान, मनु पटेल, अफताब खान, फराज खान, नितेश यादव सहित समाजवादी छात्रसभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनता दर्शन की जांच को प्रभावित करने का आरोप,डीएम, एसपी से एफआईआर की मांग

**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**ब्यूरो कुशीनगर**

कुशीनगर, 21 सितंबर। थाना रामकोला क्षेत्र के राजपुर निवासी गगनदीप दास पुत्र केदार ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी रामकोला को प्रार्थना पत्र देकर सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार, धमकी और शांति भंग का माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए तत्काल ईंध्ं दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थी ने बताया कि उसने जनता दर्शन संदर्भ संख्या 240870 के माध्यम से श्री राम जानकी मंदिर, पुरैनी कुटी की संपत्ति एवं पेड़ कटान के संबंध में शिकायत की थी, जिसकी जांच वर्तमान में चल रही है।

आरोप है कि इसी जांच के संदर्भ में विपक्षीगण दूधनाथ, रामायन एवं बलवंत तथा उनके सहयोगी सुनील राय, सत्या कुशवाहा, सोनू राय आदि द्वारा सोशल मीडिया पर सुनियोजित रूप से प्रार्थी के विरुद्ध भ्रामक, अपमानजनक एवं उकसाने वाली सामग्री प्रसारित की जा रही है। सोशल मीडिया स्क्रीनशॉट में प्रार्थी को 'पकड़कर कुटाई' करने तथा 'आँख फोड़ने/निकालने' जैसी प्रत्यक्ष हिंसक धमकियाँ दी गई हैं तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा इन टिप्पणियों का समर्थन किया गया है।

साथ ही जिला प्रशासन की जांच के संबंध में भ्रामक सूचना प्रसारित कर यह धारणा बनाई जा रही है कि प्रार्थी की शिकायत झूठी सिद्ध हो चुकी है, जबकि प्रकरण की जांच अभी विचाराधीन है।


प्रार्थी ने कहा कि उक्त कृत्य उसे भयभीत करने, उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाने, आमजन को भड़काने तथा प्रशासनिक जांच को प्रभावित करने का गंभीर प्रयास है।

प्रार्थी ने संलग्न सोशल मीडिया साक्ष्यों का तत्काल संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं अन्य लागू विधिक प्रावधानों के अंतर्गत ईंध्ं दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संदर्भ संख्या 240870 की जांच को बिना किसी दबाव के निष्पक्ष एवं शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है।



# सांसद प्रो. रामगोपाल ने कहा निष्पक्ष चुनाव हों तो भाजपा 50 सीटें भी नहीं जीत पाएगी

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने सपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान केंद्र और यूपी सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि यदि निष्पक्ष चुनाव हुआ तो 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रदेश में 50 सीटें भी नहीं मिलेंगी। रामगोपाल यादव ने कहा कि जनता ने आने वाले चुनाव को अपने हाथों में ले लिया है और समाजवादी पार्टी को सत्ता में पहुंचाने का मन बना लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकार लोगों के मकान गिरवा रही है और पैर में गोली मरवा रही है। सरकार के खिलाफ बयान देने या आवाज उठाने वालों पर मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। जो सबसे ज्यादा एनकाउंटर कर दे, वही सबसे अच्छा एसपी माना जाता है। जब पाप का घड़ा भर जाता है तो उसका अंत हो जाता है। उन्होंने सरकार पर अन्याय और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि भारत में जितना अन्याय और भ्रष्टाचार हो रहा है उतना दुनिया के किसी तानाशाह ने भी नहीं किया। निष्पक्ष चुनाव के सवाल पर रामगोपाल यादव ने दावा किया कि पिछले चुनावों में धांधली हुई थी इसलिए जनता सवाल उठा रही है। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर संदेह जताया। उनका कहना था कि यदि चुनाव आयोग निष्पक्ष रहा तो निष्पक्ष चुनाव हो सकता है। यूपीआई भुगतान को लेकर रामगोपाल यादव ने आरोप लगाया कि आम यूपीआई लेनदेन पर टैक्स लगाया गया है। उन्होंने दावा किया कि इससे यूपीआई कंपनियों के खातों में करोड़ों रुपये जाएंगे और यह पैसा सरकार के पास नहीं पहुंचेगा। उन्होंने आशंका जताई कि यदि भाजपा सत्ता में बनी रही तो पांच-दस साल बाद चुनाव भी नहीं कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर जनता के बीच सवाल उठ रहे हैं।

# गड्ढे में अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी से निकाला गया शव

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। बेला थाना क्षेत्र के गांव दलपपुर स्थित वन विभाग के क्षेत्र में रविवार को एक अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। गांव के लोग बकरी चराने गए थे। इसी दौरान उन्हें कुछ संदिग्ध दिखाई दिया। संदेह होने पर ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बेला थाना प्रभारी अमर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बताया गया कि महिला का शव करीब पांच फीट गहरे गड्ढे में दबा हुआ था। शव को बाहर निकालना काफी मुश्किल था। पुलिस टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से गड्ढे की खुदाई कर शव को बाहर निकलवाया। घटना की जानकारी मिलते ही फोरेंसिक टीम, वन विभाग के सिपाही अवनीश कश्यप , लेखपाल समेत संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य संकलन किए और पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के शव की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया गया है। महिला की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। शिनाख्त होने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## बस स्टेशन के पास मिला अज्ञात युवक का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। सदर कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मनगर चौकी अंतर्गत रविवार को रोडवेज बस स्टेशन के समीप मैदान में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया,लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। ब्रह्मनगर चौकी पुलिस को राहगीरों द्वारा सूचना मिली कि रोडवेज बस स्टेशन के पास मैदान में एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है और उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हो रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। जांच के बाद पुलिस ने उसे मृत पाया।पुलिस ने युवक के पास मौजूद सामान की तलाशी ली, लेकिन ऐसा कोई दस्तावेज या कागज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर मोर्चरी में रखवा दिया। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र तिवारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पहचान कराने के लिए आसपास के थानों को सूचना भेजी जा रही है। इसके साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी मृतक की पहचान कराने के प्रयास किया जा रहा है।

## औरैया में बड़े मंगल को लगेगा विशाल एवं ऐतिहासिक दंगल अन्य देश के पहलवान भरेंगे कुश्ती की हुंकार, जुटेंगे हजारों दर्शक

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद के अजीतमल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिरुहूनी शिव मंदिर परिसर में 22 और 23 सितंबर 2026 को दो दिवसीय राज्य स्तरीय दंगल का आयोजन होगा। 55 वर्ष पुराने दंगल में कुश्ती की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महादेव दंगल कमेटी ने आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली है। दंगल में उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, असम, दिल्ली और मध्य प्रदेश के सहित नेपाल के पहलवान भी हिस्सा लेंगे। आयोजकों के अनुसार दंगल में करीब 25 से 35 हजार दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। दंगल में भारत केसरी रामेश्वर पहलवान, ठाकुर अभियानक, लाडी बाबा,जावेद गिनी, देव थापा, मौसम अली, कटप्पा राजस्थान और विक्रम यादव समेत कई नामी पहलवान अखाड़े में उतरकर अपने दांव पेच दिखाएंगे।महिला पहलवानों में हरियाणा की पूनम और गोरखपुर की ज्योति भी दमखम दिखाएंगी। लाखों रुपये की कुश्तियां कराकर विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। भारी भीड़ को देखते हुए दंगल कमेटी ने एसडीएम अजीतमल से पुलिस कर्मियों की तैनाती,चिकित्सा टीम और एंबुलेंस की व्यवस्था कराने की मांग की है। आयोजन का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडेय और समापन पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार दुबे करेंगे।

## रेलवे ट्रैक किनारे मिला नवजात का शव

प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर बलरई स्टेशन के डाउन प्लेटफार्म के पश्चिमी छोर पर सोमवार सुबह गिट्टियों पर नवजात शिशु का शव पड़ा मिला।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया आशंका है कि जन्म के तुरंत बाद ही शिशु को लाइन किनारे छोड़ दिया गया।जिससे उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने आसपास के गांवों में पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## छत के रास्ते दुकान में घुसे चोर नकदी समेत हजारों का सामान किया पार

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत इंटर कॉलेज के सामने दलेलनगर संपर्क मार्ग पर स्थित परचून की दुकान में अज्ञात चोर छत के रास्ते घुस गए। और दुकान की गोलक में रखी करीब 25 हजार रुपये की नकदी के अलावा हजारों रुपये का किराना सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। कस्बे में जिला पंचायत इंटर कॉलेज के पीछे की बस्ती निवासी इमरान मंसूरी पुत्र इलयास मंसूरी दलेलनगर संपर्क मार्ग पर परचून की दुकान किए है। शनिवार शाम उनके बेटे की तबीयत खराब हो गई थी। इसके चलते वह जल्दबाजी में दुकान बंद कर घर चले गए। दिनभर की बिक्री के करीब 25 हजार रुपये उन्होंने दुकान की गोलक में ही छोड़ दिए थे। आसपास के लोगों ने इमरान को फोन कर दुकान का साइड वाला दरवाजा खुला होने की जानकारी दी। वह तत्काल दुकान पहुंचे और जांच की तो सामान बिखरा मिला। छत के रास्ते चोरों के दुकान में घुसने की आशंका जताई गई। चोर गोलक में रखी करीब 25 हजार रुपये की नकदी के साथ तीन बोरी चावल, घी, बादाम-काजू और तेल के डिब्बे समेत करीब 30 हजार रुपये का किराना का सामान चोरी कर ले गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## बच्चों की लड़ाई में खूब चले ईंट पत्थर और लाठी डंडे,पाँच घायल छतों पर चढ़कर हुआ पथराव

### छह पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने तीन आरोपियों को भेजा जेल अन्य की तलाश जारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर। थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया भाट में बच्चों के मामूली झगड़े ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया।पड़ोसियों ने एक परिवार पर लाठी डंडों से हमला करने के बाद छत पर चढ़कर ईंट पत्थर बरसाए, जिसमें एक ही परिवार के पाँच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार रात करीब 10:20 बजे की बताई गई है।पीडि़त राजेन्द्र सिंह पुत्र वासुदेव निवासी नगरिया भाट ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बच्चों के आपसी झगड़े को लेकर पड़ोसी सचिन राजपूत, नितेश राजपूत, बबलू राजपूत, अजय राजपूत, राहुल और दिनेश उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे।विरोध करने पर सभी ने मिलकर परिवार के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। जब परिवार ने बचाव किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी छतों पर चढ़ गए और वहां से ईंट पत्थर फेंकने लगे।इस पथराव में राजेन्द्र सिंह सहित परिवार के गणेश धर्मेन्द्र सत्यप्रकाश और गोविन्द गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी को चोटें आई है।मामले को लेकर थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि पीडि़त की तहरीर के आधार पर बीएनएस की सुसंगत धाराओं में छह लोगो पर मुकदमा दर्ज किया गया है।घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पुलिस ने मामले की छानबीन के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपियों में से सचिन दिनेश समेत तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है,अन्य की तलाश जारी है।

# यादें सिर्फ स्मृतियाँ नही, हमारी पहचान है : डॉ. इशान्या राज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। विश्व अल्ज़ाइमर दिवस के अवसर पर रविवार को मनोविज्ञान के क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हर साल 21 सितंबर को विश्व अल्ज़ाइमर दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ऽयादें सिर्फ स्मृतियाँ नहीं, यह हमारी पहचान है'ऽ रखी गई है। क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक (परामर्शदाता) डॉ. इशान्या राज, प्रयागराज ने बताया कि अल्ज़ाइमर एक प्रगतिशील मस्तिष्क विकार है, जो धीरे-धीरे बढ़ता है। यह याददाश्त, सोचने की क्षमता, व्यवहार और दैनिक गतिविधियों को प्रभावित करता है और डिमेंशिया का सबसे सामान्य कारण है। उन्होंने बताया कि यह सिर्फ भूलने की बीमारी नहीं है। इसके लक्षणों में हाल की याददाश्त में कमी, सोचने-योजना बनाने में कठिनाई, भाषा में परेशानी, चिड़चिड़ापन-उदासी और दैनिक कार्य करने में कठिनाई शामिल है।

विश्व में लगभग 55 मिलियन लोग अल्ज़ाइमर से पीडि़त है, जो 2030 तक 78 मिलियन और 2050 तक 139 मिलियन होने का अनुमान है। भारत में वर्ष 2023 में 87 लाख लोग डिमेंशिया से पीडि़त थे। 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 10 में से 1 व्यक्ति अल्ज़ाइमर का शिकार है।65 वर्ष से अधिक आयु, परिवार में अल्ज़ाइमर का इतिहास, ह्रदय रोग, मधुमेह, मोटापा व कम शारीरिक-मानसिक सक्रियता वालों में जोखिम अधिक है।डॉ. ईशान्या राज ने कहा कि समय पर पहचान से इसकी गति धीमी की जा सकती है। बचाव के लिए पहेलियाँ हल करना, संगीत सुनना, नई चीजें सीखना, लेखन, नियमित व्यायाम, योग, संतुलित आहार, पूरी नींद और धूम्रपान से दूरी जरूरी है। देखभाल करने वालों को धैर्य, गरिमा बनाए रखना और खुद के लिए समय निकालना चाहिए।



उन्होंने संदेश दिया अल्ज़ाइमर सिर्फ एक बीमारी नहीं, यह एक यात्रा है जिसमें सहानुभूति, समझ और साथ की जरूरत है। जागरूकता ही बेहतर कल है।

## जीवन रुपी गाड़ी में संयम के ब्रेक लगायेंः विशाश्री माताजी

झांसी। अतिशय क्षेत्र करगुवांजी स्थित विद्यासागर सभागार में पर्युषण पर्व'के छठवें दिन उत्तम संयम पर्व पर मंगल देशना देते हुए गणिनी आर्यिका 105 विशाश्री माताजी ने कहा कि संयम का मतलब कंट्रोल का दिन यानि खुद पर नियंत्रण। आंख, कान, जीभ आदि जैसी इंद्रियों पर ब्रेक लगाना है अर्थात बेवजह कुछ भी देखना, सुनना और खाना टालना है। उन्होंने कहा कि संयम हमारा बड़ा मित्र है जो अनंत सुख की खोज ही नहीं प्राप्ति भी कराता है। संयम रूपी यह रत्न सौधर्म इंद्र के खजाने से नहीं मिलता यह तो? हम सभी के भीतर से ही प्रकट होगा। जिसने सत्य को पहचान लिया है उसके जीवन में संयम अपने आप घटित होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बिना संयम के एक ड्राइवर गाड़ी चलाता है तो वह खाई में गिर सकती है इसी प्रकार जीवन रुपी गाड़ी को चलाने के लिए संयम जरूरी है। उन्होंने कि अनेकों पशु पक्षियों ने भी संयम धारण कर भगवत्ता को प्राप्त किया है। वे कहती हैं कि जिस प्रकार नदी के दो किनारे हैं उसी प्रकार संयम के भी दो किनारे हैं एक वाणी संयम और दूसरा इंद्रिय संयम। वे कहती हैं कि जीवन की गाड़ी में ब्रेक आवश्यक है। बिना ब्रेक के चल रही जीवन की गाड़ी कब किस खाई में गिर जाये पता नहीं अर्थात कब अंतिम श्वांस का विसर्जन हो यह किसी को ज्ञात नहीं है, इसलिए आज और अभी से संयम को अपने आचरण में धारण कर लेना।इससे पूर्व भक्तामर महा मण्डल आराधना विधान के पचासवें दिन के पुण्यार्जक? डा. निर्देश जैन,डा. रुचि जैन, काव्या, भाव्या, दीपचंद जैन, श्रीमती भागवती जैन,राकेश कुमार जैन, श्रीमती सरोज जैन एवं समस्त चौधरी परिवार बरुआसागर रहे, जिन्होंने शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त किया, माताजी को शास्त्र भेंटकर पाद प्रक्षालन किया एवं पं.कमलेश जैन? शास्त्री छतरपुर के मार्गदर्शन में समस्त धार्मिक क्रियायें सम्पन्न कराते हुए अर्घ समर्पित किये। प्रारंभ में पुण्यार्जक परिजनों ने आचार्य श्री विराग सागर एवं विमल सागर जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करने का सौभाग्य प्राप्त किया।संचालन कमल जैन लोकपथ एवं एड.शिरोमणी जैन ने संयुक्त रुप से किया।अंत में सि.संजय कुमार जैन एवं भागचंद जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रवींद्र जैन रेल्वे,रानू जैन, विकास जैन, श्रीमती रानी जैन, श्रीमती प्रीति जैन, सहित बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु मौजूद? रहे।

# 24 सितंबर को शानो शौकत के साथ निकलेगा जुलूस-ए गोसिया

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। इतवार को बाद नमाज इशा मदरसा दारुल उलूम गोसिया तजबीदुल कुरआन आजाद नगर नई बस्ती में जुलूस-ए गोसिया के सम्बंध में एक अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया है जुलूस-ए गोसिया 7बजे बृहस्पतिवार (जुमरात) को मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरआन आज़ाद नगर नई बस्ती से उलमाए इकराम की सरपरस्ती में बड़े ही अदब व एहतराम के साथ निकाला जाएगा बैठक की अध्यक्षता कारी सरफराज आलम निज़ामी और मौलाना उबैदुर रहमान खान कादरी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में जुलूस-ए-गोसिया से सम्बन्धित तमाम मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ और आखरी निणय लेते हुए कारी सरफराज आलम निजामी और मौलाना उबैदुर रहमान खान ने जुलूस के मुताल्लिक एडवांजरी जारी की। उन्होंने तमाम उम्मते मुस्लिम से कहा जुलूस-ए? गोसिया इंसानियत और अमन का पैगाम देता है। बैठक में कहा कि जुलूस में डी.जे. का इस्तेमाल न करें और रीमिक्स नात शरीफ कतई न बजाएँ। साफ-सुथरे लिबास में आएँ और सर पर टोपी या अमामा शरीफ जरूर पहनें। जुलूस में दरूद-ओ-सलाम और नात शरीफ पढ़ते हुए चलें। सड़क व गलियों में राहगीरों के लिए रास्ता छोड़कर चलें। जुलूस -ए गोसिया की शान का ख्याल रखते हुए अदब व एहतराम से चलें। झंडा केवल हरे रंग का सादा लेकर चले जुलूस के दौरान एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन व अन्य सेवाओं को फौरन रास्ता दे बैठक में मौलाना वाजिद अली,हाफिज उमर बरकाती, हाफिज कफील, हाफिज हारून, इन्तिजारअहमद खा हाजी अजीम वारसी, हाजी रहीसअहमद आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# एकलव्य सिने प्रोडक्शन व एडविज डिजिटल के ऑडिशन में 100 से अधिक प्रतिभाओं ने दिखाया दम

## फिल्म,वेब सीरीज और माइक्रो ड्रामा के लिए कई जिलों से पहुंचे कलाकार,दीप प्रज्वलन के साथ हुआ भव्य आयोजन

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। एकलव्य सिने प्रोडक्शन एवं एडविज डिजिटल के तत्वावधान में आगामी फीचर फिल्म,शॉर्ट फिल्म,वेब सीरीज और माइक्रो ड्रामा प्रोजेक्ट्स के लिए इटावा में भव्य ऑडिशन आयोजित किया गया।इसमें इटावा सहित मैनपुरी, फर्रुखाबाद,कन्नौज, फिरोजाबाद और शाहजहाँपुर से आए 100 से अधिक कलाकारों ने कैमरे के सामने अपनी अभिनय क्षमता,संवाद अदायगी और स्क्रीन प्रेजेंस का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर पारस जैन, डॉ.आदित्य शर्मा,डॉ.रश्मि यादव,डॉ.कैलाश चन्द्र यादव,एस.पी.गुप्ता,सजल गुप्ता और बालाजी हाईटेक प्रिंट वाला के संस्थापक प्रताप जी सहित कई गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन इब्जा एडवाइजरी कमेटी उत्तर प्रदेश व इटावा के प्रेसिडेंट पारस जैन ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने की इस पहल की सराहना की। प्रतिभागियों के अभिनय का मूल्यांकन निर्णायक मंडल में शामिल रविंद्र चौहान,कुमार मनोज,गौरव चौहान, रजनीश त्रिपाठी और मोहिनी मिश्रा ने किया।आयोजकों ने बताया कि चयनित कलाकारों को आगामी प्रोजेक्ट्स में भूमिकाएं दी जाएंगी।

कार्यक्रम में प्रोडक्शन कोर टीम के सदस्य राहुल तोमर, रजत यादव,अमन यादव, अवनीश त्रिपाठी, रवि रतन, किशोर,मिथुन,सौरव शाक्य, रवि यादव,दिव्य, अनुष्का, पवन और सौरभ उपस्थित रहे।



# सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय ही जन कल्याण का सबसे बड़ा मंत्र-नन्दी

**सुनील कुमार गुप्ता**

मीरजापुर । प्रदेश के मंत्री औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आई0 एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग उ0प्र0 एवं जनपद के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने अष्टभुजा निरीक्षण गृह के सभागार में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में नगर विधायक रतनकर मिश्रा, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्या, विधायक छानबे रिंकी कोल, भाजपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज, नगर पालिका अध्यक्ष मीरजापुर श्याम सुंदर केशरी, भाजपा जिला महामंत्री रवि पांडे, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।बैठक में विधायकगण व पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जन हित से जुड़ी विभिनन समस्याओं/विषयों पर चर्चा की।

प्रभारी मंत्री ने बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय जन कल्याण का सबसे बड़ा मंत्र है। उन्होंने कहा



कि उ0प्र0 सरकार का लक्ष्य है कि केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों को समर्पित 'सेवा संकल्प अभियान' को जनपद में व्यापक जन भागीदारी और उत्साह के साथ आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 25 वर्षों तक निस्वार्थ सेवा की है जो देश के लिए गौरव की बात है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल सरकारी अभियान न बनकर बल्कि जन उत्सव के रूप में मनाया जाए। 17 सितम्बर 2026 से प्रारम्भ होकर 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले इस अभियान को प्रत्येक विकास खण्ड, ग्राम पंचायत, नगर वार्ड आदि में उत्सव के रूप में आयोजित कर गांव-गांव में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए युवाओं को सेवा कार्यों से जोड़ने का कार्य किया जाए।मंत्री ने संगठन के पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि आपस में बेहतर तालमेल बनाकर कार्य करें यदि कहीं किसी स्तर पर समस्याएं आ रही हैं तो उसे उच्च स्तर पर समय से अवगत कराया जाए ताकि त्वरित समाधान कराया जा सके। सेवा संकल्प अभियान को जनपद में व्यापक जन भागीदारी और उत्साह के साथ आयोजित करने की आगे की तैयारियों पर भी चर्चा की गई।मंत्री ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यालयों में आने वाले जनता जनार्दन की समस्याओं को भली-भांति सुने तथा उसका संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति को रोस्टर के अनुसार करने का निर्देश दिया।

जल जीवन मिशन के अधिकारियों को शत प्रतिशत गांवों में पेयजल आपूर्ति के निर्देश देते हुए कहा कि आपूर्ति के समय यदि कहीं लीकेज व पाइप टूटने आदि की शिकायतें प्राप्त होती हैं तो उसका तत्काल समाधान किया जाए ताकि पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने कहा कि वर्षा का मौसम समाप्त हो रहा है अतएव लोक निर्माण विभाग व अन्य कार्यदायी संस्थाएं अपने-अपने सड़कों को गड्ढामुक्ति अभियान के तहत निर्धारित समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित कराएं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 धर्मजीत सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 विनोद कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर महेन्द्र सिंह, लालगंज अजीत कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर व चुनार, तहसीलदार सदर दीक्षा पाण्डेय के अलावा भारतीय जनता पार्टी के नितिन विश्वकर्मा के अलावा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी ने मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण प्रगति का किया निरीक्षण

**सुनील कुमार गुप्ता**

मीरजापुर । जनपद के मड़िहान तहसील अन्तर्गत निर्माणाधीन मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय के प्रगति कार्य का मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान एकेडमिक ब्लाक के क्लासरूम में छात्रों के बैठने हेतु सिटिंग व्यवस्था की लेट लतीफी व शौचालयों के पूर्ण न होने पर तथा अन्य निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर मण्डलायुक्त ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड व संबंधित कांट्रैक्टर को कड़ी फटकार लगाते हुए 15 दिवस के अन्दर सभी कक्षाएं शिक्षण योग्य बनाने का निर्देश दिया।

विश्वविद्यालय से मुख्य मार्ग के निर्माण कार्य व विश्वविद्यालय के पास बन रहे पुलिया को भी 15 दिवस के अन्दर शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के पेयजल आपूर्ति, विद्युत सब स्टेशन, फायर सेफ्टी हेतु एनओसी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि जिस भी विभाग से एनओसी लेना है वहां आवेदन कर तत्काल एनओसी प्राप्त कर लिया जाए। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को निर्देशित किया कि प्रत्येक दिन सुबह 09 बजे व सायं 05 बजे कार्यदायी संस्थाओं के साथ कार्य प्रगति की समीक्षा करें।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग सीडी-2 के सड़क निर्माण में सही उत्तर न दे पाने पर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि समय पर सड़क व पुल का कार्य पूर्ण नहीं होता है तो निलम्बन की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान परीक्षा नियंत्रण कक्ष, कुलपति कक्ष, वित्त नियंत्रक कक्ष सहित अन्य भवनों का भी निरीक्षण कर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे/मुख्य राजस्व अधिकारी विजेता, तहसीलदार मड़िहान आशीष कुमार पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेवा दिवस एवं आशीर्वाद थीम पर विकास भवन में लगी प्रदर्शनी

## जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

**सुनील कुमार गुप्ता**

मीरजापुर । शासन के निर्देश पर सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को विकास भवन परिसर में सेवा दिवस एवं आशीर्वाद थीम पर विभिनन विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विधायक रतनकर मिश्र, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, मझवां विधायक सुचिस्मिता मौर्या, छानबे विधायक रिंकी कोल, भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रदर्शनी में कृषि, बाल विकास, उद्यान, दिव्यांगजन कल्याण, कौशल विकास, एनआरएलएम और जल जीवन मिशन सहित



करीब 15 विभागों ने स्टॉल लगाए। जनप्रतिनिधियों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली।

कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों को विभिनन योजनाओं का लाभ दिया गया। एनआरएलएम की ओर से 1.57 करोड़ रुपये से अधिक का चेक, 10 लाभार्थियों को टूल किट, सफाई मित्रों को स्वच्छता किट व प्रशस्ति पत्र, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन व नियुक्ति पत्र, मुख्यमंत्री आवास के स्वीकृति पत्र तथा सीएम युवा योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित भी किया गया। वहीं सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिनन विद्यालयों में चित्रकला, रंगोली, वाद-विवाद और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। राजकीय महाविद्यालय मझवां में डिजिटल नुक्कड़ नाटक और मगरहा राजकीय सनतकोत्तर महाविद्यालय में गोष्ठी व वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी राजीव कुमार शर्मा, परियोजना निदेशक धर्मजीत सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार रमाशंकर सिंह राजपूत, जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अमृत योजना के कार्यों से जनता में रोष-नपाध्यक्ष

**सुनील कुमार गुप्ता**



मीरजापुर। अमृत योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों में लापरवाही और सड़कों की खराब स्थिति को लेकर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने मीटिंग में कड़ी नाराजगी जताई।अध्यक्ष ने कहा कि अमृत योजना के कार्यों से जनता में रोष है। आए दिन किसी न किसी सड़क को खोद दिया जा रहा है, जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ ही सीवर जाम होने की समस्या भी सामने आ रही है। कई स्थानों पर सड़कें खोदे जाने के बाद उनकी ठीक से मरम्मत नहीं होने से स्थिति बेहद खराब हो गई है।नगर पालिका अध्यक्ष की कार्यों को लेकर जताई गई नाराजगी को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों की बैठक बुलाई। इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी,ईओ जी लाल सहित अमृत योजना के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अमृत योजना के कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और आम जनता को हो रही परेशानियों की समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने बैठक में ही चार जेई के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज करने,जबकि एक्सईएन को शो-कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया वहीं एई को भी कड़ी चेतावनी दी गई।नगर पालिका अध्यक्ष ने बैठक में जनता की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि योजना के नाम पर सड़कें खोदने के बाद उन्हें समय से दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी के साथ ही सीवर जाम और जलभराव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कार्यों में तेजी लाने और खोदी गई सड़कों को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की।जिलाधिकारी की बैठक में हुई इस कार्रवाई के बाद अमृत योजना से जुड़े अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।डीएम ने अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने तथा आम जनता को हो रही परेशानियों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

# मिर्जापुर के तिलठी गांव के सपूत अवधेश कुमार यादव संयुक्त राष्ट्र मिशन में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**सुनील कुमार गुप्ता**

मीरजापुर । जिले के तिलठी गांव निवासी भारतीय सेना के जूनियर कमीशंड ऑफिसर (व्ध) अवधेश कुमार यादव संयुक्त राष्ट्र (ळन्) मिशन के तहत अफ्रीकी देश में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना हो रहे हैं। वर्तमान में वे भारतीय सेना में जूनियर इंजीनियर (नेटवर्क इंजीनियर) नैंदिव हिंग्ही के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।




संयुक्त राष्ट्र मिशन के दौरान अवधेश कुमार यादव जूनियर इंजीनियर (नेटवर्क इंजीनियर) नैंदिव हिंग्ही के रूप में अपनी तकनीकी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। इस महत्वपूर्ण दायित्व के तहत वे मिशन से संबंधित नेटवर्क एवं संचार व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा तकनीकी सेवाओं के संचालन में अपनी भूमिका निभाएंगे।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र मिशन में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर उनके लिए गौरव और सम्मान का विषय है। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार, गांव, क्षेत्र और जिले में खुशी एवं गर्व का माहौल है।

अवधेश कुमार यादव भारतीय सेना में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ कर रहे हैं। अब संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय मिशन में सेवाएं देने का अवसर उनकी सैन्य सेवा की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

तिलठी गांव के लोगों एवं क्षेत्रवासियों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसनन्ता व्यक्त करते हुए उन्हें सफल मिशन, सुरक्षित यात्रा और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए देशसेवा, मेहनत और समर्पण की प्रेरणा है।

अवधेश कुमार यादव ने कहा, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों है। मैं अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए देश का गौरव बढ़ाने का प्रयास करूंगा।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा को नाटक के माध्यम से किया जाएगा जीवंत

**सुनील कुमार गुप्ता**

मीरजापुर । भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में दिनांक 21.09.2026 से 17.10.2026 तक रंगमंच का आयोजन किया जायेगा । जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'नमो सेवा–अनकही कहानियाँ' कार्यक्रम के तहत विशेष नाट्य मंचनों का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में मीरजापुर में भी एक विशेष एवं भव्य नाट्य प्रस्तुति आयोजित की जाएगी ।

इस नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक जीवन की यात्रा, राष्ट्र सेवा के प्रति उनका समर्पण, जनकल्याण के लिए किए गए प्रयासों तथा सुशासन के माध्यम से देश में आए व्यापक बदलावों को जीवंत और भावनात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा तक की यात्रा को संवाद, अभिनय, संगीत और प्रभावशाली मंचन के माध्यम से दर्शकों के सामने रखा जाएगा । 'नमो सेवा–अनकही कहानियाँ' की प्रस्तुति को सरल, संवेदनशील और संगीतमय स्वरूप दिया गया है, ताकि प्रधानमंत्री जी की सेवा यात्रा और जनकल्याण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहजता से पहुँचाया जा सके। कुशल कलाकार अपने जीवंत अभिनय और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से उन प्रेरक प्रसंगों को



मंच पर साकार करेंगे, जिनमें सेवा, समर्पण, अंत्योदय और राष्ट्र निर्माण की भावना दिखाई देती है । इस व्यापक अभियान के अंतर्गत राज्यभर में प्रत्येग विधानसभा में 30 नाट्य मंचनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों, सामुदायिक केंद्रों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी इन प्रस्तुतियों के माध्यम से जनसंवाद स्थापित किया जाएगा ।

भारतीय जनता पार्टी का यह अभियान सेवा, सुशासन, अंत्योदय और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास है, जिसमें कला और नाट्य के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा ।उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष शरदिन्दुमणि त्रिपाठी हेमन्त, चिंतामणि मौर्या, उदयभान तिवारी, जिला महामंत्री डॉ0 सी0एल0 बिन्द, स्वामीनाथ सिंह, जिलामंत्री वीरेन्द्र कुमार कोल, रोहित त्रिपाठी, पूनम चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा, अमित कुमार सिंह, आनंद मैनी, जिला कार्यसमिति राम शिरोमणि मौर्य, मनोज दूबे, जिला मीडिया सह प्रभारी विजय शक्ति दूबे, शुभम जायसवाल के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे । उक्त जानकारी जिला मीडिया पं0 भावेश शर्मा ने दिया ।

# कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने 'जनसंवाद' में सुनीं सैकड़ों फरियादें, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



**सुनील कुमार गुप्ता**

मीरजापुर । अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता मामले विभाग के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने रविवार को सरदार पटेल चौराहा (पटेल चौक), भरुहना स्थित सांसद जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित 'जनसंवाद' कार्यक्रम में जनपदवासियों की समस्याएं सुनीं।जनसंवाद कार्यक्रम में जनपद के कोने-कोने से आए सैकड़ों फरियादियों, अपना दल (एस) एवं एनडीए घटक दलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बिजली, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, राजस्व एवं पुलिस से संबंधित अपनी-अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। मंत्री ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

# सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक यादव का जमालपुर में प्रथम आगमन

**सुनील कुमार गुप्ता**

मीरजापुर । सोमवार को समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अशोक यादव के जमालपुर प्रथम आगमन पर रविंद्रालय बहुआर में जिला उपाध्यक्ष रविप्रकाश त्रिपाठी के आवास पर क्षेत्र के सम्मानित कार्यकर्ताओं से शिष्टाचार मुलाकात की तथा आगामी विधानसभा चुनाव में सभी को तन-मन-धन से सक्रिय हो जाने का निर्देश दिया। कार्यकर्ताओं के साथ चाय पी।

उनके साथ पूर्व विधायक जगदंबा सिंह पटेल, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह पटेल, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश भारती, पूर्व महासचिव अभय यादव, दुर्गा प्रसाद सिंह, रमाकांत यादव साथ रहे।

उक्त अवसर पर अशोक दीक्षित, संजय तिवारी, नरेंद्र चौबे, केशरी नंदन चौबे, संजय पांडे, अवधेश सिंह, उमाशंकर यादव, मोहित यादव, मो. रफीक, राजन पटवा, अशोक सिंह, जंग बहादुर सिंह, बिजेंद्र सिंह, अमन पटेल, रामाश्रय यादव, देवेंद्र भारती, अनामय द्विवेदी,



राजकुमार तिवारी, शिवदास सिंह, दयाराम यादव, मुरारी सिंह, घनश्याम यादव, सुशील यादव, सुनील मिश्रा, दिनेश चौबे, राजीव पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# थाना देवबन्द,सहारनपुर पुलिस द्वारा बलवा, पुलिस बल पर हमला एवं लोक व्यवस्था बाधित करने के प्रकरण में वांछित 5 अभियुक्तगण गिरफ्तार

**प्रातकाल एक्सप्रेस**



सहारनपुर। घटना का विवरण दिनांक 28 जुलाई 2026 को मु0अ0सं0 542/2026 धारा 140(1),103(1),238(ए),3(5) बीएनएस में मृतक शिवा पुत्र जय प्रकाश निवासी मौहल्ला शशिनगर, कस्बा व थाना देवबन्द, जनपद के परिजनों ने आक्रोश में शव को मुजफ्फरनगर हाईवे पर मण्डी के पास कट हाईवे पर रख कर अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए हाईवे जाम करना पुलिस पार्टी पर गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देते हुए और अधिक उग्र होकर पुलिस बल पर अचानक से ईंट पत्थरों से पथराव करने लगे और लाठी डण्डों आदि से हमलावर होकर पुलिस वालों के साथ धक्का-मुक्की व मारपीट करना, मौके पर लोक व्यवस्था छिनन्‍ भिनन्‍ हो जाना । उक्त घटना के सम्बन्ध में उ0नि0 डैनी तैनाती थाना देवबन्द द्वारा थाना हाजा पर दिनांक 30/7/26 को मु0अ0सं0- 550/26 धारा 191(2)/191(3)/190/194/115(2)/121(1)/125/126(2)/132/324/271/272/223 बीएनएस व धारा 07 सी0एल0ए0 एक्ट व धारा 03 महामारी अधिनियम.बनाम अरूण आदि 25 नफर नामजद व 70-80 व्यक्ति अज्ञात पंजीकृत किया गया। पुलिस कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग की जा रही है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक देवबन्द सन्दीप बालियान के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना देवबन्द पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त 1. लक्की पुत्र ऋषिपाल निवासी गांधी कालोनी थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर 2. दीपक पुत्र रामपाल निवासी ग्राम फौलादपुरा थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर 3. विशू पुत्र रोशन 4. आशु पुत्र सनव्वर 5. अक्षय पुत्र पाल्लू निवासीगण मोहल्ला गांधी कॉलोनी शशिनगर, लालवाला रोड, कस्बा व थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर को मण्डी के दूसरे गेट के पास से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# मुजफ्फरनगर में पुलिस मुठभेड़, गांजा तस्कर घायल

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा के तहत तितावी पुलिस और एसओजी देहात की संयुक्त टीम ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक गांजा तस्कर को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के कब्जे से 20.575 किलोग्राम गांजा, एक मोटरसाइकिल और अवैध तमंचा बरामद किया गया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है सोमवार देर रात नहर पटरी, हैदरनगर बिजलीघर के पास मुकुंदपुर-शाहपुर मार्ग पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह पुलिस को देखकर लखान की ओर भागने लगा। पीछा करने पर उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद आरोपी जंगल की ओर भागते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा पुलिस का कहना है कि जवाबी कार्रवाई में आरोपी नितिन पुत्र सोनवीर, निवासी नूनाखेड़ा, थाना तितावी, घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस ने आरोपी के पास से 20.575 किलो गांजा, सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा तथा एक खोखा कारतूस बरामद किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने गांजा खरीदकर अलग-अलग स्थानों पर सप्लाई करने की बात बताई है। पुलिस उसके फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच कर रही है। आरोपी के खिलाफ तितावी थाने में एनडीपीएस एक्ट, शस्त्र अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का पूर्व में भी कई मुकदमों में आपराधिक इतिहास रहा है।

# साधु-संतों का सत्संग बड़े भाग्य से मिलता हैः प्रदीप आनंद



**प्रातः काल एक्सप्रेस**

चिलकाना। मोहल्ला कोठीवाला स्थित गुरु रविदास मंदिर में साप्ताहिक भक्तिमय कथा का शुभारंभ बाल कृष्ण शर्मा,व गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश पंवार ने फीता काटकर एवं आरती कर किया। कथावाचक प्रदीप आनंद जी महाराज ने कहा कि जिन घरों और नगरों में साधु-संतों का सत्संग होता है, वे लोग बड़े भाग्यशाली होते है। हरीश पंवार ने कहा कि सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होते हुए सतगुरु रविदास महाराज व बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। बीजेपी नेत्री नादिया हसन ने कहा कि संत रविदास जी ने भक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। हम सबको उनके बताये सदमार्ग पर चलते हुए समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। इस दौरान डॉ. दीपक सैनी, नितिन गोयल, आर्यन सैनी, मास्टर संदीप, मेघराज, संदीप, सुषमा, निर्मला,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मुजफ्फरनगर नवीन मंडी में नए गुड़ की आवक शुरू, 2100 प्रति मन खुला भाव

## व्यापारियों, किसानों और मजदूरों में खुशी की लहर



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मुजफ्फरनगर। नवीन मंडी स्थल में नए गुड़ की आवक का शुभारंभ हो गया। नए गुड़ की पहली बिक्री रजत सिंघल द्वारा की गई, जिसकी शुरुआत सोनू सिंघल ने कराई। नए गुड़ का शुरुआती भाव ?2100 प्रति मन खुला।इस अवसर पर नवीन मंडी व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अंचित मित्तल, उपाध्यक्ष मनीष चौधरी, उपाध्यक्ष भारत सिंघल, कुलवंत सिंह काकण, कमरुद्दीन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, किसान एवं मजदूर मौजूद रहे। नए गुड़ की आवक शुरू होने से नवीन मंडी में व्यापारिक गतिविधियों में उत्साह देखने को मिला। किसानों, व्यापारियों और मजदूरों में खुशी की लहर है। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में गुड़ की आवक बढ़ने से मंडी में कारोबार को और गति मिलेगी।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हॉली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज को मिला सम्मान

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



मुजफ्फरनगर। जड़ौदा स्थित हॉली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए Excellence in Students Developing Award से सम्मानित किया गया। यह सम्मान NISA (National Independent Schools Alliance) द्वारा आयोजित School Leadership Summit–Uttarakhand 'MANTHAN 2.0' में प्रदान किया गया। सम्मेलन में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेंद्र दहिया एवं रीता दहिया को विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, संस्कार, रचनात्मकता एवं जीवन-कौशल के विकास के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

सम्मान ऱ्ध्र्ैं के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा, मेजर जनरल वी.एन. चतुर्वेदी एवं उत्तराखंड के विभिनन्‍ स्कूल एसोसिएशनों के पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया।

MANTHAN 2.0 में देश के 22 राज्यों से स्कूल संचालकों, शिक्षाविदों एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। सम्मेलन में NEP 2020, भविष्य के शिक्षक एवं विद्यार्थी, Beyond Marks, विद्यार्थी नेतृत्व, कौशल विकास, नवाचार, तकनीक एवं ़ै्द, मूल्य-आधारित शिक्षा तथा विद्यालयों के समग्र विकास जैसे विषयों पर चर्चा हुई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों को केवल बेहतर शिक्षा देने तक सीमित न रखते हुए उन्हें नेतृत्व, आत्मविश्वास, संस्कार, रचनात्मकता और जिम्मेदार नागरिकता के लिए तैयार करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# आजाद समाज पार्टी की सरकार बनी तो शिक्षा-चिकित्सा होगी मुफ्त

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

चिलकाना। नगर के मोहल्ला मंदिर जी स्थित वार्ड-12 में आजाद समाज पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पश्चिमी जोन प्रभारी राजन गौतम ने कहा कि पार्टी की सरकार बनने पर शिक्षा और चिकित्सा को मुफ्त किया जाएगा, ताकि गरीब और मजदूर परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके और कोई व्यक्ति इलाज के अभाव में जान न गंवाए। वहीं जिलाध्यक्ष सचिन खुराना ने कहा कि दलित-मुस्लिम गठबंधन बनने पर प्रदेश में पार्टी की सरकार बन सकती है और चंद्रशेखर आजाद मुख्यमंत्री बन सकते हैं। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष शाहनवाज



खान, गौरव नल्हेड़ा, साकिब राणा, एडवोकेट ताबिस सहित कई कार्यकर्ताओं ने विचार रखे। आयोजक इजहार मलिक को चिलकाना नगर का नगर प्रभारी नियुक्त किया गया। इस दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# खनन परिवहन को लेकर ग्रामीणों व क्रेशर संचालकों में बनी सहमति

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

चिलकाना। गांव आल्हनपुर से होकर गुजरने वाले खनन वाहनों के परिवहन को लेकर ग्रामीणों और स्टोन क्रेशर संचालकों के बीच चल रहा विवाद सोमवार को समाप्त हो गया। एसडीएम सदर व पुलिस की मौजूदगी में हुई बैठक में दोनों पक्षों के बीच सशर्त खनन परिवहन पर सहमति बन गई। ज्ञात हो कि ग्रामीणों ने खनन वाहनों का आवागमन बंद कराने को लेकर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने के साथ धरना-प्रदर्शन किया था और मार्ग पर लोहे के पिलर लगा दिए थे। एस डी एम सदर सुबोध कुमार ने बताया की सहमति के अनुसार खनन वाहनों का संचालन रात आठ बजे से सुबह पांच बजे तक होगा। आल्हनपुर से केवल खाली वाहन गुजरेंगे, जबकि भरे हुए वाहन दभेड़ा कलां मार्ग से जाएंगे। आबादी क्षेत्र में वाहनों की गति 20 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। मार्ग पर गति सीमा के होर्डिंग लगाने के साथ पानी का छिड़काव और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। क्रेशर संचालकों ने ग्रामीणों की सभी शर्ते मान ली है।

# 70वीं प्रदेशीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**प्रातः काल एक्सप्रेस**




सहारनपुर। 19 से 23 सितंबर तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिनन्‍ जनपदों से आए खिलाडि़यों ने प्रतिभाग कर रहे हैं। भारोत्तोलन प्रतियोगिताङ के अंतर्गत बालिका वर्ग में अंडर-17 की 63 किग्रा भारवर्ग में मुरादाबाद की कोमल ने प्रथम, मिर्जापुर की अनुप्रिया यादव ने द्वितीय तथा सहारनपुर की मोहिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 की 69 किग्रा भारवर्ग में गोरखपुर की ममता प्रजापति ने प्रथम, मिर्जापुर की अनुराधा यादव ने द्वितीय तथा सहारनपुर की हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-19 की 63 किग्रा भारवर्ग में आगरा की शिवानी ने प्रथम, मुरादाबाद की अननयना कश्यप ने द्वितीय तथा सहारनपुर की मिस्बाह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 की 69 किग्रा भारवर्ग में मुरादाबाद की शीतल ने प्रथम, आगरा की कृष्णा कुमारी ने द्वितीय तथा कानपुर की रोशनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाडि़यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल भावना का परिचय दिया।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को काले झंडे दिखाकर विरोध करेगी भाकियू रक्षक

## फ्लाईओवर ब्रिज बनने तक रहेगा संघर्ष जारी - चौधरी वीरेंद्र सिंह

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

सहारनपुर।नागल मंगलवार सुबह कस्बे के बस अड्डे पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के स्वागत के दौरान भाकियू रक्षक के कार्यकर्ता भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को काले झंडे दिखा कर उनका विरोध करेगी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कस्बे के बस अड्डे पर सड़क हादसे में दर्जनों से भी अधिक लोग अपनी जान गवा चुके हैं।उनका संगठन कई वर्षों से बस अड्डे पर फलाई ओवर ब्रिज बनवाने की मांग को लेकर धरने प्रदर्शन कर शासन प्रशासन से मांग कर चुका है, लेकिन प्रशासन के द्वारा बार-बार आश्वासन ही दिया जा रहा है, उन्होंने बताया कि उनका संघर्ष फलाई ओवर ब्रिज बनने तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह मंगलवार सुबह कस्बे के बस अड्डे पर होने वाले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के दौरान उनके कार्यकर्ता उन्हें काले झंडे दिखाकर अपना विरोध करेंगे।



# थाना गंगोह पुलिस ने जानलेवा हमले के 2 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किए

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। सोमवार को वादी अरविन्द कुमार पुत्र सत्यपाल, क्षेत्रीय लेखपाल अतिरिक्त क्षेत्र सराजपुर तकीपुर तहसील नकुड़ द्वारा थाना गंगोह पर तहरीर दी गई थी कि अभियुक्तों ने एक राय होकर सरकारी कार्य में बाधा डाली, राजस्व टीम व पुलिस पार्टी का विरोध किया तथा थाना गंगोह पर नियुक्त मुख्य आरक्षी के सिर पर जान से मारने की नियत से डंडे से वार कर मारपीट की।

तहरीर के आधार पर थाना गंगोह पर मु.अ.सं. 245/26 धारा 191(2)/191(3)/115(2)/121(2)/109(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत एसपी ग्रामीण व सीओ गंगोह के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक इन्द्रेश कुमार के नेतृत्व में थाना गंगोह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 2 अभियुक्तों को यमुना नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त

1. श्यामकुमार उर्फ सुक्खा पुत्र बदलूराम निवासी ग्राम बानूखेड़ी थाना गंगोह

2. साहिल पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम बानूखेड़ी थाना गंगोह पुलिस ने दोनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू की है।



# संयम दिवस व धूप दशमी पर श्रद्धालुओं ने किया धर्मलाभ



**प्रातः काल एक्सप्रेस**

चिलकाना। संयम दिवस एवं धूप दशमी के अवसर पर जैन मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर पंडित तनिष्क शास्त्री ने संयम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संयम वह शक्ति है, जिसके माध्यम से मनुष्य अपनी इंद्रियों को वश में कर जीवन को उत्कृष्ट बना सकता है।दोपहर में मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से धूप अर्पित की गई। वहीं शांति धारा का आयोजन जिनेंद्र जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। राकेश जैन, तरसेम जैन , मननू जैन, अनुपम जैन, अनुज जैन, श्रेयांश जैन, नीरज जैन, नितिन जैन, रक्षित जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्मलाभ अर्जित किया।



# नोरा फतेही

## ने किस शर्त पर बिग बॉस के लिए हां कहा था, एक्ट्रेस ने सालों बाद किया खुलासा

बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही ने कम समय में बड़ा नाम कमा लिया है और अब वे दुनियाभर में जानी जाती हैं. लेकिन आउटसाइडर होने के नाते नोरा फतेही को भी करियर की शुरुआत में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था. उन्होंने कुछ वर्क एसाइनमेंट्स लिए थे जिनके लिए उन्हें कभी भी कोई पैसे नहीं दिए गए. इसकी वजह से एक्ट्रेस जरा फ्रस्टेट रहती थीं और इंडस्ट्री में इनसिक्योर भी फील करने लगी थीं. उन्होंने कुछ गाने किए थे जिनके पैसे उन्हें नहीं दिए गए थे. ऐसे में जब उन्हें बिग बॉस का ऑफर आया तो उन्होंने मना कर दिया था.

एक्ट्रेस ने सीधे तौर पर कहा था कि इंडस्ट्री में उनके काम की वैल्यू नहीं समझी जा रही है और वे फिलहाल कोई भी प्रोजेक्ट बिना किसी गारंटी के साइन नहीं करना चाहती थीं. लेकिन उन्होंने जब गंभीरता से सोचा तो एक डील पर अपनी हामी भरी और इसके बाद उनके लिए सफलता के रास्ते भी खुल गए.

**नोरा फतेही ने क्या कहा ?**

नोरा फतेही ने कहा- मैंने कई गाने किए लेकिन मुझे इसकी पेमेंट नहीं मिल रही थी. प्रोड्यूसर्स ने एजेंसी को पे कर भी दिया होगा तो मेरे पास तक पैसा नहीं पहुंचा.




मुझे पेमेंट के लिए इंतजार करना पड़ता था. मैं इसके लिए पागलों की तरह लड़ रही थी. इस दौरान ही मेरे पास एक कॉल आती है और मुझसे पूछा गया कि क्या मैं बिग बॉस करूंगी. मैंने उनसे कहा कि नहीं मैं कुछ नहीं करना चाहती हूं आप लोग मेरे विजन को नहीं समझ रहे हैं और ब्ला ब्लाज फिर जब उन्होंने मुझे बताया कि इसके लिए मुझे इतने रुपये मिलेंगे तब जाकर मैं रुकी और मैंने ओके कहा.

**नोरा ने शो के बदले शो की रखी शर्त**

नोरा फतेही ने इस दौरान शो के बदले शो की शर्त रखी. उन्होंने कहा- ये कोई बुरी चीज नहीं है. ये एक प्लेटफॉर्म है. और अगर आप स्मार्ट हैं तो ये प्लेटफॉर्म आपको घर-घर में फेमस कर देगा. ऊपर से शो में मेरी वाइल्ड कार्ड एंट्री थी और मैं उसमें बहुत ज्यादा दिनों तक टिकने वाली नहीं थी. तो मैंने सोचा कि क्यों ना इसे किसी और शो से एक्सचेंज कर लिया जाए. मैं दिल से झलक दिखला जा करना चाहती थी और वो चैनल भी एक ही था. तो मैंने उनसे कहा कि आप मुझे झलक दे दीजिए और मैं इसके बदले में बिग बॉस कर लूंगी. और मुझे बदले में झलक शो मिल गया. नोरा अब टीवी ही नहीं बल्कि बॉलीवुड की भी बड़ी एक्ट्रेस बन गई हैं.

## मुश्किल से 1 करोड़ कमा पाई करीना कपूर की दायरा, कुणाल खेमू की वाइब रही आगे, कितना हुआ कलेक्शन?




सिनेमाघरों में नई फिल्मों का आगमन हुआ है. लेकिन पहले से ही कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर के दिखा रही हैं. इन फिल्मों में हनुमान अंश और मिर्जापुर द मूवी का नाम शामिल है. दोनों ही फिल्मों को ऑडियंस का पूरा सपोर्ट मिल रहा है. यही वजह है कि सिनेमाघरों में करीना कपूर की दायरा और कुणाल खेमू की वाइब फिल्म को लेकर ऑडियंस की कोई खास दिलचस्पी नजर नहीं आई है. करीना फिल्म इंडस्ट्री का नामी चेहरा हैं. ऊपर से फिल्म में साउथ के बड़े स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं. लेकिन इन दोनों कलाकारों की उपस्थिति और ट्रेलर को मिला जोरदार रिस्पॉन्स भी इस फिल्म की नैया पार लगाता नजर नहीं आ रहा है.

वहीं कुणाल खेमू की वाइब से उतने ज्यादा कलेक्शन की उम्मीद नहीं थी लेकिन इसके बाद भी इस फिल्म ने कमाई के मामले में करीना की दायरा फिल्म को पीछे छोड़ दिया है. यही बात इस फिल्म के कलेक्शन को यूनिक बनाती है. आइये जानते हैं कि बॉक्स ऑफिस पर आई इन दोनों फिल्मों का हाल कैसा है.

**करीना की दायरा ने कितने कमाए ?**

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर की फिल्म दायरा ने सिनेमाघरों में पहले दिन सैकनिल्क की रिपोर्ट्स के मुताबिक नेट कलेक्शन के मामले में 90 लाख रुपये कमाए हैं. वहीं इस फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1.08 करोड़ रुपये का रहा है. फिल्म को कुल 2283 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था. वहीं बात करें वाइब फिल्म की तो इसने रिलीज के पहले दिन नेट कलेक्शन के मामले में 1.50 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. वहीं दूसरी तरफ फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1.80 करोड़ रुपये का रहा है. इस फिल्म ने करीना की दायरा को पीछे छोड़ दिया है. हालांकि कलेक्शन तो दोनों ही फिल्मों का कम ही माना जाएगा. अब पहले वीकेंड पर भी कोई चमत्कार ही दोनों फिल्मों की कमाई में खास इजाफा ला सकता है.

दायरा फिल्म की बात करें तो ये एक मिस्ट्री-क्राइम-थ्रिलर फिल्म थी जिसमें करीना कपूर लीड महिला पुलिस अफसर के रोल में नजर आई हैं. वहीं दूसरी तरफ फिल्म में उनके अपोजिट पृथ्वीराज सुकुमारन भी नजर आए. ट्रेलर के पसंद किए जाने के बाद भी फिल्म की पहले दिन की कमाई काफी निराशाजनक रही. वहीं दूसरी तरफ बात करें अगर वाइब फिल्म की तो इसमें कुणाल खेमू लीड रोल में हैं. वहीं फिल्म में प्रीति जिंटा और यशपाल शर्मा भी अहम रोल में हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म का बजट 35 करोड़ का है. ऐसे में फिल्म के लिए ये स्टार्ट चिंताजनक कही जा सकती है. उससे भी बड़ी बात तो ये है कि हनुमान अंश और मिर्जापुर फिल्म का जैसा कलेक्शन देखने को मिल रहा है उस हिसाब से दायरा और वाइब की आगे की राह भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं होगी.

## क्या भाभी कैटरीना कैफ की बहन इसाबेल को डेट कर रहे हैं सनी कौशल? शरवरी से हो चुका है ब्रेकअप




जेनिफर विंगेट की शादी एक बार फिर सुर्खियों में है. एक्ट्रेस ने कुछ महीने पहले यूके में विलियम इश्माएल के साथ शादी की थी. जेनिफर ने अपनी इंटिमेट चर्च वेडिंग की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की थीं. अब उनकी शादी से जुड़ी कुछ नई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जो गोवा में हुए एक अलग सेलिब्रेशन के हैं. इन तस्वीरों में फैंस को शादी के जश्न का एक और खूबसूरत अंदाज देखने को मिल रहा है.

यूके में हुई शादी के दौरान जेनिफर और विलियम ने चर्च में क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी की थी. वहीं, गोवा में हुए सेलिब्रेशन में दोनों ट्रेडिशनल इंडियन आउटफिट में नजर आए. इस खास मौके पर टीवें सामने आई थीं. हालांकि, करण ने उस वक्त इन खबरों को खारिज कर दिया था. जेनिफर और करण वाही वेब सीरीज 'राइजिंगहानी वर्सेज राइजिंगहानी' में साथ काम कर चुके हैं और दोनों की अच्छी दोस्ती है. ऐसे में जेनिफर के गोवा सेलिब्रेशन में करण की मौजूदगी उनकी दोस्ती को दिखाती है.

**जेनिफर विंगेट की दूसरी शादी**

विलियम इश्माएल के साथ जेनिफर की ये दूसरी शादी है. इससे पहले उन्होंने एक्टर करण सिंह ग्रोवर से 2012 में शादी की थी. दोनों की शादी ज्यादा समय तक नहीं चली और 2014 में दोनों अलग हो गए थे. इसके बाद करण सिंह ग्रोवर ने एक्ट्रेस बिपाशा बसु से शादी की. दोनों की एक बेटी भी है.

**कैसे शुरू हुआ था शरवरी-सनी का रिश्ता ?**

दरअसल सनी कौशल और शरवरी वाघ का रिश्ता साल 2020 में वेब सीरीज 'द फॉरगॉटन आर्मी' की शूटिंग के दौरान शुरू हुआ था.

उसी सीरीज के सेट पर दोनों की मुलाकात हुई थी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों की साथ काम करते हुए गहरी दोस्ती हुई, जो प्यार में बदल गई. पर साल 2025 में ब्रेकअप होने की खबर सामने आ गई. हाल ही में एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि शरवरी के तेजी से बढ़ते करियर की वजह से सनी कौशल काफी इनसिक्योर हो गए थे. जिसके चलते रिश्ते में दूरियां आ गईं.

# दीपिका पादुकोण

## रणवीर के घर गूंजी किलकारी, एक्ट्रेस ने बेटी को दिया जन्म



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार पेरेंट्स बन गए हैं. कपल के घर फिर से लक्ष्मी का जन्म हुआ है. जी हां, दीपिका ने बेबी गर्ल को जन्म दिया है. इस बात की जानकारी खुद कपल ने सोशल मीडिया के जरिए




फैंस के साथ शेयर की है. दीपिका-रणवीर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया, जिसमें बेबी का फुट बना हुआ है. इसमें लिखा है 'वेलकम बेबी गर्ल'. फोटो में बर्थ डेट भी लिखी है. जिसके मुताबिक, दीपिका ने 19 सितंबर को बेटी को जन्म दिया है.दीपिका और रणवीर की इस पोस्ट पर फैंस से लेकर सेलेब्स भी उन्हें बधाई दे रहे हैं. कपल का पूरा कमेंट सेक्शन बधाईयो से भर गया है. बता दें कि, रणवीर और दीपिका की पहले से एक बेटी है, जिसका नाम दुआ है. अभी हाल ही में दुआ 2 साल की हुई है. वहीं, अब दीपिका ने 2 साल अब कपल के घर में एक और नन्हीं परी आ गई है.

**सेलेब्स दे रहे कपल को बधाई**

दीपिका और रणवीर की दूसरी बेटी होने पर सेलेब्स कपल को बधाई दे रहे हैं. भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने लिखा- आप दोनों को बहुत-बहुत बधाई. इसके अलावा अंगद बेदी ने लिखा- बाबा सुख रखे, एक और देवी. मल्लिका दुआ ने कमेंट किया- 'दो बेटियां होना बहुत सौभाग्य की बात है.' मसाबा गुप्ता ने लिखा- दो-दो बेटियां, इससे ज्यादा और क्या ही चाहिए.

**दूसरी बार पेरेंटस बने रणवीर-दीपिका**

बता दें कि, दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह साल 2018 में इटली के लेक कोमो स्थित खूबसूरत विला डेल बालबिएनेलो में हुई थी. शादी के 5 साल बाद साल 2024 में एक्ट्रेस ने पहली बेटी दुआ का जन्म दिया था. वहीं, 2025 में कपल ने दूसरी प्रेगनेंसी का ऐलान किया था. अब 19 सितंबर 2026 को दीपिका और रणवीर के घर फिर से एक नन्हीं परी आ गई है.

## विकास की गति सुरक्षित रखते हुए जलवायु परिवर्तन का सामना करने की क्षमता बढ़ाने की जरूरतः राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि संधारणीय वनीकरण का वास्तविक लक्ष्य केवल 'पेड़ लगाना' नहीं बल्कि स्वस्थ और स्वःनिर्भर पारिस्थितिक तंत्रों को फिर से स्थापित करना है। राष्ट्रपति ने यह बात आज दिल्ली में राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा 'पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन का भविष्य' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में कही। उन्होंने कहा, हमें पारंपरिक ज्ञान पर आधारित लोक केन्द्रित एवं समुदाय आधारित अनुकूलन तरीकों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन का सामना करने की क्षमता को सुदृढ़ करने के प्रयास करने चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव अस्तित्व के अनेक स्तरों पर असंतुलन पैदा करता है। जैव-विविधता का ह्रास, जल संकट और भू-क्षरण जैसी समस्याएं इससे गहराई से जुड़ी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन के खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका पर भी गंभीर प्रभाव सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी जटिल चुनौती का समुचित प्रकार से सामना करने के लिए नीतियों और कार्रवाई का एक सुगठित ढांचा आवश्यक है।

## बंगाल में 'माओ ब्रिगेड' पर शिकंजा, गिरफ्तार माओवादी दंपत्ति को आठ दिनो की पुलिस रिमांड

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सक्रिय माओवादी नेटवर्क के खिलाफ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के शालबनी थानांतर्गत सरबेड़िया गांव से पुलिस ने माओवादी दंपती को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पतित माहातो उर्फ पप्पू उर्फ मंगल उर्फ समीर उर्फ पांडे और उसकी पत्नी मलिना मुर्मू उर्फ मालती उर्फ माला के रूप में हुई है।दोनों को आज अदालत में पेश किया गया। अदालत ने मामले की जांच और पूछताछ के लिए दोनों को आठ दिनों की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हाल ही में माओवादी आकाश की गिरफ्तारी के बाद मंगल और मालती जंगल में अपने हथियार छोड़कर एक गिरफ्तार साथी के रिश्तेदार के घर में छिप गए थे। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार को शालबनी के सरबेड़िया गांव में अभियान चलाकर दोनों को अपने कब्जे में लिया।

## युवा प्रश्न पूछें, संवाद से जुड़ें और उनके भीतर की संवेदना को समझें : दत्तात्रेय होसबाले

**भोपाल।** राष्ट्रीय संस्थान छात्र संवाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि नई पीढ़ी का प्रश्न पूछना भारतीय परंपरा का हिस्सा है। युवाओं के प्रश्नों को सुनने, समझने और संवाद के माध्यम से उत्तर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी युवा को उसके बाहरी स्वरूप या विचारों के आधार पर देखने के बजाय उसके भीतर की संवेदना और सकारात्मक शक्ति को समझना चाहिए। समाज सेवा न्यास द्वारा आयोजित संवाद में लगभग 250 विद्यार्थी एवं प्राध्यापक शामिल हुए। कार्यक्रम में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के साथ मध्यभारत प्रांत संघचालक अशोक पांडेय तथा भोपाल विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर मंचस्थ रहे। भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पार्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद राम जन्मभूमि संघर्ष पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, प्रशासनिक, तकनीकी और राष्ट्रीय विषयों से जुड़ी 11 जिज्ञासाएं रखीं।

## एटीएस ने अंबरनाथ में पाकिस्तानी पासपोर्ट सहित एक शख्स को गिरफ्तार किया

**मुंबई।** एंटी टेरोरिस्ट स्कॉड (एटीएस) की टीम ने अंबरनाथ के मंगलगढ़ इलाके सेपाकिस्तान और भारत दोनों देशों के पासपोर्ट सहित एक शख्स को गिरफ्तार किया है। इस मामले की गहन छानबीन एटीएस टीम कर रही है। इस मामले की छानबीन कर रहे अधिकारी ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपित की पहचान 38 वर्षीय चांद अली अब्दुल रशीद सैयद के रुप में की गई है। चांद अली ने वर्ष 2009 में भारतीय पासपोर्ट बनवाया था। इसके बाद वह पाकिस्तान चला गया। आरोप है कि पाकिस्तान में उसने अपनी भारतीय नागरिकता से जुड़ी जानकारी छिपाई और 'चांद अली रशीद अली' नाम से कथित फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पाकिस्तानी पासपोर्ट हासिल किया। इसके बाद चांद अली पाकिस्तानी पासपोर्ट के आधार पर भारत में दाखिल हुआ और अंबरनाथ में रहने लगा। भारत लौटने के बाद वर्ष 2024 में उसने अपनी पुरानी जानकारी छिपाकर पान कार्ड, डोमिसाइल और अन्य दस्तावेजों के आधार पर दोबारा भारतीय पासपोर्ट हासिल किया।

# दूरसंचार विभाग ने दी चेतावनी

### सिम के दुरुपयोग पर 3 साल तक की जेल और 50 लाख रुपए तक का भरना पड़ सकता है जुर्माना

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सोमवार को नागरिकों को सिम कार्ड और दूरसंचार पहचानकर्ताओं के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी दी। विभाग ने कहा कि दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत उल्लंघन करने पर तीन साल तक की जेल और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना भरना पड़ा सकता है। विभाग ने यह सलाह छत्तीसगढ़ में सिम जारी करने वाले एक फर्जीवाड़े का पता चलने के बाद जारी की गई है। इस मामले में नागरिकों के पहचान दस्तावेजों का इस्तेमाल उनकी जानकारी या सहमति के बिना मोबाइल कनेक्शन सक्रिय करने के लिए किया गया था। दूरसंचार विभाग के अनुसार, राज्य में एक प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) एजेंट ने नागरिकों के पहचान दस्तावेजों



का उनकी जानकारी या सहमति के बिना इस्तेमाल कर 25 सिम कार्ड सक्रिय किए थे।

विभाग ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के साथ मिलकर संबंधित पीओएस एजेंट को ब्लैकलिस्ट कर दिया। इसके बाद यह आउटलेट भविष्य में मोबाइल कनेक्शन जारी नहीं कर सकेगा।

संचार मंत्रालय ने कहा, 'हाल की साइबर अपराध जांच में ऐसे कुछ मामले सामने आए हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ के एक प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) एजेंट ने नागरिकों के पहचान दस्तावेजों का उनकी जानकारी या सहमति के बिना इस्तेमाल कर 25 मोबाइल कनेक्शन (सिम) अवैध रूप से सक्रिय किए।' इसके बाद इन 25 मोबाइल नंबरों की डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) के जरिए जांच की गई। यह दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित एक प्रणाली है, जिसका इस्तेमाल संदिग्ध दूरसंचार गतिविधियों का पता लगाने के लिए किया जाता है।

सार्वजनिक सलाह जारी करते हुए दूरसंचार विभाग ने दोहराया कि सिम कार्ड जारी करने में धोखाधड़ी, दूरसंचार पहचानकर्ताओं का दुरुपयोग और इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी (आईएमईआई) नंबरों से छेड़छाड़, दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत गंभीर अपराध हैं। विभाग ने कहा कि ऐसे उल्लंघनों पर तीन साल तक की जेल के साथ-साथ 50 लाख रुपए तक का आर्थिक दंड लगाया जा सकता है। यह सलाह साइबर अपराध, डिजिटल धोखाधड़ी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में दूरसंचार संसाधनों के बढ़ते दुरुपयोग को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है।

## जयराम रमेश का महंगाई पर मोदी सरकार पर तंज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि देश में खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के बावजूद मोदी सरकार महंगाई पर चुप है। उन्होंने कहा कि दाल, मसाले, खाद्य तेल और प्याज के बढ़ते दामों ने गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रमेश ने सरकार से महंगाई पर तत्काल सख्त कदम उठाकर आम जनता को राहत देने की मांग की है। रमेश ने सोमवार को एक्स पर पिछले एक महीने में मसालों की कीमतों में 10 से 25 फीसदी तक बढ़ोतरी का दावा किया। उन्होंने कहा कि छोटी इलायची 4,000 रुपये से बढ़कर 4,400 रुपये, बड़ी इलायची 2,400 से 2,800 रुपये, जीरा 360 से 400 रुपये और जावित्री 2,500 से बढ़कर 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। उन्होंने कहा कि अरहर दाल 100 रुपये से बढ़कर 130 रुपये, चना दाल 70 से 100 रुपये और उड़द दाल 120 से बढ़कर 140 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसी तरह सरसों तेल 190 रुपये से बढ़कर 210 रुपये और सफोला तेल 240 से बढ़कर 280 रुपये प्रति लीटर होने का दावा किया। रमेश ने कहा कि जून से सितंबर के बीच प्याज की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 29.50 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 53.78 रुपये प्रति किलो हो गई। उन्होंने इसे करीब 82.3 फीसदी की बढ़ोतरी बताते हुए कहा कि महंगाई के कारण गरीब परिवारों के घरों में दाल और जरूरी खाद्य सामग्री पहुंच से बाहर हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को अनियंत्रित महंगाई पर तत्काल सख्त कदम उठाने चाहिए।

## ममता बनर्जी ने टीएमसी के नाम और चुनाव चिह्न पर रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई की मांग की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच चल रहे विवाद के बीच पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न को जब्त करने के भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के फैसले को चुनौती देने वाली अपनी याचिका को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के सामने मामला रखते हुए ममता बनर्जी की ओर से पेश हुए सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने याचिका को जल्द लिस्ट करने की मांग की। सिब्बल ने कहा कि ईसीआई उपचुनाव का नोटिफिकेशन जारी करते हैं और नोटिफिकेशन के बीच में ही सिंबल को फ्रीज कर



देते हैं। हम चाहते हैं कि इसे जल्द लिस्ट किया जाए। इस पर सीजेआई ने कहा कि विरोधी पक्ष की भी अपनी बातें होंगी और भरोसा दिलाया कि मामले को लिस्ट करने पर विचार किया जाएगा। सीजेआई कांत ने कहा कि दोनों पक्षों को कुछ न कुछ कहना होगा। जब मामला लिस्ट हो जाए, तब बहस कीजिएगा। हम इसे लिस्ट करने की कोशिश करेंगे। यह याचिका ममता बनर्जी ने ईसीआई के उस अंतरिम फैसले को चुनौती देते हुए दायर की है, जिसमें पार्टी के विरोधी गुटों के बीच विवाद के चलते ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस नाम और उसके आरक्षित फूल और घास चुनाव चिह्न को फ्रीज कर दिया गया था। ईसीआई ने गुरुवार को एक अंतरिम आदेश जारी कर दोनों गुटों को टीएमसी के मौजूदा नाम और चिह्न का इस्तेमाल करने से रोक दिया था। आयोग ने पाया कि दो विरोधी गुट मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी होने का दावा कर रहे थे और इस विवाद के लिए 'चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968' के पैरा 15 के तहत ठोस फैसले की जरूरत थी। इसके बाद चुनाव आयोग ने आगामी उपचुनावों के लिए दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चिह्न आवंटित किए। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस नाम और फुटबॉल खिलाड़ी का चिह्न दिया गया, जबकि विरोधी गुट को डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस नाम और लिफाफा चिह्न दिया गया।

ईसीआई की यह अंतरिम व्यवस्था पश्चिम बंगाल में 6 अक्टूबर को होने वाले उपचुनावों पर लागू होती है, जिसमें नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। ममता के नेतृत्व वाले गुट ने ईसीआई के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में विवाद पर अंतिम फैसला होने तक पार्टी के स्थापित नाम और चिह्न को फ्रीज करने पर सवाल उठाया गया है।

## ओम बिरला ने तेजाजी महाराज और लोक देवता बाबा रामदेव को किया नमन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को राजस्थान की लोक आस्था और वीरता की गौरवशाली परंपरा के प्रतीक, वीर तेजाजी महाराज की दशमी और जन-जन के आराध्य लोक देवता बाबा रामदेव की जयंती पर उन्हें नमन किया। बिरला ने एक्स पर लिखा, वीर तेजाजी महाराज का जीवन सत्य, वचन-पालन, साहस, त्याग और जन-कल्याण की प्रेरणा देता है। सदियों से राजस्थान के लोगों के दिलों में तेजाजी के प्रति जो अटूट श्रद्धा रही है, वह हमारी समृद्ध लोक-संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रमाण है। आज तेजा दशमी के अवसर पर, राज्य भर में श्रद्धालु तेजाजी के पवित्र स्थलों पर जाकर उनकी पूजा-अर्चना करते हैं और सुख, शांति व समृद्धि की कामना करते हैं। वीर तेजाजी महाराज का आशीर्वाद सभी पर बना रहे, हर परिवार सुख-शांति और समृद्धि से परिपूर्ण हो तथा राज्यवासियों के जीवन में खुशहाली आए यही हमारी हार्दिक कामना है। उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव की व्यापक लोकप्रियता केवल धार्मिक आस्था तक ही सीमित नहीं है उनका जीवन सभी के लिए एक प्रेरणा-पुंज है, जो सामाजिक समरसता, समानता,




भाईचारे, सेवा और मानव-कल्याण की सीख देता है। राजस्थान, गुजरात और देश के कई अन्य हिस्सों की लोक-परंपराओं में बाबा का विशेष स्थान है और देश भर से श्रद्धालु उनके प्रति अपनी आस्था प्रकट करने के लिए रामदेवरा आते हैं। बाबा की कृपा सब पर बनी रहे और समाज में प्रेम, सद्भाव, शांति और आपसी सम्मान की भावना और मजबूत हो।

## 'धर्म मनुष्य को कल्याण और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करता है',पीएम मोदी ने साझा किया सुभाषित

### संस्कृत श्लोक के माध्यम से पीएम ने क्षमा, विद्या और अहिंसा को लेकर संदेश दिया है।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से धर्म के माध्यम से कल्याण और उन्नति का संदेश देते हुए सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सुभाषित साझा किया गया है। संस्कृत श्लोक के माध्यम से पीएम ने क्षमा, विद्या और अहिंसा को लेकर संदेश दिया है। प्रधानमंत्री की ओर से संस्कृत श्लोक, 'एको धर्मः परं श्रेयः क्षमैका शान्तिरुत्तमा। विद्यैका परमा तृप्तिरहिंसैका सुखावहा॥ साझा किया गया है, जिसका हिंदी भावार्थ है कि धर्म मनुष्य को कल्याण और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करता है। क्षमा मानसिक शांति का सर्वोत्तम साधन है। विद्या ही वास्तविक संतोष का मूल आधार है और अहिंसा संसार में स्थाई सुख प्रदान करती है। अतः इन गुणों को आत्मसात कर मनुष्य को अपने जीवन को श्रेष्ठ, शांत और आनंदमय बना सकता है। प्रधानमंत्री की ओर से यह श्लोक



महाभारत के अंतर्गत विदुर नीति (उद्यो पर्व, अध्याय 33, श्लोक 48) से साझा किया गया है। यह श्लोक महात्मा विदुर ने हस्तिनापुर के राजा धृतराष्ट्र को दिए थे। जब धृतराष्ट्र मानसिक अशांति और पुत्र मोह में व्याकुल थे, तब विदुर ने उन्हें नीति, धर्म और जीवन के शाश्वत सत्यों का बोध कराया था। इस श्लोक में जीवन के चार सबसे बड़े और मूल्यवान सत्यों के बारे में बात की गई है। इस श्लोक में कहा गया है कि धर्म का अर्थ किसी संप्रदाय या पूजा-पद्धति से नहीं, बल्कि कर्तव्य-परायणता, नैतिकता, और मानवता से है। इंसान चाहे धन कमा ले, यश पा ले, या सत्ता हासिल कर ले, लेकिन अंत में उसका सच्चा मार्गदर्शक और रक्षक उसका धर्म (सत्य और अच्छे कर्म) ही होता है। यही जीवन का सर्वोच्च कल्याणकारी मार्ग है। श्लोक के माध्यम से कहा गया है कि क्रोध और बदला लेने की भावना मनुष्य के अंदर की शांति को जला देती है। जब किसी की गलती को माफ कर दिया जाता है तो मन द्वेष और तनाव से मुक्त हो जाता है। क्षमा वीरता का भी आभूषण है और मानसिक शांति पाने का सबसे अचूक साधन है। इस श्लोक में कहा गया है कि धन की भूख कभी नहीं मिटती; जितना मिलता है, लालसा उतनी ही बढ़ती जाती है। इसके विपरीत, विद्या (ज्ञान) मनुष्य के अज्ञान को दूर करती है, उसे विवेकशील बनाती है और जीवन में ऐसा संबल देती है कि व्यक्ति हर परिस्थिति में संतुष्ट और आनंदित रहता है। श्लोक में कहा गया है कि हिंसा, द्वेष और कलह हमेशा भय, असुरक्षा और दुख को जन्म देते हैं। जहां अहिंसा और करुणा का वास होता है, वहां समाज में और खुद के जीवन में भी प्रेम, भाईचारा और सच्चा सुख कायम होता है।

# फरक्का जल संधि पर बढ़ी सियासत

### बिहार के बाद बंगाल ने भी केंद्र के सामने रखी अपनी चिंता

**एजेंसी**

**कोलकाता।** भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा जल बंटवारे को लेकर 12 दिसंबर 1996 को हुई फरक्का जल संधि की अवधि इसी साल दिसंबर में समाप्त होने वाली है। संधि के नवीकरण से पहले बिहार और पश्चिम बंगाल ने अपने-अपने हितों और चिंताओं को केंद्र सरकार के सामने रखना शुरू कर दिया है। बिहार में जेडीयू मौजूदा समझौते को उसी स्वरूप में आगे बढ़ाने के बजाय भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई व्यवस्था और वैज्ञानिक समीक्षा की मांग कर रही है, वहीं पश्चिम बंगाल सरकार ने भी स्पष्ट किया है कि किसी भी नई व्यवस्था में राज्य के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्र के समक्ष मुख्य रूप से सूखे मौसम में हुगली नदी में पर्याप्त जल प्रवाह बनाए रखने



का मुद्दा उठाया है। राज्य का कहना है कि फरक्का से पर्याप्त पानी हुगली में पहुंचना जरूरी है, क्योंकि इसका सीधा संबंध हुगली की नौवहन क्षमता और कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट के संचालन से है। जल प्रवाह में कमी होने पर गाद जमने और नौवहन संबंधी समस्याओं का असर बंदरगाह, व्यापार और राज्य की आर्थिक गतिविधियों पर पड़ सकता है। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल ने मालदा, मुर्शिदाबाद और नदिया में लगातार हो रहे नदी कटाव, गाद जमने और बाढ़ की समस्या को भी केंद्र के सामने रखा है। राज्य का तर्क है कि भविष्य की जल व्यवस्था केवल भारत और बांग्लादेश के बीच पानी के बंटवारे तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि नदी के पर्यावरण, बदलते जल प्रवाह, भविष्य की जल जरूरतों और राज्य की विकास संबंधी आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। इन मुद्दों पर राज्य सरकार ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की आंतरिक समिति के समक्ष अपनी रिपोर्ट और चिंताएं रखी हैं तथा भारत-बांग्लादेश ज्वाइंट रिवर्स कमीशन के माध्यम से विस्तृत चर्चा की जरूरत पर जोर दिया है।

वहीं, बिहार में जेडीयू ने फरक्का व्यवस्था को लेकर अलग तरह की चिंता जताई है। पार्टी का कहना है कि गंगा फरक्का पहुंचने से पहले बिहार से होकर गुजरती है, लेकिन जल बंटवारे से जुड़े निर्णयों में राज्य की भूमिका सीधे तौर पर पर्याप्त नहीं है।

### मल्लिकार्जुन खरगे ने एसआईआर प्रक्रिया पर उठाए सवाल

# चुनाव आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को त्रुटिपूर्ण बताते हुए चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया केवल मतदाता सूची के पुनरीक्षण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि इसके प्रभाव लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े सवाल खड़े कर रहे हैं।

खरगे ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि कांग्रेस शुरू से ही एसआईआर प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण बताती रही है। अब जब यह प्रक्रिया दिल्ली में चल रही है, तो इसके प्रभाव अधिक स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय विदेश मंत्री, दिल्ली के उपराज्यपाल, राज्यसभा सांसदों तथा अन्य प्रमुख व्यक्तियों को भी नोटिस जारी किए



गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित एक वैज्ञानिक और पूर्व नौसेना प्रमुख को भी पहले नोटिस दिया जा चुका है। खरगे ने पश्चिम बंगाल का उल्लेख करते हुए दावा किया कि मतदाता सूची से हटाए गए नामों से संबंधित अपीलों पर बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिली और उन्हें फिर से सूची में शामिल

**खरगे ने पश्चिम बंगाल का उल्लेख करते हुए दावा किया कि मतदाता सूची से हटाए गए नामों से संबंधित अपीलों पर बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिली और उन्हें फिर से सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए।**

करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सवाल किया कि यदि बाद में नाम बहाल किए जा रहे हैं तो शुरुआती स्तर पर नाम हटाने का आधार क्या था। कांग्रेस अध्यक्ष ने चुनाव आयोग की हालिया प्रेस विज्ञप्ति में 'वीआईपी' अथवा 'मार्क्ड इलेक्टर्स' के उल्लेख पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि संविधान सभी मतदाताओं को समान अधिकार देता है और 'एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य' लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है। ऐसे में मतदाताओं की किसी विशेष श्रेणी का उल्लेख किए जाने पर आयोग को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में एसआईआर के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं को विसंगतियों के संबंध में नोटिस जारी किए गए हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि नोटिस जारी होने का अर्थ मतदाता का नाम स्वतः हटाया जाना नहीं है और किसी नाम को हटाने से पहले संबंधित मतदाता को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा।

# विकास की गति सुरक्षित रखते हुए जलवायु परिवर्तन का सामना करने की क्षमता बढ़ाने की जरूरतः राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि संधारणीय वनीकरण का वास्तविक लक्ष्य केवल 'पेड़ लगाना' नहीं बल्कि स्वस्थ और स्वःनिर्भर पारिस्थितिक तंत्रों को फिर से स्थापित करना है। राष्ट्रपति ने यह बात आज दिल्ली में राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा 'पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन का भविष्य' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में कही। उन्होंने कहा, हमें पारंपरिक ज्ञान पर आधारित लोक केन्द्रित एवं समुदाय आधारित अनुकूलन तरीकों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन का सामना करने की क्षमता को सुदृढ़ करने के प्रयास करने चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव अस्तित्व के अनेक स्तरों पर असंतुलन पैदा करता है। जैव-विविधता का ह्रास, जल संकट और भू-क्षरण जैसी समस्याएं इससे गहराई से जुड़ी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन के खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका पर भी गंभीर प्रभाव सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी जटिल चुनौती का समुचित प्रकार से सामना करने के लिए नीतियों और कार्रवाई का एक सुगठित ढांचा आवश्यक है। ऐसी व्यवस्था, जिसमें केवल सरकारें और कानूनी विशेषज्ञ ही नहीं बल्कि वे समुदाय भी सक्रिय रूप से भागीदार हों, जिनको जलवायु परिवर्तन सर्वाधिक प्रभावित करता है। ग्रामीण और वनवासी समाज, छोटे किसान, महिलाएं तथा अन्य कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं के प्रति विशेष संवेदनशीलता आवश्यक है क्योंकि प्राकृतिक आपदाओं का सबसे अधिक प्रभाव इन्हीं पर पड़ता है। राष्ट्रपति ने कहा कि पारंपरिक ज्ञान प्रणालियां, स्थानीय समुदायों की प्रथाएं और उनके जीवन के अनुभव जलवायु अनुकूलन की क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें पारंपरिक ज्ञान पर आधारित लोक-केन्द्रित एवं समुदाय आधारित अनुकूलन तरीकों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन का सामना करने की क्षमता को सुदृढ़ करने के प्रयास करने चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सामना करने की क्षमता को बढ़ाने में संधारणीय वनीकरण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जैव विविधता का पोषण करने वाला और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप वनीकरण इसमें सहायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों को ऐसा मार्ग तय करना चाहिए जो विकास की गति को सुरक्षित रखते हुए जलवायु परिवर्तन का सामना करने की क्षमता बढ़ाए। जिम्मेदार जलवायुपरक उपायों की प्रतिबद्धताएं देश की विकास संबंधी आवश्यकताओं और आर्थिक आकांक्षाओं के अनुरूप होनी चाहिए।